सुविचार
जिंदगी साइकिल चलाने के जैसा है, बैलेंस बनाए रखने के लिए आपको चलते रहना होता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


फुकरे 3 के सेट पर अपने पति अली फज़ल को...
12

Ranchi ● Thursdsay, 28 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 251 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,118.69 |
| निफ्टी | : | 19,716.45 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,610 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### बारूदी सुरंग फटने से सेना का एक जवान गंभीर

**RAJOURI :** जिले में नौशहरा सेक्टर की नियंत्रण रेखा पर एक बारूदी सुरंग फटने से सेना का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को सैन्य अधिकारी ने बताया कि नौशहरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर गश्त के दौरान नायक धीरज कुमार मगराती का पैर गलती से एक बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिसके चलते विस्फोट हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि घायल सेना के जवान को तत्काल उत्तरी कमान अस्पताल उधमपुर में भर्ती कराया गया है।

### चतरा में दो सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथ धराए

**CHATRA :** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को चतरा जिले के गिद्धौर ब्लॉक के दो कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनमें पंचायत सचिव कमलेश वर्मा और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक शामिल हैं। दोनों 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत मनरेगा की योजनाओं में भुगतान के नाम पर सूरज साव से घूस ले रहे थे। इस दौरान कार्यालय के पास ही मौजूद एसीबी की हजारीबाग जिले की टीम ने दोनों को पकड़ लिया। सूरज ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में शिकायत सही पाये जाने के बाद मामला दर्ज कर यह कार्रवाई की गई। एसीबी टीम की अगुवाई डीएसपी विमलेश त्रिपाठी कर रहे थे।

### आसियान देशों की महिला सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देगा भारत

**NEW DELHI :** भारतीय सेना ने आसियान देशों के लिए एक 'महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम' शुरू किया है। यह प्रशिक्षण नई दिल्ली के संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र में संयुक्त राष्ट्र ढांचे के तहत दिया जायेगा। भारतीय सेना की यह अनूठी पहल लैंगिक समानता के लिहाज से स्थायी शांति स्थापना के लिए आसियान देशों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल भारत-आसियान संबंधों की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए नवंबर, 2022 में सिएम रीप, कंबोडिया में भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में कई प्रस्ताव रखे थे। इसी में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ 'आसियान' के साथ रक्षा सहयोग को विस्तार देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देने का भी प्रस्ताव था।

# एशियन गेम्स : शूटिंग में भारत का परचम, झोली में पांचवां गोल्ड



## शॉटगन के स्कीट इवेंट में अनंतजीत को सिल्वर
## इंडिया को दो गोल्ड सहित 7 मेडल शूटिंग में मिले

**AGENCY HANGZHOU :** चीन के हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स में चौथे दिन भारत को कुल आठ मेडल मिले। अनंतजीत सिंह शूटिंग के शॉटगन स्कीट में सिल्वर जीता। यह भारत का आज आठवां मेडल था। बुधवार को भारत को 2 गोल्ड सहित 7 मेडल शूटिंग में ही मिले। वहीं 2 गोल्ड के अलावा भारतीय एथलीटों ने 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इससे पहले 25 मीटर पिस्टल में 34 स्कोर के साथ ईशा सिंह ने सिल्वर जीता। इससे पहले सिफत कौर ने 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में वर्ल्ड रिकॉर्ड 469.6 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। आशी चौकसे ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं सेलिंग में विष्णु ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अलावा, शूटिंग के शॉटगन स्किट में अंगद आनंद वीर सिंह बाजवा, अनंत जीत सिंह और गुरजोत सिंह ने टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले भारतीय शूटर मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्दम सांगवान ने 25 मीटर रैपिड पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता। उधर, 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में भारतीय विमेंस टीम सिफत कौर, मिनी कौशिक और आशी चौकसे ने सिल्वर मेडल जीत लिया।

### टेनिस में भारत का मेडल तय, क्वार्टर फाइनल जीता

टेनिस में भारत का एक मेडल पक्का हो गया है। मेंस डबल्स इवेंट में भारत के साकेत मायनेनी और रामनाथन रामकुमार की जोड़ी ने क्वाटर फाइनल जीत लिया है। भारतीय जोड़े ने चीन के वू यीबिंग और झांग झीझेन को 1-6,6-7 के लगातार सेट से हराया। रामकुमार और माइनेनी सेमीफाइनल में सेओंगचान होंग और सूनवू क्वोन से भिड़ेंगे, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी शिंजी हजावा और काइतो उएसुगी को हराया। विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में भारत की अंकिता रैना जापान की हारुका काजी से हार कर बाहर हो गई। काजी ने भारत की अंकिता रैना को 3-6, 6-4, 6-4 से हराया। दूसरी ओर मेंस सिंगल्स में भारत के सुमित नागल क्वाटर-फाइनल मुकाबला हारे। नागल को चीन के झांग झीजेन ने 6-7,6-1,6-2 से हराया। नागल पहले सेट का टाई ब्रेकर जीतने के बाद टॉप सीड खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबले में वापसी नहीं कर सके।

# खालिस्तानी-गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ 6 राज्यों में NIA का छापा

## पिस्टल, गोला-बारूद, डिजिटल डिवाइसेस बरामद, कई हिरासत में

**AGENCY NEW DELHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान व कनाडा सहित पांच मुल्कों में छिपे दहशतगर्दों की जड़ें खोद दी हैं। विभिन्न राज्यों में मौजूद खालिस्तानी आतंकियों व ड्रग तस्कर, गैंगस्टर पर बड़ी चोट की गई है। छह राज्यों में 53 स्थानों पर एक साथ हुई रेड में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मारे गए छापों के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। एनआईए के मुताबिक, 'सूचीबद्ध आतंकवादी' अर्श दल्ला और कई दूसरे खूंखार गैंगस्टरों से जुड़े आतंकवादियों-गैंगस्टरों-ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर प्रहार किया गया है। छापे के दौरान राज्य पुलिस बलों की मदद ली गई। एनआईए की जांच के दायरे में आए कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, सुक्खा दुनेके, हैरी मौर, नरेंद्र उर्फ लाली, काला जठेरी और दीपक टीनू आदि से जुड़े सहयोगियों और उनके ठिकानों पर दबिश दी गई। अगस्त 2022 में दर्ज पांच मामलों में इस तरह की यह सातवीं बड़ी कार्रवाई थी। इसमें जुलाई 2023 में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ दर्ज किए गए दो नए मामले भी शामिल थे।



- पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में एनआईए ने दी दबिश
- पाकिस्तान, कनाडा सहित पांच मुल्कों में छिपे खालिस्तानियों व गैंगस्टर के गठजोड़ पर बड़ी चोट
- 87 बैंक खाते फ्रीज, 13 संपत्तियां भी की गईं जब्त

### विदेश स्थित गुर्गों का संगठित नेटवर्क

एनआईए का मकसद है कि आतंक-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर गठजोड़ को जड़ से खत्म कर दिया जाए। विदेश में बैठे आतंकियों ने भारत के विभिन्न हिस्सों में अपने गुर्गे तैयार किए हैं। वे उनके इशारे पर आपराधिक वारदात करते हैं। इन्हें हथियार और आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए भी एक सिंडिकेट बना हुआ था। ये गिरोह पाकिस्तान, यूएई, कनाडा, पुर्तगाल आदि देशों में स्थित ड्रग तस्करों और आतंकवादियों के साथ काम कर रहे हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि विभिन्न राज्यों की जेलों में भी आपराधिक साजिशें रची जा रही थीं। विदेश स्थित गुर्गों के एक संगठित नेटवर्क द्वारा इन्हें अंजाम दिया जा रहा था। ऐसी ही साजिशों के तहत गत वर्ष पंजाब में महाराष्ट्र के बिल्डर संजय बियानी, खनन व्यापारी मेहल सिंह और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप नांगल अंबिया की सनसनीखेज हत्या कर दी गई थी। एनआईए की जांच के अनुसार, कई अपराधी और गैंगस्टर जो पहले भारत में गिरोहों का नेतृत्व कर रहे थे, हाल के वर्षों में वे विदेश भाग गए हैं। अब वहां से अपनी आतंक और हिंसा संबंधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। वे अपराधी भारत की जेलों में बंद दूसरे अपराधियों के साथ मिलकर वारदात की साजिश रचते हैं। टारगेट किलिंग भी इन्हीं लोगों के द्वारा की जाती हैं। ड्रग्स और हथियारों की तस्करी, हवाला कारोबार व जबरन वसूली के माध्यम से धन एकत्रित किया जाता है।

### नौ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी

जेलों में बंद गैंगस्टर का नेक्सस तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अमृतसर, मोगा, फाजिल्का, लुधियाना, मोहाली, फरीदकोट, बरनाला, भटिंडा, फिरोजपुर, एसएएस नगर, अमृतसर, जालंधर, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद और फरीदाबाद, श्रीगंगानगर, झुंझुनू, हनुमानगढ़, जोधपुर, उत्तर गोरखपुर, देहरादून, उधमसिंह नगर, दिल्ली/एनसीआर में दक्षिण-पूर्व जिले और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के अलावा कई दूसरे स्थानों पर छापेमारी की गई है। एनआईए ने इस बार तक 87 बैंक खाते फ्रीज किए हैं। 13 संपत्तियां कुर्क की हैं। 331 डिजिटल डिवाइस, 418 दस्तावेज और दो वाहन जब्त किए गए हैं। दो भगोड़ों को नामित व्यक्तिगत आतंकवादी घोषित किया गया है। 15 आरोपियों को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया है। 9 अन्य के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी किए गए हैं।

# पंडरा में अपराधियों ने युवक को मारी गोली

## रिम्स में भर्ती, बाइक से पहुंचे थे अपराधी

**CRIME REPORTER RANCHI :** पंडरा थाना क्षेत्र स्थित एलएन मिश्रा कालोनी में रहने वाले युवक मणि सिंह को बुधवार की सुबह अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। मणि सिंह को रिम्स में भर्ती कराया गया है। मणि सिंह को सिर में गोली लगी है। डाक्टरों के अनुसार मणि की स्थिति काफी गंभीर है। गणि के सिर से गोली नहीं निकल पाई है। पंडरा थानेदार का कहना है कि मणि सिंह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी बाइक से दो युवक पहुंचे और मणि को गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस घटना स्थल के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मणि सिंह गुमला का रहने वाला है। वह अपनी दो बहन और एक भाई के साथ रांची में रहता है। मणि अपर बाजर स्थित एक बर्तन दुकान में काम करता है। पुलिस ने मणि के घरवालों को घटना की सूचना दे दी है। मणि की मां बैंग्लोर में काम करती है। जबकि पिता दूसरी शादी कर अलग रहता है। मणि के होश में आने के बाद पुलिस उसका बयान लेगी।

### गांजा पीने के दौरान हुआ था विवाद

पंडरा थानेदार का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मणि सिंह गांजा का सेवन करता है। गांजा पीने के दौरान उसका किसी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद उसे गोली मार दी गई। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मणि सिंह किस किस युवक के साथ उठता बैठता था। पुलिस को उसके कुछ दोस्तों का नाम पता चला है। पुलिस सभी का सत्यापन कर रही है। पुलिस का कहना है कि मणि सिंह के होश में आने के बाद इस बात का खुलासा हो सकता है कि उसे गोली किसने मारी है। पुलिस ने मणि सिंह के बहनों से पूछताछ की लेकिन बहनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी। मणि के भाई ने बताया कि मणि दुकान जाने के लिए घर से निकलने वाला था तभी घर के बाहर उसे गोली मार दी गई।

# मेरे नाम से कोई घर नहीं, देश की बहनों के लिए घर बनवा दिया : PM

## छोटा उदेपुर की जनता से मोदी ने साझा किए संस्मरण

**CHHOTA UDEPUR :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को छोटा उदेपुर के बोडेली में आयोजित समारोह में जिले को 5206 करोड़ रुपये के प्रकल्पों की भेंट दी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आदिवासी जनता के विकास संबंधी कई योजनाओं का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे नाम का एक भी घर नहीं है, लेकिन देश की लाखों बेटियों के नाम घर कर दिया है। उन्होंने अपने प्रचारक जीवन के दौरान छोटा उदेपुर के प्रवासों के संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय बाद बोडेली आए हैं, लेकिन पहले वे बारंबार और त्योहारों पर अक्सर बोडेली आते थे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र किया और कहा कि इस पर देश की एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति की मुहर लगेगी।



# मेजर व पत्नी ने नाबालिग को कपड़े उतारकर पीटा

## असम की घटना, खून चाटने और डस्टबिन से जूठन खाने को मजबूर करने का आरोप, दंपती अरेस्ट

**AGENCY ASSAM :** असम के रहने वाले एक मेजर और उसकी पत्नी पर नाबालिग नौकरानी को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन पर पॉक्सो, एससी/एसटी एक्ट, प्रताड़ना, बाल मजदूरी और गुलामी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। असम के रहने वाले मेजर शैलेन्द्र यादव और उनकी पत्नी ने आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि लड़की सीढ़ियों से गिर गई थी, तभी उसे चोट लग गई। दीमा हसाओ के एसपी मयंक कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की का आरोप है- मालकिन मेरे काम से खुश नहीं रहती थीं। इसीलिए मुझे कमरे में बंद कर देतीं, बाल खींचती और बेलन से पीटती थीं। वो मेरे कपड़े उतारकर तब तक पीटतीं, जब तक मैं लहूलुहान नहीं हो जाती। कई बार उन्होंने मुझे अपना खून चाटने तक को मजबूर किया। पुलिस ने बताया कि लड़की के दांत टूटे हुए हैं। शरीर पर जलने के निशान हैं। मेडिकल रिपोर्ट में पता चला कि उसकी नाक की हड्डी टूटी हुई है। जीभ पर गहरे घाव हैं। कपल करीब 6 महीने से नाबालिग को प्रताड़ित कर रहा था।

### 6 महीने बाद घर लौटी नाबालिग, परिवार को सुनाई आपबीती

आरोपी मेजर शैलेन्द्र यादव ने असम की रहने वाली नाबालिग लड़की को अपने बच्चों की देखभाल के लिए काम पर रखा था। मेजर हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में तैनात था, इसीलिए लड़की को अपने साथ ले गया। यहां लड़की को करीब 6 महीने तक प्रताड़ित किया गया। असम लौटने पर लड़की ने अपने परिवार को आपबीती सुनाई। परिवार ने पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की मां का कहना है कि जब मेरी बेटी घर लौटी तो हम मुश्किल से उसे पहचान सके। वह सिर्फ 16 साल की है, लेकिन बुजुर्ग दिखने लगी है। उसके दांत टूटे हैं और चेहरे पर जलने के निशान हैं। उसके कान कटे हुए हैं और बात करने में भी परेशानी हो रही थी।

## इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट में फिर लहराया परचम, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

# राजधानी रांची बेस्ट परफॉर्मर सिटी अवार्ड से सम्मानित

**PHOTON NEWS RANCHI :** इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड में एक बार फिर से झारखंड की राजधानी स्मार्ट सिटी रांची ने अपना परचम लहराया है। रांची की ओर से इस बार सिटी सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर प्रस्ताव भेजा था। इसी प्रस्ताव पर यह अवार्ड मिला। स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों के क्रियान्वयन में बेस्ट परफॉर्मर के रूप में खुद को स्थापित करने वाली स्मार्ट सिटी रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कांक्लेव 2023 में देश की द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिया गया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे, रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार और स्मार्ट सिटी रांची के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार इस सम्मान को राष्ट्रपति के हाथों से प्राप्त किया। इस मौके पर मंच पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम शिवराज सिंह चौहान, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अवार्ड लेते झारखंड सरकार के सचिव विनय कुमार चौबे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई

रांची स्मार्ट सिटी कि इस सफलता पर सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के कर्मियों को बधाई दिया है और उम्मीद जतायी है आने वाले समय में रांची का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर अपना अमिट छाप छोड़ेगा। झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने रांची स्मार्ट सिटी की पूरी टीम को बधाई दी इधर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने विभागीय सचिव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के दिशा निदेशों में हम आगे और बेहतर करने का प्रयास करेंगे उन्होंने टीम रांची स्मार्ट सिटी को उनके बेहतर प्रदर्शन और बेहतरीन प्रयास के लिए बधाई और शुभकामना दिया है। बता दे की यह अवार्ड इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड 2022 के आधार पर तैयार है।

## हेमंत का सूरज अस्त हो चला, अब क्या नियुक्ति करेंगे : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को संकल्प यात्रा की 43वीं जनसभा को झरिया विधानसभा क्षेत्र में संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दिन अब पूरा होने वाला है। उनका सूरज अस्त हो चला है। अब उनके हाथों नियुक्ति वर्ष कभी नहीं आने वाला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे मुख्यमंत्री ईडी के डर से कांप रहे हैं। ईडी के बुलावे पर नहीं जाकर सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट दौड़ रहे लेकिन बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी। होटवार जेल में उनके साथी उनका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य के हालात को देखकर पीड़ा होती है।

### सीएम ने टॉपर्स को दिया गोल्ड मेडल

# आगे बढ़ने में सरकार पूरी मदद करेगी : हेमंत सोरेन



विद्यार्थियों को डिग्री सौंपते सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का। खिलाड़ी हों या श्रमिक। रोजगार करना चाहते हों या स्वरोजगार। आप जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट मोरहाबादी, रांची के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां से निकला हर नौजवान एक अलग पहचान बनाएगा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण में योगदान देगा।

BRIEF NEWS

### खूंटी में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत, सबकी उम्र 50 से कम

**KHUNTI :** जिले में बुधवार को अलग-अलग थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। अड़की थाना क्षेत्र के बारूहातू के रोड़ाबंदा गांव में तालाब में मछली पकड़ने के दौरान डूबने से मुरहू के केवड़ा गांव निवासी पिलाई नाग (35) की मौत हो गई। उसने अपने तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल लगाई थी। जाल बाहर निकालने के दौरान वह खुद जाल में फंस गया और गहरे पानी में डूब गया। दुसरी ओर चिकोर बीरडीह में गुड़िया कुमारी (24) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। तीसरी घटना में सायको थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में नियारन मुंडू (47) की मौत हो गई। वह मुरहू के गोवा गांव से सायको थाना क्षेत्र के कोलमे जा रहा था। इसी क्रम में सड़क दुर्घटना हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पलामू टाइगर रिजर्व के ट्रैकर गार्ड की मौत

**PALAMU :** पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर पश्चिमी (बरवाडीह) में कार्यरत ट्रैकर गार्ड बभंडीह निवासी राजकुमार सिंह (45 वर्ष) की मौत अज्ञात बीमारी से हो गयी। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मंगलवार की देर रात हालत बिगड़ जाने पर इलाज के लिए अस्पताल लाया जा रहा था। इसी क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। परिजनों ने कहा कि पैसे के अभाव में उनका इलाज नहीं कराया जा सका। पिछले कई महीने से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर रेंजर अजय टोप्पो, वनपाल रजनीश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह मृतक के घर पहुंचे। इस दौरान वन विभाग के द्वारा 10 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ने आश्रितों को नौकरी देने की मांग की।

### भैंस ने खाई फसल, खेत के मालिक ने ग्वाले को बनाया बंधक

**RAMGARH :** इंसान कब हैवान का रूप ले ले यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उसकी हरकतों से जब मानवता शर्मसार होती है तो ऐसा लगता है कि धरती पर मनुष्य का कोई मूल्य नहीं बचा। ऐसी ही एक शर्मसार कर देने वाली घटना बुधवार को रामगढ़ शहर के बाजार टांड़, सिद्धू कान्हु मैदान के समीप हुई। यहां राजू ट्रेडर्स दुकान में खेत के मालिकों ने एक ग्वाले को सिर्फ इसलिए खंभे से बांधकर सजा दी, क्योंकि उसकी भैंस ने फसल खा ली थी। बेचारा ग्वाल तब तक गिड़गिड़ाता रहा जब तक की उसे खोल नहीं दिया गया।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में 12 दोषियों को दो साल की सजा और जुर्माना

**DUMKA :** सरकारी काम में बाधा पहुंचाने से संबंधित मामले में एक अदालत ने दोष सिद्ध 12 आरोपियों को पांच-पांच हजार रुपये जुमार्ना अदा करने के साथ दो-दो साल के कारावास की सजा सुनायी है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत में बुधवार को रामगढ़ थाना कांड संख्या 106/2014 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई।

### गुमला की 25 छात्राओं ने इसरो का किया भ्रमण, चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों से की बात

**GUMLA :** आवासीय विद्यालयों के 25 आदिवासी छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट के तहत बुधवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो परिसर में चंद्रयान तीन और इसरो की अन्य गतिविधियों को करीब से देखा। इस दौरान चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों से भी मुलाकात की। छात्राओं के एक्सपोजर विजिट के लिए गुमला जिला प्रशासन को इसरो चेयरमैन ऑफिस एवं तमिलनाडु शिक्षा सचिव द्वारा मुख्य रूप से सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही रांची एयरपोर्ट एवं चेन्नई एयरपोर्ट के डायरेक्टर का भी सहयोग मिला। इन छात्राओं को इसरो के लिए मंगलवार को रवाना किया गया था। छात्राओं को गुमला से रांची सड़क मार्ग, रांची से चेन्नई प्लेन एवं चेन्नई से श्रीहरिकोटा सड़क मार्ग से ले जाया गया। जिले के आदिवासी छात्राओं द्वारा सफलतापूर्वक एक्सपोजर विजिट के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# लातेहार में तीन सड़क लुटेरे हथियार के साथ गिरफ्तार

**PHOTON NEWS LATEHAR :** जिले के बरियातू थाना क्षेत्र के गोनिया पुल के पास सड़क लूट की घटना को अंजाम देने आए तीन सड़क लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लुटेरों के पास से पुलिस ने एक बंदूक और पांच गोलियां भी जब्त की है। गिरफ्तार अपराधियों में रांची निवासी रवि कुमार नायक, लोहरदगा निवासी गोविंद राम तथा लोहरदगा निवासी राज वर्मा शामिल है।

लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बरियातू थाना क्षेत्र के गोनिया पुल के पास एनएच-99 पर कुछ अपराधी लूट की कांड को अंजाम देने के लिए एक कार से गए हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस की टीम बनाई गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस ने इस दौरान रास्ते से गुजर रहे वाहनों की भी जांच आरंभ की। इसी दौरान एक कार पर सवार कुछ लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे ।

पुलिस ने इनका पीछा किया और तीन अपराधियों को हिरासत में ले लिया। जबकि दो अपराधी फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों की छानबीन की गई तो उनके पास से एक बंदूक और पांच जिंदा गोलियां बरामद हुई। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उक्त अपराधी सड़क लूट की घटना को अंजाम देने के लिए आए हुए थे। डीएसपी ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस छापामारी कर रही है।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते डीएसपी संतोष कुमार। • फोटोन न्यूज

# धनबाद के गोधर में गर्म ओबी डंप के दौरान छह झुलसे, भर्ती

**PHOTON NEWS DHANBAD :** गोधर काली बस्ती के समीप बुधवार सुबह आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा गर्म ओबी डंप करने के दौरान शौच को गईं छह महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सरायढेला स्थित एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया।

अस्पताल में मौजूद एक घायल के परिजन राहुल कुमार ने कहा कि बीसीसीएल एवं उसके अधीन कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनियां नियमों की अनदेखी कर गर्म ओबी डंप करती हैं। इस बीच आज सुबह गर्म ओबी फेकनें से सभी झुलस गए। घटना में पांच से छह लोग झुलस गए हैं। कुछ का इलाज यहां चल रहा है तो कुछ को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे झामुमो के केन्द्रीय सदस्य जग्गू महतो ने कहा कि बीसीसीएल की मनमानी के कारण इस प्रकार की घटनाएं घटित होती है। आउटसोर्सिंग कंपनियां भी नियमों के अनदेखी कर ओबी डंप करती हैं। सभी के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोलयरी क्षेत्र में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों को नियम के अनुसार अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से निकले ओबी को पहले पानी देकर ठंडा करने का निर्देश है। हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार ने भी लगातार मिल रही शिकायतों पर कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिया था कि गर्म ओबी डंप नहीं करना है।


अस्पताल में इलाजरत घायल। • फोटोन न्यूज

# ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**PHOTON NEWS LATEHAR :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोस गांव के पास मंगलवार की देर रात मालगाड़ी से टक्कर के बाद दो युवकों की मौत हो गई। मृत युवकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के तुबेद गांव निवासी बिजेंदर उरांव (20) तथा बानुदाग गांव निवासी प्रेमचंद टाना भगत (22) के रूप में हुई है। इन युवकों के साथ बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति संतोष उरांव बाल-बाल बच गया।

बताया गया है कि बिजेंदर उरांव चंदवा थाना क्षेत्र के सोस गांव में चचेरी बहन के घर करमा का त्योहार मनाने गया था। उसके साथ उसका दोस्त प्रेमचंद भी गया था। घर आने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग पार करते वक्त वे लोग मालगाड़ी से टकराकर पुल के नीचे गिर गए। दुर्घटना में बाल-बाल बचे संतोष उरांव ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मृत युवकों के परिजन मुखिया अमरेश उरांव के साथ रात में ही घटना स्थल पर पहुंचे। एक युवक का शव पुल के नीचे गड्ढे में मिला जबकि दूसरे युवक का शव बुधवार की सुबह घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर नदी में मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मृत युवकों के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि दुर्घटना की छानबीन हो रही है।

### एनजीटी कोर्ट को जज समेत उड़ाने की मिली धमकी

**SAHIBGANJ :** जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर को मंगलवार की रात्रि करीब दस बजे शहर के पटनिया टोला में पांच अज्ञात लोगों ने घेर कर व पिस्तौल सटा कर गाली गलौज की। मारपीट करते हुए एनजीटी कोर्ट को जज समेत उड़ाने की धमकी दी। न लोगों ने कहा कि एनजीटी में राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन हेतु व अवैध खनन क्रशर व परिवहन पर संपूर्ण रूप से रोक लगाने तथा प्रदूषण आदि से लोगों को निजात दिलाने के लिए तुमने जो याचिका दायर की है, उसे उठा लो।

# TPC का सदस्य गिरफ्तार, प्रमुख सहित छह फरार

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** पुलिस की गिरफ्त में आने से पहले बुधवार को टीपीसी के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी और हार्डकोर कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो समेत छह उग्रवादी फरार हो गये जबकि एक उग्रवादी नितेश कुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित देवगढ़ में टीपीसी संगठन के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के घर बैठक रखी गई है, जिसमें टीपीसी के एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो, बादल गंझू, मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम, इरफान उर्फ समीर जी एवं गुरुदेव उर्फ गुरुजी सहित संगठन के अन्य सदस्य रात 10 बजे योजना बनाकर केरेडारी, बडकागांव, उरीमारी, कटकमदाग आदि क्षेत्र में कोयला व्यापारियों, बालू व्यवसायियों एवं विकास कार्य कर रहे ठेकेदार से लेवी वसूली करने एवं क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं।

सूचना पर पुलिस की टीम देवगढ़ स्थित दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नितेश मेहता को पकड़ा गया जबकि टीपीसी के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी, हार्डकोर कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो समेत आधा दर्जन उग्रवादी फरार हो गया।

# सरजोंबा एग्री प्रोडूसर कंपनी की चतुर्थ वार्षिक आमसभा संपन्न

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जेएसएलपीएस (ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार) की जोहार परियोजना द्वारा संचालित सरजोंबा एग्री प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड किसान उत्पादन कंपनी (एफपीसी) के तहत बुधवार को स्थानीय नगर भवन में चतुर्थ वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। खूंटी जिले के सदर और कर्रा प्रखंड के 8450 सखी मंडल सदस्यों ने सामूहिक तौर पर उत्पादक कंपनी (एफपीसी) सरजोम्बा एग्री प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया है।

कार्यक्रम में जेएसएलपीएस राज्य कार्यालय के अमित कुमार बर्मन, इफको स्टेट हैड यूके सिन्हा, चंदन कुमार, गुरप्रीत सिंह, डीपीएम जेएसउलपीएस गौरव जयसवाल, मोनू निषाद जेफार्म, आपीओ पंकज कुमार, डीपीओ अभिषेक गुप्ता, डीआईसी पुरषोत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और उत्पादक कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और कर्मचारी और शेयर धारक मौजूद थे। कंपनी के माध्यम से 179 उत्पादक समूह संगठित प्रयास से अपने उत्पादों के बाजारीकरण के लिए प्रयासरत हैं।

सखी मंडलों ने आमसभा के माध्यम से अपनी कंपनी के शेयरधारकों को कंपनी की कार्यविवरणी का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कम्पनी ने 22-23 के वित्त वर्ष में एक करोड़ 11 लाख का व्यापार किया। कम्पनी ने संगठित होने के पश्चात तीन करोड़ 51 लख रुपये का लेन-देन किया। कार्यक्रम के दौरान बताश गया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष तक तीन करोड़ के व्यवसाय का लक्ष्य रखा है। कम्पनी के माध्यम से दो जोहार एग्री मार्ट का संचालन किया जा रहा है।



आमसभा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। • फोटोन

न्यास परिषद और प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की हुई बैठक

# सभी लंबित योजनाओं को समय पर पूरा करायें अधिकारी : लोकेश मिश्र

**PHOTON NEWS KHUNTI :** उपायुक्त सह-अध्यक्ष डीएमएफटी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में न्यास परिषद और प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट की बैठक बुधवार को हुई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहां के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाय और सही विकास हो सके।

मौके पर पूर्व की बैठक के निर्णयों की समीक्षा, जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों, वर्तमान में संचालित योजनाओं की समीक्षा तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित योजनाओं की उपयोगिता पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि सदर अस्पताल के एंबुलेंस को पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जाय। डीएमएफटी के माध्यम से चयनित होनेवाली योजनाओं में से शिक्षा, स्वास्थ्य तथा लोकहित की महत्वपूर्ण योजनाओं को ही प्राथमिकता में रखने का निर्देश डीसी ने दिया। प्राथमिक स्तर पर वार्षिक कार्य योजना का प्रस्ताव तैयार करने तथा उसी के अनुरूप ग्राम सभा से योजनाओं को चयनित करते हुए प्रस्ताव रखने का निदेश दिया गया। डीएमएफटी की संचालित योजनाओं को समय पर पूर्ण करने, विलंब से चल रही योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये।



अधिकारियों संग बैठक करते उपायुक्त लोकेश मिश्र। • फोटोन न्यूज

# झारखंड की विरासत को आजसू पार्टी निरंतर बढ़ावा देने का कर रही प्रयास : सुदेश महतो

**PHOTON NEWS RAMGARH :** आजसू पार्टी द्वारा तरवाटांड़, मुरपा, कुजू मैदान में मांडू विधानसभा स्तरीय बूढ़ा करमा झूमर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो की अगुवाई में अतिथियों का स्वागत किया गया। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और चंद्र प्रकाश चौधरी ने नगाड़े पर थाप देकर प्रतिभागियों को हौसला अफजाई किया। साथ ही, समर्थकों के संग कम से कदम मिलाकर जमकर नृत्य किया।

सुदेश महतो ने कहा कि करमा पर्व झारखंड की विरासत है, जिसे निखारने के लिए आगे आने की जरूरत है। झारखंड की विरासत की इस संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयास में आजसू पार्टी निरंतर प्रयासरत है। इस तरह से बड़े आयोजनों से महिलाओं को आगे आने का मौका मिलता है।

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि अपनी पहचान व संस्कृति को बचाने में ऐसे आयोजन का अहम योगदान रहता है। ऐसे आयोजनों से लोगों में भाईचारगी बढ़ती है। उन्होंने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन को बढ़ावा देकर प्रखंड व विधानसभा स्तर पर करने से अपनी संस्कृति के संदेश को दूर-दूर तक भेजने का कार्य करते हैं। इसलिए ऐसे आयोजन का समय-समय पर पार्टी द्वारा आगे भी किया जाएगा। इधर, प्रतियोगिता में शामिल करीब 100 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक झूमर की प्रस्तुति की।

# विधानसभा में बदले की भावना में दर्ज कराया गया मामला : विधायक

**PHOTON NEWS PALAMU :** झारखंड में एनसीपी के एकलौते विधायक कमलेश कुमार सिंह के खिलाफ शरद गुट ने झारखंड विधानसभा न्यायधिकारण में मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से 27 सितंबर तक जवाब तलब किया था। विधायक कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर कहा है कि ज्ञात हुआ है कि एक समूह के द्वारा एनसीपी के रूप में एक अयोग्यता याचिका/पत्र भेजा गया है जिसमें झारखंड विधान सभा से एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह को अयोग्य घोषित करने की मांग की गई है।

उन्होंने लिखा है कि उन्हें एनसीपी के निर्वाचित और संगठनात्मक विंग ने भारी बहुमत से एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। मुंबई में आयोजित एनसीपी के खुले राष्ट्रीय सम्मेलन में भी एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की पुष्टि हुई है। नियुक्ति के तथ्य को जुलाई 2023 में पत्र के मध्यम से भारत के चुनाव आयोग को सूचित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग में मामला विचाराधीन है। उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में एनसीपी महाराष्ट्र व नागालैंड राज्य में एक मान्यता प्राप्त राज्य पार्टी है। महाराष्ट्र राज्य में भारी बहुमत के अलावा झारखंड विधानसभा में एक मात्र एनसीपी विधायक का समर्थन प्राप्त है।

'चलो करें आवास पूरा' अभियान के तहत गांव में पहुंची राज्यस्तरीय टीम

# संयुक्त सचिव ने संबंधित पदाधिकारियों को दिये लाभुकों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश

**PHOTON NEWS PALAMU :** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवास को पूर्ण कराने के लिए विभाग के निदेशानुसार 'चलों करें आवास पूरा' अभियान के तहत बुधवार को राज्यस्तरीय टीम जिले के पाटन और तरहसी प्रखंड के गांव में पहुंची। लाभुकों से संवाद स्थापित किया। सभी प्रखंड की पंचायतों में 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए विभाग स्तर से ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती शैल प्रभा कुजूर एवं राज्य स्तरीय टीम में शामिल विजय कुमार सहायक, शिव शंकर प्रसाद सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पलामू दौरे पर हैं। राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत हिसरा बरवाडीह एवं सेमरी पंचायत का क्षेत्र का भ्रमण किया। इस क्रम में टीम ने पंचायत भवन में लाभुकों के साथ सीधा संवाद कर आवास पूर्ण करने में आ रही समस्याओं से अवगत हुए।

ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा ने सबंधित पदाधिकारियों को लाभुकों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिये। साथ ही लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। भ्रमण के क्रम में जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर एवं प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन एवं प्रखंड समन्वयक शिवम जयसवाल, पंचायत सचिव, पंचायत स्वयं सेवक आदि उपस्थित थे।

इधर, राजस्तरीय टीम में तरहसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेलारी पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया एवं पंचायत भवन में लाभुकों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्या सुनी तथा आवास पूरा करने हेतू प्रेरित किया। ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव ने कहा कि लाभुकों के साथ संवाद स्थापित किया गया। उनसे जानने की कोशिश की गई कि आवास बनाने में क्या कुछ समस्या सामने आ रही है।

उन्होंने कहा कि प्रथम किस्त लेने के बाद लंबे समय से आवास पेंडिंग रखने वाले लाभुकों को चेतावनी दी गई। जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर राशि रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि काफी आवास पूर्ण हो चुका है। काफी रिस्पांस अच्छा है। 12 आवास पेंडिंग हैं। छह जल्द पूरा हो जाएगा। पांच में समस्या है। सहायता करने पर पूरा करने की बात कही जा रही है। अगर पूरा नहीं करने की स्थिति में फर्स्ट स्टॉलमेंट की राशि वापस ली जाएगी। 10 अक्टूबर तक हर हाल में आवास पूरा कर लेना है।



ग्रामीणों संग बैठक करतीं संयुक्त सचिव शैल प्रभा व अन्य। • फोटोन न्यूज

# देवघर के बाबा मंदिर के विकास कोष में मिले पैसों की हुई गिनती

19 विकास कोष में मिले 12 लाख से ज्यादा की राशि


पैसों की गिनती में लगे लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DEOGHAR :** भादो महीने में बाबा मंदिर का विकास कोष खोला गया। मंदिर में कुल 19 विकास कोष हैं, जिसमें 12 लाख से ज्यादा की राशि दान के रूप में मिले। बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीओ दीपांकर चौधरी के निदेर्शानुसार विकास कोष खोला गया। सहायक प्रभारी सह देवीपुर सीओ सुनील कुमार और बाबा मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त की देखरेख में मंदिर परिसर में लगे सभी विकास कोष को खोला गया। मंदिर परिसर में कुल 19 विकास कोष हैं. कोष खोलने के बाद भादो माह में भक्तों के द्वारा किये गये दान को निकाला गया।

इन विकास कोष से निकले नोट व सिक्कों की संख्या काफी अधिक मात्रा में होने की वजह से सभी मंदिर कर्मियों को इसकी गिनती में लगाया गया। इससे पहले सावन की पूर्णिमा के एक सिंतबर को अंतिम बार विकाष कोष खोला गया था। इस दौरान कुल 12 लाख, 28 हजार 562 रुपये की आमदनी बाबा मंदिर विकास कोष से हुई। इसके अलावा दान पात्र से नेपाली 5080 रुपए भी प्राप्त हुए हैं।

# रिम्स में 28 लोगों की मौत का मामला : जांच को लेकर बनी कमेटी को दो माह का अवधि विस्तार

## जूनियर डॉक्टरों व नर्सों के स्ट्राइक से हुई मरीजों की मौत मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI:** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले की जांच को लेकर बनी कमेटी को दो माह का अवधि विस्तार दिया है। इसके पहले भी सरकार के आग्रह पर पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कमेटी को 4 सप्ताह का अवधि विस्तार दिया था। कोर्ट ने पूर्व में मामले की जांच को लेकर गठित रिटायर्ड प्रधान डिस्टिक जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी को 3 माह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वन मैन कमेटी की रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो सकती हो सकी है, इसलिए 2 माह का समय और दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। दरअसल, प्रार्थी की ओर से 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया गया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## चारा घोटाला : लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर CBI की याचिका पर हाईकोर्ट में अब दिसंबर में होगी सुनवाई



**RANCHI :** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई के आग्रह को देखते हुए दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की। बता दें कि सीबीआई द्वारा सजा बढ़ाने के आग्रह किए गए 6 आरोपियों में से फूलचंद सिंह, आरके राणा समेत तीन सजायाफ्ता का निधन हो चुका है। पूर्व में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम इस केस से हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम 7 साल की सजा मिलनी चाहिए।

## उम्रकैद के सजायाफ्ता रामधीर सिंह की क्रिमिनल अपील खारिज

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने चर्चित विनोद सिंह की हत्या में उम्रकैद के सजायाफ्ता रामधीर सिंह की क्रिमिनल अपील पर अपना फैसला सुनाया है। बुधवार को हाई कोर्ट की जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली डबल बेंच ने उनकी अपील खारिज कर दी। साथ ही धनबाद की निचली अदालत द्वारा दी गई उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। प्रतिवादियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजन राज, हाईकोर्ट का अधिवक्ता प्रेम प्रकाश एवं एसके मुरारी ने पैरवी की। बलिया के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष व सिंह मिशन के मजबूत स्तंभ रामाधीर सिंह बताए जाते हैं। विनोद सिंह की हत्या के मामले में रामधीर सिंह रांची की होटवार सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। विनोद सिंह की हत्या के केस में 18 अप्रैल, 2015 को धनबाद व्यवहार न्यायालय के एडीजे सात निकेश सिन्हा ने रामधीर की गैरमौजूदगी में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जबकि उनके अग्रज झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। शहीद भगत सिंह चौक कतरास, धनबाद के समीप 15 जुलाई, 1998 को मजदूर नेता सकलदेव सिंह के भाई विनोद सिंह की कार पर हमला हुआ था। इस दौरान अंधाधुंध फायरिंग से विनोद सिंह एवं उनके चालक मन्नू अंसारी की मौत हो गई थी। रामधीर ने 22 माह फरार रहने के बाद 20 फरवरी 2017 को कोर्ट में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के बाद पहले धनबाद जेल और उसके बाद हजारीबाग जेल भेजा गया था। सालभर पूर्व उन्हें होटवार जेल शिफ्ट किया गया था।

## BANK की नौकरी छोड़ साइबर ठगी के लिए बनाया गिरोह, पुलिस के पूछताछ में खुले राज

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड सीआइडी की साईबर क्राईम थाना पुलिस ने ऑनलाईन गेम के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनीष कुमार और अरुण कुमार यूपी के गाजियाबाद जिले के लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं। आरोपियों के पास से दो मोबाईल, कांड में प्रयुक्त बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेज बरामद किया गया है। आरोपी अरुण कुमार पहले बैंक में नौकरी करता था, लेकिन बैंक की नौकरी छोड़ साईबर अपराध से जुड़ गया। पुलिस के अनुसार आरोपी जीवीफुटबॉल नामक वेबसाइट पर बेटिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करने के लिए अलग-अगल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम एवं व्हाट्सअप पर बताया जाता था। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद उनसे एप डाउनलोड कराया जाता था। एपीके फाइल का एनालाईसिस के बाद इसका आइपी एड्रेस चाईना एवं हांगकांग पाया गया था। दिसम्बर 2022 से मई 2023 तक वादी एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा एप डाउनलोड कर अपना टेलीग्राम आईडी बनाकर मुनाफा कमाने के लिए 500 रु निवेश किया जाता था। जिसमें मुनाफे की निकासी का भी प्रावधान था। जिसमें निकासी का यह नियम था कि प्रत्येक निकासी अधिकतम 50,000 की होगी। जिसमें 12% टैक्स काट कर भुगतान किया जायेगा। 26 अप्रैल 2023 तक निवेश करने वाले मुनाफे की निकासी करते रहे लेकिन 27 अप्रैल से निकासी बंद हो गई। लेकिन कम्पनी निवेश का पैसा लेती रही यह कह कर कि 4-6 मई से निकासी पुनः होने लगेगी। किन्तु 6 मई को एप खोलने पर मैसेज आया कि टैक्स का भुगतान नहीं करने पर आईडी बंद हो जायेगा। बावजूद इसके मुनाफे की राशि पाने के लिए अन्य व्यक्तियों के द्वारा टैक्स के लिए भुगतान किया जाता रहा है। पुनः 7 मई को टेलीग्राम चैनल पर जीवी फुटबॉल रनअवे का मैसेज आया। मामले को लेकर 11 मई को रांची के अनगड़ा निवासी विजय कुमार चौधरी ने साईबर क्राईम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद सीआईडी ने छापामारी कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया।

## भव्य पहाड़ में काल्पनिक मंदिर का बनेगा प्रारूप

**RANCHI :** हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन हुआ। शारदीय नवरात्रि इस वर्ष 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इसी दिन कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा की शुरूआत हो जाएगी। पूजा समिति के सदस्य अभी से ही पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। मूर्ति व पंडाल निर्माण का काम शुरू हो गया है। हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति में पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। पुरोहित उमाशंकर भट्टाचार्य ने पूजा कराई। समिति के सह सचिव सौरव पांडेय ने बताया कि इस वर्ष समिति का 59वां वर्ष है भव्य पहाड़ में काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष नंदन यादव हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के सचिव इंद्रजीत सिंह, रेलवे आरपीएफ के ओसी वर्द्धन, राहुल यादव, शामिल हुए।

## 87.29 लाख का ठगी करने वाला गाजियाबाद से धराया



**CRIME REPORTER RANCHI :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर थाने ने 87.29 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराधी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है। उसका नाम लवकुश बताया गया है। इसके पास से दो मोबाइल और एक लैपटॉप सहित अन्य दस्तावेज बरामद किये गये है। डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर थाने में गत 21 जनवरी को हटिया निवासी विन्देशवरी सिंह ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में बताया गया था कि साइबर अपराधियों ने एचडीएफसी के पॉलिसी के पूर्ण अवधी होने के बाद उस पॉलिसी के पैसे के वापस कराने के बदले में मई 2022 से जनवरी 2023 तक बैंक ऑफ इंडिया के खाते से धोखा देकर कुल 87 लाख 29 हजार 224 रुपये विभिन्न बैंक खातों में हस्तांतरण कराया गया है।

## व्यापारी चेंबर के सदस्य ना हों तो भी अपनी समस्या साझा करें : किशोर

### चैंबर के सत्र 2023-24 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक



चैंबर भवन में बैठक में शामिल नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर आफ कामर्स एडं इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-24 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चुनाव पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी और वर्षभर राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स के हित में कार्यरत रहने की सलाह दी। बैठक के दौरान झारखंड चैंबर आफ कामर्स के इस कार्यकाल के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभा में सर्वसम्मति से किशोर मंत्री को चैंबर अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। परेश गट्टानी को महासचिव, राहुल साबू और आदित्य मल्होत्रा को उपाध्यक्ष, अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल को सह सचिव और ज्योति कुमारी को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चयनित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर मंत्री ने चैंबर चुनाव के दौरान राज्य के व्यापार और उद्योग जगत की ओर से मिले सहयोग और समर्थन के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## पैसे लेकर बच्चों का पोर्नोग्राफी वीडियो भेजने के आरोपी को सीआईडी ने केरल से किया गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** पैसे लेकर बच्चों का पोर्नोग्राफी वीडियो भेजने के आरोपी को झारखंड सीआईडी ने केरल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण बाबू मूल रूप से केरल के कन्नूर जिला का रहने वाला है। उसके पास से पोर्नोग्राफी वीडियो भेजने वाले दो मोबाइल फोन, टेलीग्राम लिंक और डाटा बरामद किया गया है। चाइल्ड सेक्स वीडियो और स्कॉट्स सर्विस नाम के ग्रुप में पैसा लेकर छोटे-छोटे बच्चों का पोर्नोग्राफी वीडियो भेजा जा रहा था। इसकी शिकायत बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने बीते 29 अगस्त को सीआइडी से की थी।

### स्कॉट्स सर्विस के नाम से ओपन ग्रुप संचालित

सीआइडी से शिकायत में कहा गया था कि टेलीग्राम चैनल के माध्यम से चाइल्ड सेक्स वीडियो और स्कॉट्स सर्विस के नाम से एक ओपन ग्रुप संचालित है, जिसका कोई भी सदस्य बन सकता है। मैं पिछले एक वर्ष से कॉल गर्ल्स दिल्ली ग्रुप का सदस्य बनकर इस ग्रुप की निगरानी कर रहा था। दिल्ली सेक्स ग्रुप से एक और ग्रुप लड़कियों का अड्डा नामक ग्रुप में एड होने के लिए लिंक मिला। इस ग्रुप में बीते 28 अगस्त को 10 :41 बजे सुबह में ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियो चाहिए क्या? मैसेज आया, मैंने जवाब में हां और कैसे? लिखा। इसके लिए उन्होंने एक वीडियो इमेज का लिंक भेजा और साथ में एक डेमो वीडियो भी भेजा, जिसे देखने के बाद ऑटो डिलिट हो गया। पुन: ग्रुप में मैसेज आया कि 220 रुपये में 8000 से ज्यादा चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियो मिलेगा। जिसका भी उन्होंने एक लिंक भेजा, जिसमें उनका यूपीआइ आईडी 9341466767@ है, जो कि एयरटेल पेमेंट बैंक का है। यह लिंक मो इमरोज अंसारी द्वारा भेजा गया था।

### चाईल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी एक जघन्य अपराध

सीआइडी से की गयी शिकायत में कहा गया है कि लिंक पर मैंने रात को 220 रुपये अपनी संस्था के सदस्य चंदन कुमार के यूपीआई आईडी से भुगतान किया। इसके बाद उन्होंने पांच लिंक भेजा और साथ में अनेकों वीडियो भी भेजा।। जिसे देखने पर पता चलता है कि यह छोटे-छोटे बच्चों का चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियो है। वीडियो देखने से यह प्रतीत होता है कि यह भारत के बच्चों के साथ बनाया गया है। चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी एक जघन्य अपराध है। इस संबंध में भारत सरकार के निर्देश पर सीबीआई द्वारा जांच भी की जा रही है। दिल्ली सेक्स रैकेट ग्रुप का संचालन सूर्या भाई के द्वारा किया जा रहा है।

### सरकार और एग्जीक्यूटिव को अस्थिर करने में लगी भाजपा, सबूत है तो कोर्ट में करे पीआइएल : सुप्रियो

## झारखंड में मीर जाफर की भूमिका में BJP : JMM

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम के बहाने पूरी पार्टी पर हमला बोला है। भाजपा की तुलना मीर जाफर से की है। कहा कि भाजपा झारखंड में मीर जाफर की भूमिका निभाते हुए एक विकासशील सरकार को अस्थिर करने में जुटी है। गलत एवं भ्रामक फैक्ट-फीगर को लेकर प्रदेश कार्यालय में उनके नेता पीसी करते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जफर इस्लाम ने 77000 करोड़ के घोटाले का जो आरोप वर्तमान सरकार पर लगाए हैं, वह फीगर उन्हें मिला कहां से। यह बातें सार्वजनिक होनी चाहिए। दूसरी बात अगर फैक्ट और फीगर सही है, तो भाजपा प्रदेश कार्यालय में क्या कर रही है। उसे तो अब तक कोर्ट में पीआईएल कर देना चाहिए था। बड़ी अजीब बात है जिस-जिस घोटाले और अफसरों का नाम प्रवक्ता ने गिनाए हैं, वह पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल के हैं। जो अफसर इनके कार्यकाल में थे, वे हमारे भी कार्यकाल में हैं। पार्टी ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उसमें हिम्मत है तो प्रदेश कार्यालय से निकलकर वे अपनी बातें गांव, खेत-खलिहान, आदिवासी-मूलवासियों के बीच जाकर कहे। जो विरोध होगा, इसकी कल्पना भी इन्होंने नहीं की होगी। अडाणी के साथ रहते-रहते भाजपा लाख नहीं, एक-दो करोड़ नहीं बल्कि हजारों करोड़ की बात करनी लगी है। यह बातें सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दरअसल पूरा मामला हेमंत सरकार के कामकाज से भाजपा की बेचैनी का है।




प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रियो।

### क्यों जाएं ईडी कार्यालय, न्यायालय पर पूरा भरोसा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को हमवर्क देने का काम कर रही है। ये झूठे एवं भ्रामक डाटा कहां से आ रहे हैं, इसका सोर्स क्या है। यह भी सबके सामने आना चाहिए। पहले तो देश की विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती थी कि केंद्र सरकार और भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियां गैर भाजपाई सरकार को अस्थिर करने का प्रयास में जुटी है। मगर अब प्रमाण भी सामने आने लगे हैं। महाराष्ट्र का उदाहरण सबके सामने है। अगर भाजपा ये समझ रही है कि यह सब करने से हम झुक जाएंगे, तो गलत समझ रही है। अगर एक सीएम की छवि को खराब किया जाएगा तो वे लोग ईडी कार्यालय क्यों जाएंगे, कोर्ट गए हैं। न्यायालय पर पूरा भरोसा है। उन्होंने समरी लाल मामले में राजभवन के आए फैसले पर सवाल खड़ा किया है। कहा कि इस मामले में अधिक कहना उचित नहीं होगा। मगर यह साफ है कि फैसला क्यों और कैसे आया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पूरे देश में झारखंड ही एक ऐसा राज्य है, जो झारखंड और देश में निवास करने वाले 12 करोड़ से अधिक प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए जनगणना प्रपत्र में अलग आदिवासी/सरना धर्म कोड लागू करने का प्रस्ताव पास करके केंद्र के पास भेजा है।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिला आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन

### 10 बिंदुओं से जुड़ा मांग पत्र सौंपा

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य अर्जुन मुंडा से बुधवार को नई दिल्ली में भेंट की। इस दौरान उन्हें 10 बिंदुओं से जुड़ा एक मांग पत्र भी सौंपा। इसके जरिये उनसे अपील किया गया है कि आगामी 100 वर्षों तक किसी भी गैर-आदिवासी वर्ग को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया जाए। मांग पत्र में कहा गया है कि आगामी 100 वर्षों के लिए संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों की लिस्ट फ्रीज कर दी जानी चाहिये। लोकुर समिति (1965) ने अनुसूचित जनजाति की पहचान के लिए पांच मापदंड बताए थे लेकिन इन आधारों को खारिज कर संविधान के खिलाफ जाकर गैर-आदिवासी संपन्न जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में मंत्रालय इस मसले पर अपने स्तर से नियमानुसार प्रभावी कदम उठाए। संबंधित विभागों व सभी प्रदेश के सरकारों को निर्देशित करें। मांग पत्र के जरिये महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री से अपील करते कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों को सभी राज्यों में एक समान अनुसूचित जनजाति के रूप मान्यता दी जाए। असम के चाय बागानों में कार्यरत झारखंडी मूल के आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले।

## BRIEF NEWS

### लापता माता-पिता की दो बेटियों का स्कूल में हुआ नामांकन

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अनगड़ा के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी छह वर्षीय सनोती कुमारी एवं पांच वर्षीय पार्वती कुमारी का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। जिला कल्याण पदाधिकारी को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी बहादुर बिरहोर पत्नी और डेढ़ साल की बच्ची को लेकर एक सितंबर की सुबह दोना-पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पकड़कर रांची स्टेशन के लिए निकले थे लेकिन अबतक वे नहीं लौटे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्चियों को हर संभव सहायता एवं बच्चियों के माता-पिता को जल्द ढूंढने का निर्देश अधिकारियों को दिया था।

### अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक चला अभियान

**RANCHI :** एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए बुधवार को अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक मुख्य सड़क पर अभियान चला, जिसमें पंजाब स्वीट्स का सामान और लाइव काउंटर अंदर कराया गया और कड़ी चेतावनी दी गई। दूसरी ओर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने एक बार फिर नया प्लान तैयार किया है। अब सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े किए जाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। इसके लिए उन्होंने एक टीम बनाई है। उन्होंने बताया कि टीम में एक पदाधिकारी सहित पांच पुलिसकर्मी रहेंगे। टीम साउंड सिस्टम से लैस वाहन में सवार होकर शहर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करेगी। अनाउंसमेंट के जरिये लोगों से आग्रह किया जाएगा कि कोई नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी ना करे। जिनकी भी गाड़ी सड़क किनारे व्हाइट लाइन से अंदर खड़ी मिलेगी, उनका चालान काटा जाएगा। ऐसे में कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन नहीं लगाएंगे।

### झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**RANCHI :** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने झारखंड पुलिस के आरक्षी की तरह वेतन और अन्य भत्ता होमगार्ड जवानों को देने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शमन सेवा मुख्यालय के महानिदेशक सह महासमादेष्टा को भी दी है। लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में होमगार्ड जवानों को इस महंगाई के दौर में मात्र 500 प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय का भुगतान किया जाता है। जबकि पड़ोसी राज्य बिहार में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा न्यायादेश के आलोक में बिहार राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर सामान्य कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ जल्द लागू करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

BRIEF NEWS

## नाबालिग छात्र की हत्या मामले में दो छात्रों को बाल सुधार गृह भेजा गया

ROURKELA : नाबालिग छात्र रुद्र नारायण पाढ़ी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। रघुनाथपल्ली थाना पुलिस ने हत्या में शामिल दो नाबालिग सहपाठियों को हिरासत में लिया है। किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद उन्हें किशोर सुधार गृह भेज दिया गया। हत्या मोबाइल फोन के ब्लूटूथ को लेकर हुए विवाद में हुई थी। हत्या 25 तारीख की रात को हुई थी। ब्लूटूथ को लेकर रूद्र का अपने दो दोस्तों से झगड़ा हुआ था। बाद में दोनों दोस्तों ने रुद्र की पत्थर मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने जांच की और दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लेकर किशोर न्यायालय में पेश किया।

## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



ROURKELA : ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न हिस्सों में राउरकेला पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। राउरकेला महताब रोड से होकर बिसरा रोड, मेन रोड से होकर प्लांट साइट तक पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने शांति से जयंती मनाने और किसी भी तरह के उपद्रव से बचने ही हिदायत भी जारी की है।

## बीजू जनता दल 2 से 11 अक्टूबर तक निकालेगा पदयात्रा



ROURKELA : भुवनेश्वर। बीजू जनता दल का मार्च 2 से 11 अक्टूबर तक चलेगा। गांधी और शास्त्री जयंती से लेकर जयप्रकाश जयंती तक, सभी विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 अक्टूबर से महीनों तक चलेगा। पंचायत एवं नगर वार्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। 26 दिसंबर को बीजू जनता दल का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। बीजेडी ओडिशा के विकास के लिए दृढ़ संकल्प लेगी।

## बंदूक की नोक पर बंधन बैंक की महिलाकर्मी से दिनदहाड़े छिनतई

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के रुंगसाई से मंडलसाई जाने वाली रास्ते में बुधवार को दिनदहाड़े बंधन बैंक के एक महिलाकर्मी शिखा प्रजापति से छिनतई की घटना सामने आई है। घटना बुधवार की सुबह करीब 10.30 बजे की बताई जा रही है। बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर महिला बैंककर्मी से 43 हजार 215 रुपये और स्कूटी छीनकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक चक्रधरपुर के बंधन बैंक शाखा में काम करने वाली महिला शिखा प्रजापति चक्रधरपुर के टोंकाटोला व रुंगसाई से महिला समूह के पैसे इकट्ठा कर चक्रधरपुर के लोकनाथनगर स्थित अपने कार्यालय जा रही थी। इसी दौरान दो नकाबपोश युवक पिस्टल दिखाकर रोका। इसके बाद युवाको ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद महिला कर्मी शाखा प्रबंधक दिवाकर कुमार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद महिला कर्मी में चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज कराया है। महिला बैंक कर्मी ने बताया कि रुंगसाई से जब वह कार्यालय जा रही थी तभी दो युवक सामने आ गया। इस बीच जब उसने गाड़ी का हॉर्न बजाकर साइड मांगा, तो युवकों ने स्कूटी से चाबी निकाल ली। इसके बाद पिस्टल का भय दिखाकर 43 हजार 215 रुपये छीन लिये। वहीं स्कूटी भी लेकर भाग गए। इधर, चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

CO-OPERATIVE कॉलेज में 5 व 6 अक्टूबर को आएगी नैक की टीम

# आधरभूत संरचना हुई बेहतर, शिक्षकों की कमी बन सकती है अच्छे ग्रेड में बाधा



PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : कोऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर में इन दिनों नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडेशन काउंसिल (नैक) की तैयारी चल रही है। 5 व 6 अक्टूबर को नैक की टीम कॉलेज के निरीक्षण को पहुंचेगी और सात अलग अलग बिंदुओं पर कॉलेज का मूल्यांकन करेगी। ऐसे में कॉलेज का पूरा अमला इन दिनों इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। यहां आधरभूत संरचना से लेकर सभी दस्तावेजों तक को अपडेट किया जा रहा है। इसके लिए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अमर सिंह ने टीम का गठन किया है जिसकी देख रेख में यह तैयारी चल रही है। मालूम हो कि कॉलेज के नैक एक्रिडिएशन की अवधि 2020 में ही पूरी हो चुकी है। यही वजह है कि कॉलेज इस साल तक हर हाल में नैक कराने की तैयारी में जुटा था। कॉलेज की ओर से पहले ही एसएसआर रिपोर्ट अपलोड कर दी गयी थी। जिसे नैक ने एक्सेप्ट कर लिया है अब भैतिक निरीक्षण की बार ही है। जो अक्टूबर में हो जाएगा। इसके एक महीने के अंदर नैक कॉलेज के लिए ग्रेड जारी कर देगा।

**अभी तक नैक से कॉलेज को मिला है बी ग्रेड:** कोऑपरेटिव कॉलेज की बात करें तो अभी तक उसे नैक से बी ग्रेड प्राप्त था। लेकिन इस बार कॉलेज ए ग्रेड प्राप्त करने की बात कह रहा है। कॉलेज प्रशासन का दावा है कि पिछले तीन से चार सालों में यहां आधारभूत संरचना से लेकर मूल्यांकन के सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य हुआ है। ऐसे में ग्रेड भी इस बार बेहतर ही मिलेगा।

**शिक्षकों की कमी बन सकती है बाधा:** कॉलेज में भले ही आधरभूत संरचना की स्थिति में सुधार हुआ हो। लेकिन शिक्षकों की कमी अभी भी बेहतर नैक की राह में बाधा बन सकती है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कॉलेज में शिक्षकों के 60 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। जियोलॉजी, गणित व इतिहास जैसे कुछ ऐसे विषय हैं जहां एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है। दूसरे विषयों में भी शिक्षकों की भारी कमी है। यहां कुल 86 पद हैं जबकि कुल 25 स्थायी शिक्षक हैं।

## विसर्जन शोभा यात्रा के साथ गणपति महोत्सव समाप्त



विसर्जन शोभा यात्रा में शामिल भक्त। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : राजगांगपुर का प्रसिद्ध सात दिवसीय गणेश महोत्सव विसर्जन शोभा यात्रा के साथ बुधवार को समाप्त हो गया। धूमधाम से सार्वजनिक गणेश पूजा समिति की अगुवाई में निकली इस शोभा यात्रा में 100 से अधिक प्रतिमाओं के साथ हजारों की संख्या में भक्त इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए।

छोटे टेंपो से लेकर बड़े ट्रैक्टरों में सजावट के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। कम्यूनिटी सेंटर से निकल सुभाष चौक पहुंचते पहुंचते जैसे पूरा मुख्य मार्ग श्रद्धालुओं से भर गया। गणपति बाप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ,गणपति अपने गांव चले कैसे हम को चैन पड़े जैसे जयकारों के साथ विसर्जन यात्रा बढ़ती रही। दुर्ग से आई स्वामी धुमाल कृपा,बिलासपुर से श्रीराम कृपा धमाल तथा बाबुल गांव से आए ताशा जैसे अन्य कई टोलियां आज के इस शोभा यात्रा में शामिल हुए थे। वहीं विसर्जन को लेकर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती भी थी।

# यूनाइटेड ट्रांसपोर्ट यूनियन के 21 सदस्यों की सदस्यता निलंबित




बैठक में शामिल फेडरेशन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : राउरकेला यूनाइटेड ट्रांसपोर्ट फेडरेशन ने लौह अयस्क के परिवहन के लिए समान परिवहन किराया, राउरकेला में ट्रांसपोर्ट सिटी की शीघ्र स्थापना की मांग की है। फेडरेशन ने बाहरी राज्यों वाहनों के लिए कम किराया प्रणाली को समाप्त करने की भी मांग की है। इसके साथ ही संयुक्त महासंघ ने कहा है कि महासंघ के संवैधानिक कानून का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई हो रही है।

यूनाइटेड फेडरेशन की ओर से बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि संघ के संविधान के खिलाफ काम करने के आरोप में 21 लोगों की सदस्यता रद्द कर दी गई है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राउरकेला माइनिंग एरिया ट्रक टिपर फेडरेशन, राउरकेला और वेदव्यास ट्रक एंड टिपर ऑनर्स एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

ग्रेजुएट कॉलेज मामले में आया प्रत्यक्षदर्शी छात्राओं का वीडियो, बोलीं-

# डॉ रश्मि ने डॉ पूजा को पहले उकसाया, मारने के लिए निकाला चप्पल, बाद में पूजा ने दिया धक्का

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : ग्रेजुएट कॉलेज में दो शिक्षिकाओं के बीच हुए मारपीट के मामले में अब वीडियो वार शुरू हो गया है। इस मामले में बुधवार को अनुबंध आधारित शिक्षक संघ की ओर से एक वीडियो शेयर किया गया। जिसमें कॉलेज की कुछ छात्राएं 22 अक्टूबर के घटना की जानकारी देते हुए नजरआयीं। छात्राओं का दावा है कि जब दोनों शिक्षिकाओं के बीच मारपीट हुई उस समय वे क्लास में ही मौजूद थीं। वीडियो में छात्रा बता रही है कि डॉ पूजा सिन्हा अपना क्लास ले रही थीं आर अभी 20 मिनट ही हुआ था कि पॉलिटिकल साइंस की एचओडी डॉ रश्मि कुमारी क्लास में पहुंच गयी और डॉ पूजा सिन्हा को यह कहते हुए बाहर जाने को कहने लगीं की अब व क्लास लेंगी। इस पर पूजा सिन्हा कहती हैं कि वे अपना क्लास ले रही हैं इसे पूरा होने के बाद वे चली जाएंगी। इसके बाद दोनों के बीच कहा सुनी शुरू हो जाता है इसी दौरान डॉ रश्मि कुमारी अपना चप्पल डॉ पूजा सिन्हा को मारने के लिए निकाल लेती हैं। लेकिन पूजा सिन्हा उसे छिन लेती हैं और डॉ रश्मि को धक्का देती हैं जिससे वह गिर जाती हैं। इसके बाद दोनों शिक्षिकाएं एक दूसरे को काटने लगती हैं। छात्राएं यह कहते हुए नजर आ रही हैं कि डॉ पूजा सिन्हा को रश्मि कुमारी ने उकसाया जिसके बाद यह घटना हुई।

**टाकू व संविदा आधारित शिक्षक संघ हैं आमने सामने:** विदित हो कि जब से ग्रेजुएट कॉलेज के पॉलिटिकल साइंस विभाग की एचओडी डॉ रश्मि व आवश्यकता आधारित (संविधा) शिक्षिका डॉ पूजा सिन्हा के बीच मारपीट हुई है तब टीचर एसोसिएशन ऑफ कोल्हान विश्वविद्यालय (टाकू) व संविदा आधारित शिक्षिक संघ आमने सामने हैं जहां टाकू डॉ रश्मि का समर्थन कर रहा है वहीं अनुबंध आधारित शिक्षक डॉ पूजा सिन्हा का समर्थन कर रहा है।

**आयुक्त से मिला टाकू:** ग्रेजुएट कॉलेज विवाद में टाकू का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अध्यक्ष डॉ राजेंद्र भारती के नेतृत्व में चाईबासा में कोल्हान के आयुक्त सह कुलपति कोल्हान विश्वविद्यालय से मिला। इसमें कहा गया कि डॉ रश्मि कुमारी के साथ ग्रेजुएट कॉलेज में डॉ पूजा सिन्हा द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में लीपापोती की जा रही है। यही नहीं टाकू की ओर से कहा गया कि डॉ पूजा सिन्हा इससे पहले भी विवादों में रही हैं। वहीं आयुक्त ने कहा कि वे इस मामले को देखेंगे और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मां के हत्यारे को पुलिस ने भेजा जेल



पुलिस के साथ हत्यारा नीलमणि राउत।

PHOTON NEWS ROURKELA : टांगरपाली थाना पुलिस ने मंगलवार को अपनी मां की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोर्ट चालान करने के बाद वहां से जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कंस्ट्रक्शन कॉलोनी बी-21 में रहने वाले नीलमणि राउत (53 वर्ष) ने गत रविवार की रात शराब पीकर घर पहुंचा और अपनी बुढ़ी मां से मारपीट की और उसका बाल पकड़कर सिर दीवार पर दे मारा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी और उसका बड़ा बेटा चिंतामणि राउत उसे इलाज के लिये इस्पात जनरल अस्पताल, आइजीएच ले गया था। मंगलवार को उसकी मौत के बाद पुलिस ने हत्यारोपी नीलमणि को गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया है।

## बंदगांव पुलिस ने कुदाडी जंगल से 6 क्विंटल डोडा किया जब्त, अभियुक्त फरार

CHAIBASA : पश्चिम सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंदगांव थाना के बंदगांव से कोचांग जाने वाले मार्ग पर स्थित कुदाड़ी जंगल से पुलिस को नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह क्विंटल डोडा जब्त किया है। यहां के अफीम एवं डोडा दूर-दराज के क्षेत्रों में भेजे जाते हैं। जब्त डोडा की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

# सुंदरगढ़ में स्क्रब टाइफस के मिले 14 मरीज

PHOTON NEWS SUNDARGARH : सुंदरगढ़ जिले में स्क्रब टाइफस के 14 नये मरीज पाए गए है। सुंदरगढ़ में अब तक स्क्रब टाइफस के 244 मरीज सामने आ चुके हैं। 86 रक्त परीक्षणों के बाद उनमें से 14 में स्क्रब टाइफस की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि जनवरी से आज तक 244 स्क्रब टाइफस पॉजिटिव चिन्हित किये गये हैं। इसमें बड़गांव इलाके के एक संक्रमित व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अन्य सभी संक्रमित स्वस्थ होने की सूचना स्वास्थ्य विभाग की ओर दी गयी है।

जिले के सदर ब्लॉक माझापाड़ा और बालीशंकरा ब्लॉक से अधिक मरीज पाए गए हैं। बीमारी कीड़ों के काटने से होती है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने खेत और जंगल में जाते समय पूरा शरीर ढकने की सलाह दी है। सीडीएमओ डॉ. कान्हुचरण नायक ने बताया कि इस बीमारी को नियंत्रित करने के लिए जिला मुख्य अस्पताल और राउरकेला सरकारी अस्पताल में दवाएं और जांच व्यवस्था है।

# वीमेंस यूनिवर्सिटी में पीजी के दाखिले के लिए पहली मेधा सूची जारी, 30 सितंबर से लिया जाएगा नामांकन



PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : वीमेंस यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में एमए, एमएससी व एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब विवि प्रशासन ने एडमिशन के लिए पहली मेधा सूची जारी कर दी है। इसे छात्राएं विवि की वेबसाइट पर जाकर देख सकती हैं। इसके साथ ही अगर उनकी कोई आपत्ति है तो वे दर्ज करा सकती है। विवि की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत इस मेधा सूची के आधार पर 30 सितंबर से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी और 7 अक्टूबर तक चलेगी। इसके बाद 9 अक्टूबर को दूसरी मेधा सूची जारी की जाएगी। वहीं इसके आधार पर 9 से 19 अक्टूबर तक दाखिला लिया जाएगा। वहीं कक्षाएं 27 अक्टूबर से संचालित होंगी। मिली जानकारी के अनुसार विवि में पीजी नामांकन के लिए 1000 से ज्यादा आवेदन भरा गया है।

**एमबीएम में दाखिले के लिए चौथी मेधा सूची जारी:** महिला विवि में एमबीए में दाखिले के लिए चौथी मेधा सूची जारी कर दी गयी है। विवि प्रशासन ने इसे अपने वेबसाइट पर आपलोड कर दिया है। इसके आधार पर तीन अक्टूबर तक दाखिला लिया जाएगा।

# आरएसपी में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दौड़ का किया गया आयोजन

PHOTON NEWS ROURKELA : राउरकेला इस्पात संयंत्र में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के उपलक्ष्य में बुधवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। मुख?य महा प्रबंधक (नगर सेवा एवं सीएसआर)पीके स?वाईं ने बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम में हरी झंडी दिखा कर दौड़ की शुरूआत की। इस अवसर पर महा प्रबंधक आरके.वर्मा और क्रीडा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



झंडा दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

राउरकेला क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के लगभग 100 छात्रों ने एकत्रित हो कर दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता संकल?प ग्रहण कराया गया।

पूर्वी सिंहभूम में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक, सक्रिय लैंपस की संख्या बढ़ाने के निर्देश

# 52 लैंपस के डिजिटलाइजेशन के प्रस्ताव पर मुहर, नाबार्ड देगा ट्रेनिंग




बैठक में शामिल उप विकास आयुक्त मनीष कुमार व अन्य अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने हेतु गठित जिला सहकारी विकास समिति की बैठक उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 228 लैंपस में से कुल 129 लैम्पसों को सहकारी बैंक से सम्बद्ध किया जा चुका है, शेष 99 लैम्पसों को सहकारी बैंक से संबद्धता प्राप्त की कार्यवाही प्रगतिरत है। जिले में लैंपस को प्रज्ञा केन्द्र (सीएससी) के रूप में कार्य संबंधी 48 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसपर समिति ने सहमति प्रदान की। वहीं लैम्पसों के कम्प्यूटरीकरण हेतु 52 लैम्पस का चयन किया गया है, सदस्यों को नाबार्ड प्रशिक्षण देगी। सहकारिता पदाधिकारी ने समिति को जानकारी दी कि जिला स्तरीय संघ के रूप में सिद्धो कान्हू कृषि एवं वनोपज सहकारी संघ लि. का निबंधन वर्ष 2021 में किया गया है जिसमें अबतक सदस्य लैंपस के रूप में 20 लैंपस जुड़े हैं। 228 में से मात्र 40 लैंपस के जिले में सक्रिय रहने पर उप विकास आयुक्त ने अप्रसन्नता जताते हुए सहकारिता पदाधिकारी को सभी लैंपस को सक्रिय करने के निर्देश दिए।

सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अनाज भंडार योजना हेतु पायलट प्रोजेक्ट के लिए जिले में एक लैंपस को एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने वैसे गांव-पंचयात जो लैंपस से आच्छादित नहीं हैं, में नए बहुउद्देश्यीय लैंपस के गठन का निदेश दिया। सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य, नेशनल को-ऑपरेटिव डेटाबेस को अपडेट करने, नई बहुउद्देशीय लैंपस एवं फिशरीज सहकारी समितियों के गठन के लिये कार्य योजना बनाने की बात कही गई। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी अल्का पन्ना, जिला उद्यान पदाधिकारी, एलडीएम व अन्य उपस्थित थे।

## जिले में दो एग्री क्लीनिक का हो रहा संचालन

बताया गया कि जिले में दो एग्री क्लीनिक का संचालन पटमदा एवं मुसाबनी प्रखंड में किया जा रहा। उप विकास आयुक्त द्वारा संवेदक से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। उन्होने स्पष्ट कहा कि एग्री क्लीनिक के माध्यम से किसानों को खेती किसानी के नई तकनीक से अवगत करायें साथ में उन्हें उनके उत्पाद को कैसे कीट आदि से सुरक्षित रखा जाए इसकी भी जानकारी दे । सघन क्षेत्र भ्रमण कर किसानों को उन्नत तरीके की खेती के लिए प्रोत्साहित करें, कृषक पाठशाला को विस्तार देते हुए ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचें। किसानों को ससमय बीज एव खाद आसानी से उपलब्ध हो इसकी निगरानी करें। कृषि विभाग के अधीन बीज बुनन प्रक्षेत्र माचा (पटमदा प्रखंड) में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह- कृषक पाठशाला संचालित है। उप विकास आयुक्त द्वारा ज्यादा से ज्यादा किसानों तक इसका प्रचार प्रसार करने का निदेश देते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निदेश दिया गया।

# बिटेश्वरनाथ मंदिर पहुंचा 54 फीट का कावर

## पटना से जल भर कर पहुंचे, 10 साल से चली आ रही परंपरा



बिहटा । भादो मास के त्रयोदशी की रात जलाभिषेक की परंपरा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। पटना कलेक्ट्रेट घाट से गंगाजल भरकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु 54 फीट का कांवर को लेकर करीब 58 किमी की दूरी तय कर बिहटा के ऐतिहासिक प्राचीन बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे हैं। जहां तमाम लोग बाबा के ऊपर जलाभिषेक किया। दरअसल यह परंपरा उत्तर प्रदेश बिहार-झारखंड डाक कांवर संघ के द्वारा संचालित होता आ रहा है। प्रतापी प्रताप बाबा उत्तर प्रदेश बलिया के हुआ करते थे। उन्होंने वर्ष 2009 और 2010 में सावन माह प्रत्येक दिन डाक कावड़ लेकर देवघर के शिव मंदिर में जलाभिषेक किया करते थे। उन्होंने बताया कि उनके दर्शन के बाद लोगों ने बिहटा के बिटेश्वरनाथ बाबा के बारे में इसकी जानकारी दी। जिसके बाद प्रताप बाबा ने 54 फीट के कांवर से बिटेश्वरनाथ बाबा का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना करने की बात बताई। तब से प्रत्येक वर्ष भक्तगण पटना के कलेक्टेरियट घाट से जल लेकर चितकोहरा बाजार, फुलवारी शरीफ होते हुए बिटेश्वरनाथ बाबा पर जलाभिषेक करते रहे हैं। इस बार डाक कांवर बम में 10 हजार से अधिक लोग शामिल होकर बिटेश्वरनाथ बाबा पर जलाभिषेक किया। वहीं सुरक्षा को लेकर पूरी तरह पुलिस प्रशासन तैनात थी। डाक कांवरिया संघ के सचिव कमलेश कुमार पांडे ने बताया कि यह परंपरा पिछले कई वर्षों से होता आ रहा है। इस बार 11वां साल है। जो गंगाजल उठाकर बाबा का नाम लेते हुए बिहटा के ऐतिहासिक प्राचीन बिटेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा का जलाभिषेक करते हैं। जो भी मनोकामना सच्चे मन से बाबा से मांगते हैं वह जरूर पूरी होती है।

## शॉर्ट सर्किट से 6 दुकान में लगी आग



**अररिया।** फारबिसगंज बाजार समिति स्थित आलू प्याज और मसाले की दुकान में मंगलवार की शाम अचानक से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से चारो तरफ फैलता जा रहा था। इस दौरान स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना फारबिसगंज थाना और अग्नि सामान विभाग को दी।

घटना की सूचना मौके पर पहुंचे अग्निशमन टीम की दो गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लग गई। जिससे उसमें रखा पुरा सामान जलकर राख हो गया। अगलगी कि घटना में लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों की माने तो गुरुवार की शाम लगभग 8:30 के करीब बिजली के शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की बात कही जा रही है। स्थानीय दुकानदार संतोष यादव ने बताया कि वह अपने दुकान से कुछ ही दूरी पर वह किसी काम से गए थे। इसी बीच में दूर से दिखाई दिया की धुआं के साथ आग की तेज लपटे उठ रही है। जिसके बाद वह भागे-भागे आए तो देखा की बगल की दुकान में आग लगी है। धीरे-धीरे आग सभी दुकानों में पकड़ लिया। इसी बीच मौके पर पहुंची अग्निशमन दमकल की दो टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया।

## सीओ के ड्राइवर ने पीड़ित के
# कंधे पर बैठ किया निरीक्षण





**जमुई ।** बरहट प्रखंड के ध्वस्त घर का निरीक्षण करने पहुंचे अंचलाधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने घर के आसपास पानी लगा देख अपने ड्राइवर को घर का निरीक्षण करने को कहा। ड्राइवर ने भी घर के आसपास पानी लगा देख वहां जाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़ित के गुहार लगाने पर सीओ के ड्राइवर ने उसके कंधे पर बैठकर उसके घर का निरीक्षण करने कर निर्णय लिया। जिसके बाद पीड़ित ने उसे कंधे पर बैठाकर अपने घर तक लाया और अपने घर को दिखाकर वापस सड़क तक पहुंचाया। दरअसल जमुई पिछले दो दिनों से लगातार बारिश होने की वजह से दर्जनों मिट्टी के घर गिर गए। जिस लेकर पीड़ित लोगों ने मुखिया को बताया था। जिसके बाद मुखिया ने इस मामले की जानकारी सीओ रणधीर कुमार को दिया। जिसे लेकर आज सीओ बरहट प्रखंड के बरियारपुर पंचायत के घटवारी टोला में निरीक्षण करने पहुंचे थे। घटवारी टोला के गोपाल सिंह का घर बारिश के पानी में पूरी तरह ध्वस्त हों गया। जिसके कारण उनका पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित गोपाल सिंह ने बताया कि घर गिरने के मैंने इसकी जानकारी गांव के मुखिया को दिया था। मुखिया ने बरहट प्रखंड के अंचलाधिकारी रणधीर कुमार को इस बात की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद उसके बाद सीओ रणधीर कुमार घर का मुआयना करने आए थे। लेकिन घर तक पहुंचने के रास्ते पर कमर से ऊपर पानी था। इसलिए सीईओ साहब गाड़ी में बैठे रहे और अपने ड्राइवर को भेज दिया। पानी कमर से ज्यादा होने के कारण ड्राइवर साहब पानी में डूब कर कैसे उसके घर तक आते। इसलिए ड्राइवर ने गरीब के कंधे पर चढ़ कर पीड़ित परिवार के घर का मुआयना करने पहुंच गए। इस दौरान ड्राइवर लगभग 2 किमी तक पीड़ित के कंधे पर बैठकर पीड़ित के घर से पहुंचे जो जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके बाद से सीओ साहब को खोजने की काफी कोशिश की लेकिन वो सामने से बचते नजर आ रहे हैं। जमुई के अनुमंडलाधिकारी अभय तिवारी भी जिला मुख्यालय में उपलब्ध नहीं होने के कारण कोई प्रतिक्रिया तो नहीं दी पर उन्होंने पर इस घटना की निंदा की। पीड़ित की भाभी मीना देवी ने कहा कि पहले तो सीओ साहब को इस बात पर यकीन नहीं हुआ। लेकिन फिर आये तो अपने गाड़ी में बैठे रहे और ड्राइवर को घर देखने भेज दिया। उन्होंने कहा कि ड्राइवर को गोपाल सिंह ने कंधे पर बिठाकर कर घर दिखाने लाए और वो फोटो खींच कर चल गए। उन्होंने कहा कि किसी तरह उनके परिवार की जिंदगी कट रही है। अब तक उन्हें इंदिरा आवास का लाभ तक नहीं मिल पाया है। घटवारी टोला में 10 घरों का परिवार है। जहां 100 के करीब की आबादी होगी। घटवारी टोला तक जाने के लिए पक्का रास्ता तक नहीं है।

### संक्षिप्त डायरी

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत: अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को मारी ठोकर, इलाज के लिए ले जाने दौरान गई जान



**बांका ।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मधाय गांव निवासी राकेश प्रसाद के रूप में हुई है। मामला रजौन प्रखंड अंतर्गत भागलपुर-हंसडीहा सड़क मार्ग स्थित मधाय पेट्रोल पंप के पास का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार रात की है। बताते हैं कि राकेश प्रसाद साह रजौन प्रखंड अंतर्गत नियामतपुर चूड़ा मिल से जगदीशपुर जा रहे थे। इसी क्रम में भागलपुर की ओर से आ रहा बेलगाम ट्रक ने मधाय पेट्रोल पंप के समीप बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। और राजेश प्रसाद साह गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क किनारे गिर गए। मौके से वाहन चालक ट्रक लेकर भाग गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर परिजनों ने गंभीर अवस्था में रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। मायागंज अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात वाहन पर केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत



**पूर्णिया ।** भवानीपुर थाना क्षेत्र के चिकनी में बाइक की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय बुर्जुग की मौत हो गई। घटना के बाद बाइक चालक फरार हो गया। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात 9 बजे बुजुर्ग खाना खाकर पैदल ही घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए। पूर्णिया GMCH में इलाज के दौरान डॉक्टर ने बुर्जुग को मृत घोषित कर दिया। मृतक बुर्जुग की पहचान राजकिशोर पासवान के रूप में की गई। घटना के बारे में मृतक बुर्जुग की पुत्रवधू रूपतारा देवी ने कहा कि ससुर राजकिशोर पासवान रात में खाना खाकर पैदल ही घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए भवानीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने पूर्णिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात 11:00 बजे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के हाट थाना पुलिस को दे दी गई है।

# पटना में कचरे से होकर गुजरने पर मजबूर

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का सातवां दिन, उपद्रवियों पर रखी जा रही सीसीटीवी से नजर







पटना। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का आज सातवां दिन है। राजधानी की सड़कों पर जहां-तहां कचरा फैला हुआ है। इस कारण सड़क पर जाम भी लग रहे हैं। सड़ रहे कचरे से दुर्गंध आ रही है, जिससे राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में इस तरह से कचरा पसरा होने से कई बीमारियां फैलने की भी आशंका है। निगम का दावा है कि वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। हालांकि, ये इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। हड़ताल के बीच जो कर्मी सफाई के लिए निकल रहे हैं, उन्हें हड़ताली कर्मचारी रोक रहे हैं। कंकड़बाग अंचल में रविवार रात 2 बजे के करीब आउटसोर्सिंग एजेंसी के कर्मी राहुल कुमार जो की सफाई कार्य में लगे थे को नालंदा मेडिकल कॉलेज के पास हड़ताली असामाजिक तत्वों द्वारा हॉकी स्टिक से प्रहार किया गया। इस प्रहर में राहुल को कान, ओठ और माथे पर गहरी चोट आई है। चोट इतनी गहरी थी कि राहुल को ठटउल से ढटउल रेफर कर दिया गया। रविवार की रात को भी कई जगहों पर वारदात हुई है जिसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है। पाटलिपुत्र गोलंबर के पास बाइकर्स द्वारा कार्य करने से सफाई कर्मियों को रोका जा रहा था और धमकाया जा रहा था। नगर आयुक्त ने कहा है कि जो असामाजिक तत्व हिंसा में विश्वास रखते हैं उन्हें सेवा से तो निकालेंगे ही और साथ ही एफआईआर दर्ज करके उन्हें उनके उचित स्थान पर पहुंचाएंगे। महापौर, उपमहापौर, स्थाई समिति के सदस्य और नगर आयुक्त द्वारा मंगलवार को हड़ताल के दौरान घायल कर्मियों से मुलाकात की गई। नगर आयुक्त द्वारा उसके इलाज के सभी खर्च के लिए यह आश्वासन भी दिया की यह नगर निगम द्वारा वहन किया जाएगा। इसके साथ ही निगम द्वारा तय किया गया है कि राहुल को ठीक होने और काम से लौटने तक उसका वेतन भी लगातार दिया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा हड़ताल के दौरान सफाई कर रहे कई कर्मियों पर हमला हुआ है। ऐसे चिन्हित कर्मियों पर कार्रवाई की जा रही है। जो हड़ताली कर्मचारी नगर निगम के सफाई कार्य में लगे कर्मियों से मारपीट कर रहे हैं उन्हें अब निगम के शत्रु के रूप में चिन्हित किया जा रहा है। ऐसे लोगों को न सिर्फ कानूनी कार्रवाई की जा रही है बल्कि उन्हें आगे के कार्यों से ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। चिन्हित हड़तालियों की तस्वीरों को भी VMD पर दिखाया जाएगा। उपद्रवियों पर सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है। अपनी मांगों को लेकर सोमवार को सफाई कर्मी मुख्यमंत्री आवास के सामने प्रदर्शन करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स के पास ही रोक लिया। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह समेत 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सचिवालय गए। कैबिनेट बैठक होने के कारण वो मुख्यमंत्री से मिल नहीं पाए। वहां कार्य पदाधिकारी उनसे मिले और ज्ञापन भी लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी बात सुनी जाएगी। सीएम उनके परिस्थिति से अवगत हैं और जल्द ही उनसे मिलने के लिए सूचना भेजेंगे। पटना नगर निगम के कर्मचारी 35 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। निगम कर्मियों की मुख्य मांग है कि बीते कई सालों से कार्यरत दैनिक कर्मियों को स्थाई किया जाए। न्यूनतम वेतन 18-21 हजार किया जाए। समाप्त किए गए चतुर्थ वर्ग के पद को फिर से बहाल किया जाए। आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर आउटसोर्स में कार्यरत कर्मियों को नगर निगम कर्मी के रूप में समायोजन किया जाए। समान काम का समान वेतन लागू किया जाए। निगम कर्मियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की गांरटी समेत अन्य मांगें शामिल हैं। निगम ने दैनिक सफाई कर्मियों के लिए बड़े निर्णय लिए हैं। दैनिक कर्मी को 490 रुपए और सफाई पर्यवेक्षक को 540 रुपए की दर से वेतन दिए जाएंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गई है। 1 अक्टूबर से बढ़े हुए दर से कर्मियों को वेतन भुगतान किया जाएगा। आयुक्त का कहना है कि वेतन बढ़ाया गया है, लेकिन कर्मियों की ब्लैकमेलिंग के आगे नहीं झुकेंगे। पिछले साल 2022 में 14 दिनों तक हड़ताल चली थी। 9 सितंबर को नगर विकास एवं आवास के मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा था कि 10 दिन के अंदर दैनिक मजदूरों की समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन 1 वर्ष से ज्यादा हो गया है, अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पटना नगर निगम कर्मचारी समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय और नगर विकास मंत्री के हस्तक्षेप के कारण हमने पिछले साल अपना हड़ताल तोड़ दिया था। इसके अलावा न्यायालय ने नगर विकास एवं आवास विभाग को आदेश दिया था कि महीने में एक दिन वह नगर निगम के कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे,ले किन एक साल बीत गए और अभी तक विभाग के साथ एक भी बैठक नहीं हुई है। इस कारण कर्मियों को फिर से मजबूर होकर हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। शहर में छठवें दिन भी सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी रही। हड़ताल के चलते पूरे शहर में गंदगी का अंबार लग गया है। मुख्य सड़कों से कचरा उठाव तो हो रहा है, लेकिन अन्य सड़कों व गलियों में कचरे का ढेर जगह-जगह फैल गया है। निगम प्रशासन के लाख कोशिशों के बाद भी मुश्किल से 20 फीसदी ही साफ-सफाई व कचरा उठाव कार्य हो पा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा उठाव नहीं होने के चलते कॉलोनी व मुहल्ले के लोग गलियों में ही कचरा फेंक रहे हैं। कई सड़कों पर तो कचरा इतना फैल गया है कि रोड की चौड़ाई कम हो गई है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम ऐसे हड़ताली कर्मचारियों की पहचान कर रहा है जो सफाई कार्य में लगे कर्मियों से मारपीट कर रहे हैं, उन्हें अब निगम के शत्रु के रूप में चिह्नित ककर कार्रवाई की तैयारी हो रही है। हड़ताल के कारण सफाई कार्यों से जुड़े पर्याप्त वाहनों का परिचालन नहीं हो पा रहा है। सभी अंचल मुख्यालय के आसपास व यार्डों में बड़ी संख्या में वाहन खड़े हैं। विभिन्न सड़कों पर स्वीपिंग मशीनों से सफाई नहीं हो रही है। कचरा उठाने वाले जेसीबी मशीनों का परिचालन भी पर्याप्त संख्या में नहीं हो पा रहा है। जहां से भी डंपर कचरा उठा रहे हैं, तो कचरे को बिन ढके ही इसकी ढुलाई की जा रही है। इसके चलते ही पटना सिटी से लेकर राजा बाजार तक के वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। महापौर, उपमहापौर, स्थाई समिति के सदस्य एवं नगर आयुक्त ने मंगलवार को हड़ताल के दौरान घायल कर्मियों से मुलाकात की गई। वार्ड-38 में मार पिटाई से घायल व्यक्तियों एवं हाजिरी प्वाइंट पर दैनिक कर्मियों से बातचीत की गई। कंकड़बाग अंचल के घायल राहुल से भी उसके घर पटना सिटी जाकर भी मुलाकात की। नगर आयुक्त ने उसके इलाज के सभी खर्च के लिए आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि राहुल को ठीक होने एवं काम से लौटने तक का उसका वेतन दिया जाएगा।

# वहीदा को फाल्के

यह वाकई सुखद संयोग है कि देश जब हरदिल अजीज अभिनेता देव आनंद की जन्मशती मना रहा था, ठीक उसी दिन यानी 26 सितंबर को उनकी कालजयी फिल्म गाइड की नायिका वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का शिखर सम्मान ह्यदादा साहब फाल्केह्न देने की घोषणा की गई। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वहीदा रहमान और देव साहब की जोड़ी रुपहले परदे पर लंबे समय तक छाई रही। दोनों ने सात फिल्में साथ-साथ की थीं, जिनमें से पांच जबर्दस्त हिट रहीं। बहरहाल, वहीदा इस सम्मान की हकदार हैं, बल्कि कई बार से यह सवाल उठाया जा रहा था कि क्या उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है? वैसे, सच यही है कि इतने सारे महान कलाकारों में से एक को चुनने की बाध्यता हमेशा इस सवाल को मौजूं बनाए रखेगी। देर से ही सही, इस दुरुस्त फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। वहीदा रहमान की शख्सियत का सबसे आकर्षक पहलू यह है कि फिल्मी करियर की शुरूआत से लेकर अब तक उन्होंने अपनी शर्तों पर ही काम किया और इसमें उनकी परवरिश का बड़ा योगदान रहा। बचपन में जब वह भरत नाट्यम सीख रही थीं, उनके जिला मजिस्ट्रेट पिता से किसी रिश्तेदार ने शिकायती अंदाज में कहा था, मुसलमान होकर बेटी को नचाओगे? तरक्कीपसंद पिता का जवाब था, कला कोई बुरी नहीं होती, इंसान बुरे होते हैं। गौर कीजिए, वह देश-बंटवारे के ठीक बाद का दौर था। किन्हीं आशंकाओं या टोटकों की वजह से अभिनेताओं-अभिनेत्रियों के नाम बदल दिए जाते थे, वहीदा ने इसी शर्त पर फिल्म साइन की कि उनका नाम नहीं बदला जाएगा और अपने लिबास भी वह खुद तय करेंगी। गुरुदत्त ने बला की खूबसूरत इस स्वाभिमानी बाला की शर्त सहर्ष मान ली थी। वहीदा इस मायने में भी बड़ी अदाकारा हैं कि वह कभी फिल्मों की सफलता का श्रेय लूटने की होड़ में नहीं रहीं, क्योंकि जिस वक्त वह इस कला-विधा में आई थीं, फिल्में अमूमन निर्देशक की कृति समझी जाती थीं। इसीलिए वह अक्सर इंटरव्यू में यह कहते सुनी गईं कि गुरुदत्त की फिल्मों का हिस्सा बनने पर उन्हें हमेशा फख्र रहेगा। आधी सदी से लंबे कालखंड में पसरे अभिनय करियर में कई फिल्मों के लिए वहीदा हमेशा सराही जाएंगी, मगर उनके अभिनय के पूरे वितान को तीन फिल्मों- गाइड, तीसरी कसम और खामोशी से समझा जा सकता है। गाइड की रोजी का किरदार तो जैसे स्त्री मुक्ति का उद्घोष है। तरह-तरह की पाबंदियों और वर्जनाओं को तोड़ने की उत्कंठा किस दौर की स्त्री की नहीं रही? जब वहीदा ने परदे पर आज फिर जीने की तमन्ना है, आज फिर मरने का इरादा है को चरितार्थ किया, तो जैसे समूचे नारी समाज की दमित इच्छा को अभिव्यक्ति मिल गई थी। आज जब स्त्री मुक्ति का विमर्श नए-नए रूपों में हमारे सामने है, बल्कि कई बार यह बेहद अशोभनीय रूप में सामने आता है, तब रोजी का किरदार हमें एक शालीन राह दिखाता है। रेणु की मारे गए गुलफाम कहानी पर बनी तीसरी कसम की हीरा बाई के किरदार को भी कैसे भुलाया जा सकता है?

# क्या है राहुल की मंशा?

इसी साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दिलचस्प आकलन सामने आया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान रविवार को बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उनकी पार्टी निश्चित रूप से जीतेगी, तेलंगाना में वह संभवतः जीतेगी। राजस्थान के बारे में उन्होंने कहा कि वहां मुकाबला कांटे का है और उन्हें लगता है कि पार्टी वहां भी जीत हासिल करने में सफल हो जाएगी। उनके इस बयान को दो तरह से समझा जा सकता है। एक तरह से देखा जाए तो उन्होंने चारों राज्यों में पार्टी की जीत की उम्मीद जताई है, लेकिन दूसरी तरह से देखें तो अपने इस बयान के जरिए उन्होंने राजस्थान में जीत के पार्टी के दावे को कमजोर करार दिया। हालांकि तेलंगाना के मामले में भी उन्होंने जीत की संभावना ही जताई, लेकिन राजस्थान खास तौर पर अहम इसलिए है कि वहां वर्तमान में कांग्रेस की ही सरकार है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के तमाम नेता दावा कर रहे हैं कि पार्टी अपनी सत्ता बचाने में कामयाब हो जाएगी। राहुल गांधी का यह आकलन इसलिए भी ध्यान खींचता है कि राजनीति में हार तय नजर आने की स्थिति में भी चुनाव नतीजे आने से पहले तक जीत के प्रबल दावे करने का ही चलन देखा गया है। खासकर बीजेपी के पिछले कुछ चुनाव अभियानों पर नजर डालें तो वहां अक्सर सीटों की असंभव लगने वाली संख्या के साथ जीत के दावे किए जाते रहे। कुछ मामलों में ये दावे कामयाब रहे तो कुछ में परिणाम उलटे साबित हुए, लेकिन यह चलन नहीं टूटा। ऐसे में विरोधी राहुल गांधी के इस बयान को कांग्रेस नेतृत्व का अभी से हार स्वीकार लेने का सबूत बता सकते हैं। हो सकता है कुछ धड़ों में इसे कांग्रेस की राजस्थान इकाई में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कमजोर करने की मंशा से प्रेरित भी बताया जाए। लेकिन राहुल समर्थकों की ओर से इसे उनकी साफ-सुथरी राजनीतिक शैली का प्रमाण भी बताया जा सकता है। कहा जा सकता है कि उन्हें थोथे दावों पर आधारित राजनीति से परहेज है और वह नहीं चाहते मतदाताओं के सामने झूठी तस्वीर पेश करके उनके वोटिंग बिहेवियर को गलत ढंग से प्रभावित किया जाए। बहरहाल, इस बयान के पीछे असल मकसद क्या है और उसे हासिल करने में किस हद तक कामयाबी मिलेगी, यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

# पर्यटन के आगे-पीछे घूमती दुनिया

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। आज हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाया जाता है। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। यह उद्योग लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं। जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होती है। घूमने का शौक रखने वाले नए-नए पर्यटन स्थलों की खोज में रहते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। आज हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाया जाता है। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी। संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन की वर्षगांठ के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने का फैसला लिया गया। पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन के



जरिए रोजगार को बढ़ावा देने, लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी देना है। हर साल विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी दुनिया का कोई एक देश करता है। पिछले साल विश्व पर्यटन दिवस का मेजबानी इंडोनेशिया ने की थी। इस बार सऊदी अरब विश्व पर्यटन दिवस 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले सात की थीम पर्यटन पर पुनर्विचार थी। कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ है। इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस 2023 की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। विश्व पर्यटन दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूरिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। ताकि देशों को पर्यटन के लिहाज से एक दूसरे से जोड़ा जा सके। यात्रियों को अपने देश के अलावा विदेशी पर्यटक स्थलों के बारे में भी पता चले और वह दूसरे देश के पर्यटन के जरिए विदेशी संस्कृति को करीब से जान पाए। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म काउंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर ऐंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वालों का मानना है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है। वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन में अपने योगदान में छठे स्थान पर है। विदेशी मुद्रा के मामले में भारत के पर्यटन क्षेत्र ने वर्ष 2020 में 6.96 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की। कोरोना महामारी के बाद इसके और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2020 में भारत में पर्यटन क्षेत्र में 39 मिलियन लोगों को रोजगार मिला जो कि देश में कुल रोजगार का 8 प्रतिशत था। 2029 तक यह आंकड़ा लगभग 53 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत में 40 स्थल, विश्व विरासत सूची में शामिल हैं, जिनमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं। इस मामले में भारत विश्व में छठे स्थान पर है। आज के समय में हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं। पर्यटन के कारण आज कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.7 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इंडोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है। भारतीय हमेशा से अतिथि देवो भवः की भावना को मानते आएं भारत में आया हुआ हर पर्यटक देश के लिए अतिथि समान होता है। इसलिए दुनिया का हर नागरिक एक बार भारत में पर्यटक बनकर जरूर आना चाहता है। भारतीय संस्कृति व पर्यटन स्थल पर्यटकों को एक अलग ही अहसास का अनुभव करवाती है। पर्यटन से राष्ट्रीयता की भावना मजबूत होती है। साथ ही पर्यटन से जीवन में उदारता व सहिष्णुता की भावना आती है। साधु-संत जो सामान्य मानव से ऊपर स्थान प्राप्त करते हैं। उसका मुख्य कारण उनकी घुमक्कड़ी स्वभाव ही है, जिसके चलते वह हर प्रकार का ज्ञान हासिल करते रहते हैं।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# रेबीज से मौत, दहशत में लोग

रेबीज से उत्पन्न हुई दर्दनाक घटनाओं ने समाज को भयभीत कर दिया है। आमजन इस बात से अचंभित हैं कि आखिर रेबीज का संक्रमण अचानक से इतना खतरनाक और जानलेवा कैसे हो गया? अकसर कुत्ता काटने के बाद पीड़ित रेबीज का टीका लगवा लेते हैं और एकाध सप्ताह में स्वस्थ हो जाते हैं। पर, अब घटनाएं जान लेने लगी हैं। कुछ दिन पहले की ही बात है जब गाजियाबाद में रेबीज इंफेक्शन के चलते सावेज नाम के एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। बच्चे को डेढ़ माह पूर्व पार्क में खेलते वक्त कुत्ते ने दाहिने पैर में काटा था। बच्चे ने डर के चलते यह बात परिजनों से छुपाई। कुछ दिन बाद रेबीज का संक्रमण बच्चे के शरीर में इतनी तेजी से फैला कि लक्षण साफ दिखाई देने लगा। पिता बच्चे को गोद में लेकर अस्पतालों के चक्कर काटता रहा। लेकिन, किसी भी अस्पताल ने इलाज नहीं किया। आखिरकार बच्चे ने तड़पकर पिता की गोद में ही दम तोड़ दिया। किशोर की दर्दनाक मौत लगातार चर्चा में है। इस घटना से दिल्ली-एनसीआर के लोग दहशत में हैं। बच्चे की मौत ने चिकित्सा तंत्र से लेकर शासन-सिस्टम को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। निश्चित रूप से इस घटना ने न सिर्फ गाजियाबाद के लोगों को, बल्कि समूचे देशवासियों को झकझोरा है। इस घटना के बाद कुत्ता काटने की घटनाओं में बेहताशा इजाफा हुआ है। करीब पांच सौ से ज्यादा घटनाएं गाजियाबाद में बीते दो माह में हुई हैं जिसमें पिछले सप्ताह एक और युवक की मौत रेबीज से हो गई। उसे भी एक लावारिस कुत्ते ने बीस-पच्चीस दिन पहले काटा था। रेबीज संक्रमण से फैली घटनाओं पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी गंभीर है। मंत्रालय ने रेबीज टीके के स्टॉक की समीक्षा करनी शुरू कर दी है। जहां टीको की उपलब्धता नहीं है, वहां मुहैया कराने के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी सभी जिलों के सीएमओ को आदेशित किया है। बहरहाल, रेबीज कितना खतरनाक होता है और दुष्परिणाम कैसे होते हैं इस कड़वी सच्चाई से सभी वाकिफ हैं, बावजूद इसके कुत्ता काटने के बाद लोग लापरवाही बरतते हैं, जबकि, ऐसे वक्त में चिकित्सीय सलाह की सख्त जरूरत होती है। कुत्ता काटने के शिकार पीड़ितों की भीड़ अस्पतालों में भी एकाएक बढ़ गई है। कई मर्तबा तो अस्पतालों में रेबीज के इंजेक्शनों का भी टोटा रहता है। उस स्थिति में पीड़ित औने-पौने दाम में निजी अस्पतालों से रेबीज के टीके खरीदते हैं। चिकित्सकों की माने तो रेबीज के लगभग 97 फीसदी केस संक्रमित कुत्ते के काटने के कारण ही होते हैं। कुत्ता काटने के 72 घंटों के भीतर एंटी-रेबीज वैक्सीन अवश्य लगवाना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर पीड़ित निश्चित रूप से रेबीज की चपेट में आएगा। हालांकि यहां एक महत्वपूर्ण बात बताना जरूरी हो जाती है कि रेबीज अन्य जानवरों से भी फैलता है, लेकिन उनका संकमण उतना प्रभावी नहीं होता, जितना कुत्ते का होता है। बाकी जानवरों के काटने के बाद टीका न भी लगे, तब भी घबराने की आवश्यकता नहीं होती। खुदा न खास्ता अगर कोई जहरीला जानवर या जंगली पशु-जनावर काटता भी है, तो उस घाव को साबुन से अच्छे से धोने से संक्रमण खत्म हो जाता है और खतरा भी टल जाता है। गली-मोहल्लों के कुत्ते हिंसक क्यों हो रहे हैं? क्यों सभी को काटने पर उतारू होते हैं? इस थ्योरी को भी समझने की जरूरत है। दरअसल, इसका एक मुख्य कारण है कुत्तों का भूखा रहना। एक जमाना था जब घरों में बनने वाले खाने का पहला निवाला या पहली रोटी कुत्तों की होती थी। पर, आज कोई भी बेजुबान जानवरों को भोजन परोसना नहीं चाहता। कुत्ते जब एकदम खाली पेट होते हैं, तभी लोगों पर टूटते हैं। पार्क या गली में खेलने वाले बच्चों के हाथों अगर कुत्ते थोड़ी सी भी खाने की वस्तु देख लें, तो झप्पटा मारने से बाज नहीं आते। शहरी क्षेत्रों में आवसीय परिक्षेत्रों का टोटा है। घरों के आंगन सिमट गए हैं। जब आंगन होते थे, तब कुत्तों को लोग खाना डाल देते थे, तब कुत्ते भी एक कोने में बैठकर अपने हिस्से के खाने का इंतजार करते थे। खाने के बाद कुत्ते शांत हो जाते थे। लेकिन अब उनकी भूख इस कदर बढ़ गई है जिससे वह कटखने हो रहे हैं। जो पालतू कुत्ते घरों में कैद रहते हैं, रस्सियों से बंधे होते हैं और अन्य कुत्तों के मुकाबले और हिंसक हो जाते हैं। रस्सी छूटने भर की देर होती है, हमला करते देर नहीं करते। बहरहाल, इस मसले पर गंभीरता से विचार करना होगा? घटना घटने पर सिर्फ कागजी प्रयासों के बूते यह विकराल समस्या नहीं सुलझने वाली? केंद्र या राज्य स्तर पर कोई कारगर नीति अपनानी होगी? इस वक्त समूचे भारत में छुट्टा पशुओं की बड़ी समस्या है। कोई ऐसा आवासीय क्षेत्र नहीं बचा है जहां कुत्तों के झुंड न देखे जाते हों? राहगीरों की राहों में मुसीबत बने हुए हैं। गली, मोहल्ले, चौक-चौराहों पर अकर इनका झुंड रास्ता घेर बैठा होता है। पलक झपकते ही अटैक करने लगते हैं। कुछ महीने पहले दिल्ली में घटी घटना ने भी सबके रोंगटे खड़े कर दिए थे। जहां दो सगे भाइयों को कुत्तों ने चबा-चबाकर मार डाला था। दिन छुपने के बाद लावारिस जानवर और ज्यादा हिंसक हो जाते हैं। इनका गाड़ियों के पीछे भागना और तेजी से भौंकने के चलते कई बार लोग दीवारों से टकराकर दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। घटनाएं हो जाने के बाद ही नगर निगम अधिकारियों की नींद टूटती है और कुत्तों को पकड़ने का जोरशोर से अभियान चलाते हैं। अच्छी बात है ऐसा होना चाहिए, लेकिन घटना घटने के बाद ही प्रशासन की तंद्रा क्यों टूटती है? उससे पहले भी इस समस्या पर ध्यान दिया जा सकता है।

## Social Media Corner

सच के हक में...




नेचर पार्क, हलचल भरी गुजरात साइंस सिटी के भीतर एक शांत और लुभावनी जगह है। प्रकृति प्रेमियों और वनस्पतिशास्त्रियों दोनों को इसे अवश्य देखना चाहिए। पार्क न केवल जैव विविधता को बढ़ावा देता है बल्कि लोगों के लिए एक शैक्षिक मंच के रूप में भी कार्य करता है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



मुझे खुशी है कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। अब तो इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। मैं इंदौर के सभी निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केन्द्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टोकहोल्डरस् की सराहना करती हूं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



रांची में राम कृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और संस्थान के शिक्षकों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# अशोक सिंघल को 'इसलिए' जरूरी है याद करना

साल 1926 में 27 सितंबर को जन्मे राष्ट्रवादी विचारधारा के वाहक, श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के माध्यम से बहुसंख्यक हिंदू समाज को स्वाभिमान से खड़ा करने वाले विश्व हिंदू परिषद के संस्थापक अशोक सिंघल ने अपना संपूर्ण जीवन हिंदू समाज के लिए खपा दिया। अशोक जी के व्यक्तित्व व उनके ओजस्वी विचारों का ही परिणाम है कि आज हिंदू समाज में सामाजिक समरसता का भाव दिखाई पड़ रहा है। संत समाज व विभिन्न अखाड़ा परिषदों को एक मंच पर लाने का दुष्कर कार्य अशोक जी से ही संभव हो सका। यह उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि आज देश का बहुसंख्यक समाज अपने आप को गर्व से हिंदू कहना चाहता है। अशोक सिंघल ने देश, समाज, हिंदू संस्कृति और संस्कार के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति तथा उस पर श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलनों की झड़ी लगा दी। जनसभाओं व कार्यक्रमों में अशोक जी के ओजस्वी भाषणों को सुनने के लिए भारी भीड़ जमा होती थी। जब यह भीड़ घरों की ओर प्रस्थान करती थी तो उसमें एक नयापन व ताजगी की उमंग होती थी ।अशोक जी में सभी को साथ लेकर चलने की अभूतपूर्व कला थी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और उसके प्रति संपूर्ण हिंदू समाज को जागरूक करने में खपा दिया। इसके परिणाम स्वरूप आज अयोध्या में भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर का निमार्ण तीव्र गति से पूर्णता की ओर अग्रसर हो रहा है। 1984 में अशोक जी ने श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का श्रीगणेश किया। यह आन्दोलन विभिन्न चरणों को पार करते हुए 31 अक्टूबर और 2 नवम्बर 1990 तक पहुंचा जब मुलायम सिंह यादव ने शांतिपूर्वक राम धुन गाते हुए पैदल चलते रामभक्तों पर गोलियां चलवा दीं और निहत्थे रामभक्तों को मौत के घाट उतार दिया गया। घटना से आहत सिंघल जी ने 6 दिसंबर 1992 को पुनः कारसेवा का आह्वान किया और इस बार जो हुआ वो हिन्दू संस्कृति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया। कारसेवकों ने भूमि को समतल कर अस्थायी राम मंदिर का निर्माण कर दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने एक स्वर से उसी स्थान को श्री राम जन्मभूमि स्वीकार किया। यह स्वर्गीय अशोक जी सपना था, जिसे नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले से पूरा कर दिया। संघ कार्य करते हुए अशोक सिंघल ने अपने आपको देश के एक सच्चे साधक के रूप में विकसित किया। वह 1942 में स्वयंसेवक बने। सरसंघचालक श्री गुरुजी ने 1964 में जाने- माने संत महात्माओं के साथ मिलकर विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की। 1966 में विश्व हिंदू परिषद में अशोक जी का पदार्पण हुआ। अदभुत योजक शक्ति, संगठन कुशलता, निर्भीकता, अडिग व्यक्तित्व और सबको साथ लेकर चलने की अशोक जी की विराटता का ही परिणाम है कि आज पूरे विश्व में सबसे प्रखर हिंदू संगठन के रूप में विश्व हिंदू परिषद का नाम लिया जा रहा है। यह उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि आज पाकिस्तान, बांग्लादेश और विश्व के अन्य देशों में यदि कोई हिंदू विरोधी या भारत विरोधी घटना घटित होती है तो वह प्रकाश में आती है। वे जहां भारत में अपनी संस्कृति व सभ्यता की रक्षा करने के लिए संघर्षरत रहते थे वे वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति किये जा रहे अत्याचारों के खिलाफ भी पूरे जोर शोर से आवाज उठाते थे। जम्मू- कश्मीर के हिंदुओं की समस्या के प्रति वे निरंतर गंभीर रहते तथा उनके दुखों को दूर करने का प्रयास भी करते थे। अशोक सिंघल ने अपने आंदोलनों के दौरान गंगा नदी की अविरलता के लिए व गोहत्या के खिलाफ भी पुरजोर आवाज उठाई।

# नकेल कसने की जरूरत

बुनियादी ढांचा अर्थव्यवस्था का आधार होता है। वित्तीय संकट की स्थिति में भी यही क्षेत्र अर्थव्यवस्था को संबल देता है। मगर देश में बुनियादी ढांचे की तस्वीर बहुत अच्छी नहीं है। इससे जुड़ी अधिकतर परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इसमें लगातार विलंब के कारण सरकारी खजाने पर खर्च का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, सिंचाई के संसाधन, बिजली, बंदरगाह, हवाई अड्डे और सामाजिक महत्त्व की योजनाएं शामिल होती हैं। व्यापक निवेश, लंबी अवधि और सामाजिक लक्ष्यों को देखते हुए ये नियमित परियोजनाओं से बहुत भिन्न होती हैं। इनमें अगर हीला-हवाली या भ्रष्टाचार का घुन लगता है, तो इसका सीधा असर विकास की गति पर पड़ता है। दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की पिछले महीने आई रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च वाली एक हजार सात सौ बासठ परियोजनाओं में से चार सौ बारह की लागत इस साल अगस्त तक तय अनुमान से 4.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है, जबकि आठ सौ तीस परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत बीते मार्च में पच्चीस लाख एक हजार चार सौ करोड़ रुपए आंकी गई थी, लेकिन अब इसे और बढ़ाकर उनतीस लाख अठहत्तर हजार छह सौ इक्यासी करोड़ रुपए किए जाने का अनुमान है। देर से चलने के कारण मूल लागत में बढ़ोतरी वाली परियाजनाओं की संख्या बीते मार्च में एक हजार चार सौ उनचास थी, जबकि देरी से चलने वाली परियोजनाओं की संख्या आठ सौ इक्कीस दर्ज की गई थी। पांच माह में दोनों में ही बढ़ोतरी हुई है। इन आंकड़ों से साफ है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की हालत दिनों-दिन खराब हो रही है। हालांकि मंत्रालय की रपट में परियोजनाओं की देरी का कारण कोविड के दौरान लागू पूर्णबंदी को बताया गया है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# ह्युंडई ने नई आई 20 एन लाइन को किया लॉन्च

## -मैनुअल ओर डीसीटी गियरबॉक्स में किया ऑफर

**नई दिल्ली ।**

ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी ह्युंडई ने इंडिया में नई आई 20 एन लाइन को लॉन्च किया है। परफॉर्मेंस्ड फोकस आई 20 एन लाइन को कंपनी ने मैनुअल ओर डीसीटी गियरबॉक्स में ऑफर किया है। कार में कई डिजाइन और कॉस्मैटिक के साथ साथ फीचर्स के भी बदलाव किए गए हैं। आई 20 एन लाइन को कंपनी ने एन 6 और एन 8 दो वेरिएंट्स में ऑफर किया है। कार के लॉन्च होने के साथ ही माना जा रहा है कि अब हैचबैक सेगमेंट पर ह्युंडई का कब्जा फिर एक बार हो सकता है। कार की बुकिंग कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है। नई एन लाइन में ऑल ब्लैक थीम के साथ रेड इंसर्ट दिए गए हैं। ये आपको स्टीयरिंग, सीट्स और गियर नॉब पर देखने को मिलेंगे। कार में फीचर्स के तौर पर स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, नेविगेशन और कनेक्टेड कार टेक, 7-स्पीकर बोस सिस्टम और सी-टाइप चार्जर पोर्ट का ऑप्शन मिलेगा। सेफ्टी फीचर्स में 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, हिल असिस्ट कंट्रोल, व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, ऑल डिस्क ब्रेक और ऑटो हेडलैम्प सहित 35 फीचर्स मिलेंगे। कार के इंजन की बात की जाए तो इसमें कंपनी ने 1.0 लीटर का टर्बोचार्ज पेट्रोल इंजन दिया है। ये कार को 118 बीएचपी की पावर देता है। इसी के साथ 172 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। कार में अब कंपनी




ने 16 इंच के नए अलॉय व्हील दिए हैं। फ्रंट ग्रिल पर आपको एन की ब्रांडिंग भी देखने को मिलेगी। कार को एक नया कलर एबिस ब्लैक भी दिया गया है। इसी के साथ एटलस वाइट, टाइटन ग्रे, थंडर ब्लू, स्टारी नाइट ऑप्शन भी आप सलेक्ट कर सकते हैं। बता दें कि आई 20 फेसलिफ्ट के लॉन्च के कुछ ही समय में ह्युंडई ने एक और धमाका कर दिया है।

# सेल्टॉस की 2 महीने में 50 हजार से ज्यादा बुकिंग

## -14 जुलाई को ही शुरू कर दी थी बुकिंग



**नई दिल्ली ।**

बीते 21 जुलाई को लॉन्च हुई किआ कंपनी की सेल्टॉस की 2 महीने के अंदर ही 50 हजार से ज्यादा बुकिंग हो गई हैं। कार की बुकिंग कंपनी ने हालांकि 14 जुलाई को ही शुरू कर दी थी। इसी के साथ कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में सेल्टॉस सबसे तेज 50 हजार की बुकिंग का आंकड़ा छूने वाली गाड़ी बन गई है। आसान शब्दों में इस बात को समझें तो देश भर में हर दिन किआ सेल्टॉस की 833 यूनिट्स से ज्यादा बुकिंग हो रही है। किआ इंडिया के सेल्स एंड बिजनेस हैड मायुंग सिक सोहन ने कहा कि सेल्टॉस लोगों के लिए भरोसेमंद कारों में से एक बन गई है। उन्होंने बताया कि वेटिंग पीरियड को कम करने के लिए हमने प्रोडक्शन को ऑप्टिमाइज किया है।

हम चाहते हैं कि ग्राहकों तक उनकी पसंदीदा एसयूवी बिना इंतजार के पहुंचे। किआ सेल्टॉस के टॉप मॉडल को लोग सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। सेल्टॉस एचटीएक्स की कुल बुकिंग में 77 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वहीं 47 प्रतिशत बुकिंग उन मॉडल्स की है जो अडास फीचर से लैस हैं। इससे ये साफी पता चलता है कि लोग लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ ही बेस्ट इन क्लास फीचर्स और एक सेफ कार की चाहत रखते हैं। वहीं 17 फीचर्स ऐसे हैं जो वेरिएंट के हिसाब से आपको मिलते हं। सेल्टोस में डुअल स्क्रीन, पैनारॉमिक सनरूफ, डुअल जोन फुली ऑटोमैटिक एयर कंडीशनर, वेंटीलेटेड सीट्स जैसे कई शानदार फीचर्स भी दिए गए हैं।अपने सेगमेंट में किआ सेल्टॉस सबसे ज्यादा सेफ्टी फीचर्स ऑफर करने वाली कार है। इसमें 32 सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं। इसमें से 15 सेफ्टी फीचर्स ऐसे हैं जो स्टैंडर्ड तौर पर कार में दिए हैं।

# भारत से मोबाइल फोन निर्यात 45,000 करोड़ रुपये के पार, एप्पल सबसे आगे

**नई दिल्ली।**

'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देते हुए, भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) के मोबाइल फोन निर्यात किए। आईएएनएस को मिले वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात हुए, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में 3 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। उद्योग सूत्रों के अनुसार अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत निर्मित फोन निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा और पहली बार कुल अनुमानित आंकड़े के 50 प्रतिशत से अधिक को पार कर सैमसंग दूसरे स्थान पर रहा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि जून तिमाही में, एप्पल ने देश के कुल 12 मिलियन स्मार्टफोन शिपमेंट में से लगभग 50 प्रतिशत निर्यात किया, जबकि सैमसंग ने 45 प्रतिशत निर्यात किया। यह पहली बार है जब एप्पल ने देश से स्मार्टफोन निर्यात मात्रा में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसमें आईफोन 15 सीरीज की मजबूत बिक्री और मांग देखी गई जो पिछले साल की तुलना में 100 प्रतिशत (या 2 गुना) से अधिक थी। भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है, जिसमें एप्पल वित्त वर्ष 24 में 50 प्रतिशत से अधिक के साथ बाजार में अग्रणी रहेगा। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घरेलू विनिर्माण से प्रेरित, एप्पल आईफोन इस साल एंड्रॉइड-प्रभुत्व वाले स्मार्टफोन बाजार में 7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भी तैयार है। देश में इस साल की पहली छमाही में एप्पल आईफोन शिपमेंट में 68 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई। मार्केट रिसर्च फर्म साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, पहली छमाही में एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की और 63 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच) पर अपना दबदबा बनाया। पहली बार एप्पल ने अपनी वैश्विक बिक्री के पहले दिन भारत निर्मित आईफोन 15 और 15 प्लस बेचे, साथ ही उन इकाइयों को कुछ अन्य बाजारों में भी निर्यात किया।

# 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल बढ़कर हुआ 26 प्रतिशत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारतीय कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं की संखे या में बढ़ोत्तरी आई है। 2023 में महिला कार्यबल बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया। यह 2021 में 21 प्रतिशत था। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जहां उच्चतम और निम्नतम महिला उपस्थिति वाले उद्योगों के बीच महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 38 प्रतिशत का अंतर है। इससे पता चलता है कि महिलाएं कम महिला प्रतिनिधित्व वाले उद्योगों में भी काम कर रही है। इसके अलावा, लगभग आठ प्रतिशत भारतीय सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) महिलाएं हैं, जिनमें से 32 प्रतिशत महिलाएं वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर हैं, जिनके संगठनों में महिला साथियों की कमी है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की सीईओ यशस्विनी रामास्वामी ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसके परिणामस्वरूप 89 प्रतिशत महिलाएं अपनी भूमिकाओं से मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।

उन्होंने कहा, यह 2021 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में प्रभावशाली 26 प्रतिशत हो गई है, जिसमें सबसे अच्छे कार्यस्थल अपने समकक्षों की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक महिलाओं को रोजगार देकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा और प्रशिक्षण और गैर-लाभकारी और चैरिटी आर्गेनाइजेशन जैसे क्षेत्र, क्रमशः 45 प्रतिशत और 47 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व के साथ बढ़े हुए विश्वास स्तर को प्रदर्शित करते हैं। जबकि, परिवहन, विनिर्माण और उत्पादन जैसे उद्योग, 13 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की कम लिंग विविधता के साथ, अभी भी कर्मचारियों के बीच मध्यम से उच्च विश्वास स्तर हासिल करने का प्रबंधन करते हैं।

रिपोर्ट में पाया गया कि 'सभी के लिए' अनुभव को प्राथमिकता देने वाले संगठनों में पेशेवर और नेतृत्व विकास के साथ-साथ निर्णय लेने में कर्मचारियों की भागीदारी 14 प्रतिशत बढ़ी है।

# अदाणी पोर्ट्स एंड सेज ने किया ऐलान, शेयर में आई तेजी

**मुंबई ।**

अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन ने बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह 2024 में मैच्योर होने वाले 195 मिलियन डॉलर के बॉन्ड्स को टेंडर ऑफर के द्वारा बॉयबैक करेगी। कंपनी ने 27 सितंबर को इसकी जानकारी देकर बताया कि वह इस खरीदारी की फंडिंग अपने पास रखे कैश रिजर्व से करेगी। 11 अक्टूबर तक टेंडर किए गए डेट के लिए, कंपनी 1,000 डॉलर के हर मूलधन यानी प्रिंसिपल पर 975 डॉलर का भुगतान करेगी। इसके बाद ऑफर की कीमत 1,000 डॉलर के मुकाबले कम होकर 965 डॉलर हो जाएगी। कंपनी की तरफ से इस ऑफर के ऐलान के बाद इसके शेयरों में उछाल देखा गया। सुबह 10ः 19 बजे कंपनी के शेयर बीएसई पर 0.66 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 826.25 रुपये प्रति शेयर हो गए। वहीं, एनएसई पर भी कंपनी के शेयरों में 0.46 प्रतिशत की उछाल देखी गई और इसके शेयर 825.15 रुपये पर पहुंच गए।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले छह माह में, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन का स्टॉक सेंसेक्स बेंचमार्क के 14 प्रतिशत के मुकाबले 31 प्रतिशत चढ़ गया है। इस साल की शुरुआत में, हिंडनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद, स्टॉक ने 3 मार्च को 52-सप्ताह के निचले स्तर 394 रुपये प्रति शेयर को छू लिया था, जबकि 16 नवंबर, 2022 को यह 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 916 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। अदाणी की कंपनी ने 2024 तक बकाया 3.37 प्रतिशत सीनियर नोट खरीदने के लिए कैश टेंडर ऑफर लांच किया है। कंपनी चाहती है कि वह छोटे पीरियड में मैच्योर




होने वाले अपने डेट का आंशिक पेमेंट कर दे। गौरतलब है कि कुछ ही महीनों में नोट्स के लिए ये कंपनी की दूसरा टेंडर ऑफर होगा। पहला ऑफर कंपनी ने मई में 130 मिलियन डॉलर के नोटों का निपटान करने के लिये किया था।

## रुपया बढ़त पर बंद

नई दिल्ली । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 83.20 पर बंद हुआ। आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में रिकवरी देखी गयी। शुरुआती



कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे की तेजी के साथ 83.23 पर पहुंच गया। वहीं सुबह रुपया 83.23 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 83.21 से 83.24 के बीच कारोबार करता दिखा। बाद में रुपया अपने पिछले बंद से 5 पैसे ऊपर 83.23 पर कारोबार कर रहा था। वहीं गत दिवस रुपया कमजोर होकर 83.28 पर बंद हुआ था। गत दिवस रुपये के गिरने का कारण अमेरिकी ट्रेजरी में बढ़ोतरी और डॉलर के मजबूत होने के कारण रुपये की गिरावट को माना गया है। इसके अलावा, फेडरल रिजर्व नीति निर्माता द्वारा लंबे समय तक ब्याज दर वृद्धि चक्र के संकेत के बाद अमेरिकी डॉलर दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।




## बैंक कर्मचारी 4 दिसंबर से 20 जनवरी के बीच 13 दिन की हड़ताल करेंगे

**चेन्नई।** बैंकिंग क्षेत्र के सबसे बड़े कर्मचारी संघ, ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर 4 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 के बीच देश भर में श्रृंखलाबद्ध हड़ताल का आह्वान किया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा, सरकार और बैंकों की ओर से बैंकों में क्लेरिकल और अधीनस्थ कैडर्स में कर्मचारियों की संख्या कम करने और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। विचार बिल्कुल स्पष्ट है कि वे कम वर्कर चाहते हैं जो औद्योगिक विवाद अधिनियम द्वारा शासित हों। इसी तरह हमने यह भी पाया है कि हमारे द्विपक्षीय समझौते के अनुसार वेतन के भुगतान से बचने के लिए बैंकों में नियमित और स्थायी नौकरियों को अनुबंध के आधार पर आउटसोर्स करने का एक वंचित प्रयास किया जा रहा है। इसके कारण, बैंकों में लिपिक (क्लेरिकल) कर्मचारियों की भर्ती में साल-दर-साल भारी कमी आई है और अधीनस्थ कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगभग प्रतिबंध लगा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों को उचित पारिश्रमिक के बिना अस्थायी और आकस्मिक आधार पर नियोजित किया जा रहा है। एआईबीईए ने 4-11 दिसंबर तक विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों में हड़ताल की घोषणा की है और 2-6 जनवरी तक विभिन्न राज्यों में बैंकर काम पर हड़ताल करेंगे। इसके बाद 19-20 जनवरी, 2024 को दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंकरों की हड़ताल होगी।

## नोमुरा के अपग्रेड के बाद निफ्टी में उछाल

**नई दिल्ली ।** नोमुरा ने भारतीय बाजारों की रेटिंग बढ़ाकर 'ओवरवेट' कर लिया, जिसके बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक दायरे में लौट आए। यह जानकारी मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने दी।इंडेक्स हैवीवेट शेयरों में खरीदारी के बीच निफ्टी निचले स्तरों से उबर गया और 52 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 19716 के स्तर पर बंद हुआ। उन्होंने कहा कि निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में क्रमशः 0.8 फीसदी और 1 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ व्यापक बाजार ने बेहतर प्रदर्शन किया। फार्मा, एफएमसीजी और पीएसयू बैंक के शीर्ष पर रहने के साथ अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। उन्होंने कहा कि पिछले दिन की बिकवाली के बाद बाजार में कुछ राहत देखी गई लेकिन बढ़ती ब्याज दरों, कच्चे तेल की कीमतों और चीन में विकास संबंधी चिंताओं को देखते हुए दबाव अभी भी जारी है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विशे लेषक रूपक डे ने कहा कि निफ्टी ने दिन के दौरान मजबूत सुधार दिखाया, जिसे 50ईएमए पर समर्थन मिला। दिन का समापन बुलिश एनगल्फिंग पैटर्न के निर्माण के साथ हुआ। सूचकांक में पर्याप्त तेजी की आशा के लिए एक स्पष्ट ब्रेकआउट जरूरी है। 19,750 से आगे एक निर्णायक कदम संभावित रूप से सूचकांक को 19,900 तक धकेल सकता है। नकारात्मक पक्ष पर समर्थन 19,600 पर स्थापित है।




# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

## सेंसेक्स 173 अंक , निफ्टी 51 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन कमजोर शुरुआत के बाद भी अंतिम घंटे में लिवाली (खरीददारी) से बाजार में ये उछाल आया। एशियाई और यूरोपीय बाजारों में आई तेजी के रुख के बीच ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस , एलएंडटी और आईटीसी के शेयरों में आये उछाल से बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.22 अंक करीब 0.26 फीसदी बढ़कर 66,118.69 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी कारोबार के दौरान 51.75 अंक करीब 0.26 फीसदी ऊपर आकर 19,716.45 पर बंद हुआ।

आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में एलएंडटी के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.71 फीसदी की बढ़त रही। इस दौरान आईटीसी, सनफार्मा, मारुती, रिलायंस, एक्सिस बैंक, विप्रो, इन्फोसिस सहित 21 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। दूसरी ओर टाइटन ,एसबीआई, एचडीएफ़सी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक बैंक और टाटा स्टील समेत 9 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। टाइटन के शेयर सबसे ज्यादा 1.24 फीसदी गिरे। एशियाई बाजारों की बात करें तो सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजारों में गिरावटर रही जबकि यूरोप के ज्यादातर बाज़ार ऊपर आये हैं। गत दिवस अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

गत दिवस विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 693.47 करोड़ रुपये




की इक्विटी बेची। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी होने से आई है। कारोबार के दौरान बीएसई सूचकांक 200 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 65,800 पर कारोबार करता दिखा। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 54 अंक टूटकर 19,610 के स्तर पर कामकाज करता नजर आया। सुबह गिफ्ट निफ्टी में भी गिरावट रही और ये 50 अंक नीचे आकर 19,600 के स्तर पर कामकाज करता नजर आया। जानकारों के अनुसार चीन और ऑस्ट्रेलिया के महंगाई आंकड़ों के आने से पहले ही एशियाई बाजारों में भी दबाव का माहौल है। निक्केई, कोस्पी और एएसएक्स करीब 0.75 फीसदी के दायरे में नीचे थे, जबकि हैंग सेंग 0.03 फीसदी बढ़ा।

## फिनटेक फर्म ब्राइट मनी ने इक्विटी, डेट राउंड में 62 मिलियन डॉलर जुटाए

**बेंगलुरु।** कंज्यूमर फिनटेक कंपनी ब्राइट मनी ने बुधवार को घोषणा की कि उसने इक्विटी और डेट राउंड में 62 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। फंडिंग में एनसिना लेंडर फाइनेंस से 50 मिलियन डॉलर का ऋण और अल्फा वेव, हमिंगबर्ड और पीक एक्सवी के नेतृत्व में 12 मिलियन डॉलर की इक्विटी शामिल है। भारत में 180 से ज्यादा टीम के सदस्यों के साथ, कंपनी ने कहा कि वह विशेष रूप से अमेरिका में मिलेनियल्स को आक्रामक रूप से पूरा करने के लिए नए फंड का उपयोग करेगी। ब्राइट मनी के सह-संस्थापक और सीटीओ वरुण मोदी ने कहा, ÷ब्राइट मनी में, हम यूजर्स को एआई-संचालित वित्तीय योजना के साथ ऋण-मुक्त होने में मदद करने के लिए मौजूद हैं। ब्राइट मनी के इंटेलिजेंस सिस्टम मनी मैनेजमेंट में डेटा-संचालित असिस्टेंट के रूप में काम करने के साथ-साथ पर्सनलाइज पेमेंट प्लान बनाने में मदद करते हैं।÷ ब्राइट मनी ऐप एआई और मशीन लर्निंग के पावर से कंज्यूमर्स को कर्ज से बाहर निकलने में मदद करता है। ब्राइट मनी प्रोडक्ट्स में क्रेडिट स्कोर निर्माण, स्वचालित ऋण भुगतान योजना, वित्तीय नियोजन, बजट नियोजन उपकरण और पुनर्वित्त ऋण शामिल हैं। यह क्रेडिट कार्ड, छात्र ऋण और कार ऋण के साथ काम करता है। 2019 में स्थापित, कंपनी का लक्ष्य बड़े डेटा और एआई द्वारा संचालित वैश्विक खुदरा बैंकों के संचालन को नया आकार देना है। ब्राइट मनी के सह-संस्थापक और सह-सीईओ, एवी पैचवा ने कहा, ÷हमने पिछले साल में 6 गुना वृद्धि देखी है और अब हम सैकड़ों यूजर्स तक पहुंच गए हैं। हमारा मानना है कि डेटा एक पॉजिटिव फोर्स है, जिसका अगर प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए तो ट्रांसफॉर्मेटिव प्रभाव हो सकता है।÷एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, कुल अमेरिकी कंज्यूमर कर्ज हाल ही में पहली बार 17 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है।



# लुलु ग्रुप ने हैदराबाद में खोला मॉल, 3,500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना

**हैदराबाद ।**


संयुक्त अरब अमीरात स्थित रिटेलर लुलु ग्रुप ने बुधवार को हैदराबाद में अपना पहला मॉल खोलकर तेलंगाना में प्रवेश किया। समूह ने अगले तीन वर्षों में राज्य में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। तेलंगाना के उद्योग मंत्री केटी रामा राव ने 5,00,000 वर्ग फुट में फैले मॉल का उद्घाटन किया। लुलु समूह के अध्यक्ष यूसुफ अली ने कहा कि वे तेलंगाना में अगले तीन वर्षों में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 100 प्रतिशत निर्यात की सुविधा के लिए निवेश एक गंतव्य शॉपिंग मॉल, मिनी मॉल और कृषि सोर्सिंग, लॉजिस्टिक्स और प्रोसेसिंग हब में होगा। उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना हैदराबाद में मांस प्रसंस्करण सहित निर्यातोन्मुख अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र होगी। उन्होंने कहा, स्थानीय मछुआरा समुदाय का समर्थन करने के लिए हम मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र (सिरसिला) में समुद्री खाद्य खरीद और प्रसंस्करण केंद्र की योजना बना रहे हैं। केटी रामा राव ने कहा कि मॉल पहला कदम था। लुलु समूह ने सुपरमार्केट, मॉल, खाद्य प्रसंस्करण, जलीय और मछली प्रसंस्करण सहित संबद्ध क्षेत्रों में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया था। उन्होंने कहा कि इससे न केवल तेलंगाना में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि मछली और पोल्ट्री किसानों को भी लाभ होगा।

यह मॉल कुकटपल्ली क्षेत्र में बना है। 300 करोड़ रुपये की परियोजना हैदराबाद और इसके आसपास के लोगों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारी का अनुभव प्रदान करेगी। मॉल 75 से अधिक स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ एक मेगा लुलु हाइपरमार्केट, 1,400 लोगों की बैठने की क्षमता वाला एक पांच-स्क्रीन सिनेमा, एक बहु-व्यंजन फूड कोर्ट और बच्चों के मनोरंजन केंद्र आदि की मेजबानी करता है।

लुलु हाइपरमार्केट ताजा उपज और किराने की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इसमें 'लुलु फैशन स्टोर' और 'लुलु कनेक्ट' ब्रांड नामों के तहत फैशन, घरेलू उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, आईटी और जीवन शैली उत्पादों के लिए अलग-अलग अनुभाग होंगे।

## सरकार जल्द ही सीनियर सिटीजन्स को दे सकती है राहत भरी खबर, हेल्थ इंश्योरेंस पर घटेगी जीएसटी दर

**बिजनेस डेस्क:**




केंद्र सरकार जल्द ही सीनियर सिटीजन्स के लिए राहत भरी खबर ले कर आ सकती है। सूत्रओं के अनुसार, सीनियर सिटीजन्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी को कम कर सकती है। वित्त मामलों की स्थायी समिति ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी घटाने की सिफारिश की है। जीएसटी की दर 18 से घटाकर 12त्न की जा सकती है। बीमा कंपनियां और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता जीएसटी कटौती पर जोर दे रहे हैं। 7 अक्टूबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की होने वाली बैठक में इस बात पर फैसला हो सकता है। अगर जीएसटी में कटौती की गई तो इससे सीनियर सिटीजन्स को काफी राहत मिलेगी। आपको बतां दे कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगी। जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में इंश्योरेंस पर जीएसटी को लेकर चर्चा संभव है। साथ ही जानकारी है कि ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर भी चर्चा हो सकती है।

# महाराष्ट्र का स्विटजरलैण्ड

# लोनावाला



**मुंबई की तेज रफ्तार और भागदौड़ से दूर अगर आप थोड़ा सुकून भरा समय बिताना चाहते हैं, तो लोनावाला हिल स्टेशन का रुख कर सकते हैं। पुणे से 64 किलोमीटर दूर और मुंबई से 96 किलोमीटर दूर खूबसूरत नजारों से भरपूर है लोनावला। सह्याद्रि पर्वत की गोद में बसा लोनावाला का सुहाना मौसम और प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर खींचती है। पर्यटक बारिश के मौसम में वहां जाना पसंद करते हैं। इन दिनों लोनावला की प्राकृतिक छटा निखर जाती है।**

लोनावाला महाराष्ट्र का एक हिल स्टेशन है। इसे सहाद्रि पहाडियों के मणि के नाम से भी जाना जाता है। इसे स्वास्थ्यवर्घक पर्यटक स्थल के रुप में भी जाना जाता है। यह समुद्र तल से 625 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इसे मुंबई और पूना का प्रवेश द्वार भी माना जाता है। लोनावाला के नजदीक ही बौद्व धर्म से संबंधित बाजा तथा कार्ले की प्रसिद्ध गुफाएं हैं।

लोनावला के इतिहास में मराठा और पेशवाओं की कई यादें जुड़ी हैं। जिसे आज भी वहां देखा जा सकता है। 1871 में मुंबई प्रेसीडेंसी के गर्वनर ने लोनावला हिल स्टेशन की खोज की। यहां पर्यटकों के देखने के लिए बहुत कुछ है। जैसे कार्ला, बैजा बौद्ध गुफाएं, जिन्हें देखकर महात्मा बुद्ध के जीवन की याद आती है। यहां उनके जीवन से जुड़े कई चित्र देखने को मिलते हैं। यहां देवी एकवीरा का प्रसिद्ध मंदिर भी है।

लोनावाला महाराष्ट्र के पश्चिम भाग में स्थित है। यह मुंबई से 106 किलोमीटर दक्षिण में है। यहां का मौसम खुशनुमा होता है। गर्मी यहां अप्रैल से जून महीने के बीच पड़ती है। नवंबर से फरवरी के बीच यहां जाड़े का मौसम होता है। यहां दक्षिण-पश्चिमी मानसून के कारण जून और सितंबर के बीच भारी बारिश होती है।

## अतीत के झरोखे से

लोनावाला और इसके आसपास का क्षेत्र दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में महत्वूपर्ण बौद्ध केंद्र था। इस क्षेत्र में अभी भी कई प्राचीन बौद्ध मंदिर हैं। इन मंदिरों का निर्माण पत्थरों को काट कर किया गया था। छत्रपति शिवाजी ने इस क्षेत्र पर शासन किया था। बाद में यह क्षेत्र पेशवाओं के नियंत्रण में आ गया। इसके बाद अंग्रेजों ने पेशवाओं को पराजित कर इस क्षेत्र पर कब्जा जमा लिया।

## क्या देखें

यहां देखने के लिए काफी कुछ है। आप यहां प्राचीन बौद्ध मंदिर,भव्य किले तथा पहाडियां देख सकते हैं। इसके अलावा यहां पहाड़ पर चढ़ाई का भी मजा लिया जा सकता है।

**बुशी डैम-** यह लोनावाला से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह यहां का सबसे प्रसिद्ध पिकनिक स्थल है। मानसून के मौसम में सप्तांहत में यहां काफी भीड़-भाड़ रहती है। लेकिन यहां घूमने आने वाले को कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती है क्योंकि इस डैम के पानी का स्तर एकाएक बढ़ जाता है। इस डैम में स्वीमिंग की अनुमति नहीं है।

**रेवुड पार्क-** यह पार्क लोनावाला के मुख्य बाजार के ठीक पीछे स्थित है। यह एक जैविक उद्यान है। इस पार्क के विपरीत दिशा में एक पुराना ईसाई कब्रिस्तान है। इसकी बहुत सी कब्र सौ साल पुरानी है। कुछ कब्रों के नीचे तहखाने भी बने हुए हैं। इन कब्र पर बहुत सुंदर नक्काशी की गई थी। लेकिन लुटेरों ने इन कब्र को लूट लिया। अब स्थानीय लोग इस पार्क को एक पिकनिक स्पॉट के रुप में उपयोग करते हैं।

**ड्यूक नोज-** इसका नाम एक ब्रिटिश गर्वनर के नाम पर पड़ा। ड्यूक नोज के शिखर को स्थानीय लोग नागफनी के नाम से पुकारते हैं। खंडाला स्टेशन से इसके शिखर पर आसानी से पैदल चढ़ा जा सकता है। लेकिन आपको इस पर चढ़ने से पहले अपनी आवश्यकता अनुसार पानी रख लेना चाहिए। इस पहाड़ी के नजदीक ही सौसेज हिल तथा आईएनएस शिवाजी है। सौसेज हिल पर एक छोटा सा जंगल है जो कि पक्षी के विभिन्न प्रजाति के लिए प्रसिद्ध है।



**कार्ले तथा भज गुफा-** लोनावाला से 15 किलोमीटर (पुणे जाने के रास्त पर) जाने पर आपको पत्थरों को काट कर बनाई गई गुफाएं तथा मंदिर दिख जाएंगे। ये गुफाएं तथा मंदिर बौद्ध धर्म से संबंधित है। लोनावाला से यहां जाने के लिए आप ऑटो या मालावी स्टेशन से लोकल ट्रेन द्वारा जा सकते है। मालावी के दायीं तरफ भज तथा बायीं तरफ कार्ले है। यह मालावी स्टेशन से कुछ ही दूरी पर है जहां आप पैदल या ऑटो द्वारा जा सकते हैं।

कार्ले की गुफाएं पत्थरों को काट कर बनाई गई गुफाओं का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इस गुफा के स्तम्भ पर बेहतरीन नक्काशी की गई है। इस गुफा का निर्माण प्रथम शताब्दी में हीनयान सम्प्रदाय ने आरंभ करवाया था। बाद में इस गुफा को महायान संप्रदाय ने अपने नियंत्रण में लिया। इस गुफा के मुख्य हाल के बाहर कोली मंदिर है।

कार्ले की गुफाओं के विपरीत दिशा में भज की गुफाएं स्थित है। यह मालावी स्टेशन से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भज की गुफाओं का निर्माण दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में हुआ था। यहां की गुफाएं कार्ले की गुफाओं से ज्यादा सुरक्षित अवस्था में है। यहां खाना खाने के लिए इंद्राणी रेस्टोरेंट है। इसमें दक्षिण भारतीय तथा चाइनीज भोजन परोसा जाता है। इसी के बगल से इंद्रायणी नदी बहती है।







## लोनावाला के आसपास

### लौहगढ़ किला

इस किले का नाम लौहगढ़ इसलिए पड़ा क्योंकि इसे अपराजेय किला माना जाता था। यह मालावी स्टेशन से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भज गांव में स्थित है। यहां से एक रास्ता लौहगढ़ के किले के लिए जाता है। पहले इस किले का उपयोग बौद्ध भिक्षु करते थे। बाद में इस किले पर मुगलों ने अधिकार कर लिया। इस किले में एक दरगाह है। किले में प्रवेश करते ही इस दरगाह पर नजर पड़ जाती है। इस किले के बायीं ओर पावना झील तथा तिकोना किला है। इससे आगे तुंग किला तथा कोरेगढ किला है। इसके दाहिने ओर वलवन डैम तथा झील है।

**विशपुर किला-** यह किला लौहगढ़ किला के विपरीत दिशा में है। यहां जाने के लिए मालावी स्टेशन से पैदल पतन गांव जाना होता है। इस गांव से एक रास्ता विशपुर के किले को जाता है। यह किला लौहगढ़ के किले से ज्यादा बड़ा है। इस किले में यहां के सरदार का आवास अभी भी भग्नावस्था में है। कहा जाता है इस किले में कैदियों को रखा जाता था इस वजह से यहां लोहे के मजबूत दरवाजे लगवाए गए थे। इस किले से यहां की हरी-भरी पहाड़ी और घाटी का मनोरम दृश्य दिखाई देता है।

**तिकोना किला-** लोनावाला से एक रास्ता पावना झील होते हुए तिकोना को जाता है। इसके शिखर पर एक बौद्ध गुफा तथा कुछ जल कुण्ड हैं। जाड़े के मौसम में पावना झील में तिकोना किला का प्रतिबिंब दिखता है।

**तुंग किला-** इस किले पर कुछ जल कुण्ड तथा सुरक्षा प्राचीरें हैं। यहां से लौहगढ़,विशपुर तथा तिकोना किला एंव पावना झील का सुंदर नजारा दिखता है। कोरेगढ़ किला भी यहां से ज्यादा दूर नहीं है। लोनावाला से तिकोना किला के लिए बसें चलती हैं।



## झीलें

लोनावाला को पश्चिमी भारत के झीलों का जिला कहा जाता है। इस जिले में कई झीलें हैं। लेकिन यहां,कोई भी झील प्राकृतिक नहीं है। इन झीलों में लोनावाला झील,मानसून झील,तथा वालवान झील प्रमुख है। टाटा कंपनी ने भी यहां अपनी कई झीलें निर्मित की हैं। वह इन झीलों से बिजली उत्पन्न करती है।

## भोजन

लोनावाला में कई अच्छे रेस्टोरेंट हैं। यहां गुजराती भोजन मिलता है। यहां एक थाली गुजराती भोजन 45 से 65 रु.के बीच में मिलती है। इसके अलावा यहां कई उडुपी तथा डोसा परोसने वाले होटल भी हैं। मुंबई-पुणे मार्ग पर भी कई रेस्टोरेंट और ढाबें हैं। यहां आपको वड़ा पाव तथा चाइनीज भोजन भी मिल जाएगा।

खंडाला में भी कई रेस्टोरेंट हैं। यहां का कामत तथा ताज रेस्टोरेंट सबसे अच्छा है। इन रेस्टोरेंटों का तंदूरी तथा मुगलई फ्राई प्रसिद्ध है। अगर आप भज तथा कार्ले घूमने जाएं तो एमटीडीसी के होटल के भोजन का स्वाद जरुर लें। इस होटल में भारतीय भोजन के साथ-साथ चाइनीज,गुजराती तथा दक्षिण भारतीय भोजन भी परोसा जाता है।

## खरीदारी

लोनावाला मिठाईयों के लिए प्रसिद्ध है। यहां की चिक्की पूरे भारत में प्रसिद्ध है। इसे मूंगफली, काजू, तिल, बादाम, पिस्ता, अखरोट, खजूर आदि कई चीजों को मिला कर बनाया जाता है। इसके अलावा यहां का ब्रिटल कैंडीभी प्रसिद्ध है।

## कैसे जाएं

**हवाई मार्ग :** लोनावाला का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा पुणे है। यह लोनावाला से 64 किलोमीटर की दूरी पर है।

**रेल मार्ग :** लोनावाला में रेलवे स्टेशन है। यह मुंबई-पुणे रुट पर स्थित है। इस रुट पर चलने वाली सभी ट्रेने लोनावाला रुकती है।

**सड़क मार्ग :** लोनावाला सड़क मार्ग से पुणे और मुंबई से जुड़ा हुआ है। मुंबई और पुणे से लोनावाला के लिए बस सेवा हर समय उपलब्ध है। सड़क मार्ग द्वारा मुंबई से लोनावाला जाने में 4 घंटे लगते हैं जबकि पुणे से सड़क मार्ग द्वारा लोनावाला जाने में 2 घंटे लगते हैं।

# मणिपुर में हिंसा पर लगाम लगाने में असफल रहे सीएम, केंद्र तत्काल हटाएं : खड़गे

### –दो छात्रों की हत्या पर मोदी सरकार को घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को हथियार बनाया गया है। उन्होंने पिछले 147 दिन से हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया। खड़गे ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की भी मांग की। खड़गे ने कहा, 147 दिन से मणिपुर के लोग पीड़ित हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, इस हिंसा में छात्रों को निशाना बनाए जाने की भयावह तस्वीरों ने फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। अब यह स्पष्ट है कि इस संघर्ष में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को हथियार बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि खूबसूरत राज्य मणिपुर को भाजपा के कारण युद्धक्षेत्र में बदल दिया गया है।

खड़गे ने कहा, अब समय आ चुकी है, कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के अक्षम मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें। आगे की किसी भी उथल-पुथल को नियंत्रित करने के लिए यह पहला कदम होगा। उनकी यह टिप्पणी मंगलवार को दो युवा छात्रों की हत्या की खबर सामने आने के बाद आई है। मणिपुर सरकार ने कहा कि उसने दो युवा छात्रों की हत्या का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया है। सुरक्षा बलों ने भी अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के संज्ञान में आया है कि पीड़ितों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनकी पहचान फिजाम हेमजीत (20) और हिजाम लिनथोइंगंबी (17) के रूप में हुई है। दोनों जुलाई से लापता थे। दो छात्रों की हत्या के बाद पूर्वोत्तर राज्य में छात्रों ने बड़े पैमाने पर आंदोलन किया। राज्य सरकार ने भी इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के महज चार दिन बाद मंगलवार से एक अक्टूबर तक पांच दिनों के लिए फिर निलंबित कर दीं। छात्रों की हत्या की जांच में तेजी लाने के लिए निदेशक प्रवीण सूद के नेतृत्व में एक विशेष सीबीआई टीम बुधवार को एक विशेष उड़ान से इंफाल पहुंचेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जून में हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा किया था, जबकि जुलाई में विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भी पूर्वोत्तर राज्य गया था। कांग्रेस ने जातीय हिंसा की निंदा करते हुये मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की मांग की थी, और राज्य का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना भी की थी।

## बिहार में लोजपा के नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, लोगों ने सड़क की जाम

गया। गया में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े शातिर बदमाशों ने लोजपा नेता अनवर खान की की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी है। बदमाशों ने जिले के अंतर्गत आमस थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव के समीप इस घटना को अंजाम दिया है। शातिर बदमाशों ने लोजपा नेता के शरीर पर कुल छह गोलियां दागी है, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अनवर अली खान अपने छोट बच्चे के बाल बनवाने और अपनी दाढ़ी बनवाने के लिए एक सैलून गए थे। उनके बच्चे के बाल बनाए जा रहे थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और आने के बाद सैलून संचालक का नाम लेते हुए पहले अपनी दाढ़ी बनवाने का आदेश दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों की इस एक्टिविटी के बाद अनवर अली खान को कुछ शंका हुई। उसके बाद उन्होंने सैलून संचालक को कहा कि आप मेरे बच्चे के बाल बना दे, उसके बाद हम इसे पहुंचा कर आते हैं। फिर हम अपनी दाढ़ी बनवाएंगे। इतना बोलकर वह सैलून से नीचे उतरे। इतने में हथियारबंद बदमाशों ने अनवर अली पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरु कर दिया। गोली लगने के बाद जब अनवर अली खान भागने लगे, तब उन्हें खदेड़ कर गोली मारी गई, जिसके बाद घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने घटनास्थल पर कट्टा भी छोड़ दिया है। वहीं, जिस बाईक से अपराधी आए थे, उसे भी छोड़ दिया। अपराधियों ने रोड पार कर रहे एक बाईक सवार के सिर पर पिस्टल सटाकर उसकी बाइक छीन ली। इसके बाद वे फरार हो गए।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची केजरीवाल सरकार, कहा– सिविल कर्मचारी नहीं कर रहे आदेश का पालन, तुरंत हो सुनवाई

नई दिल्ली। आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शहर में सिविल सेवक सरकार के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं और शीर्ष अदालत से दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली अपनी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और केंद्र से चार सप्ताह में मामले का संकलन तैयार करने को कहा। दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में असाधारण तत्परता है। सिविल सेवक आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'अगले सप्ताह सात न्यायाधीशों की दो पीठें होंगी और उसके बाद कुछ संविधान पीठें होंगी।' सिंघवी ने जवाब दिया, 'इस मामले को दूसरों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि इसे किसी न किसी तरह से सीधा करना होगा।' बार और बेंच ने बताया कि इसके बाद, सीजेआई ने दिल्ली सरकार और केंद्र से सभी लिखित प्रस्तुतियाँ पूरी करने और एक सामान्य संकलन बनाने के लिए कहा, 'ताकि मामला सुनवाई के लिए तैयार हो सके'। मानसून सत्र के दौरान, केंद्र और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के बीच तीखी नोकझोंक के बीच, संसद ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी, जिसे दिल्ली सेवा विधेयक भी कहा जाता है।

## चारा घोटाले में लालू की सजा बढ़ाने की मांग पर झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई, सीबीआई ने मांगी अगली तारीख

रांची। बहुचर्चित चारा घोटाले में देवघर जिला कोषागार से 89.27 लाख रुपये की अवैध निकासी से जुड़े मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव की सजा अवधि बढ़ाने की सीबीआई की अपील याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई. जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ से सीबीआई ने इस मामले में आगे की तारीख देने की मांग की. इस पर अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख दिसंबर के दूसरे सप्ताह में मुकर्रर की है. सीबीआई ने यह याचिका करीब दस महीने पहले दायर की थी. इसके बाद से इस पर एजेंसी के आग्रह पर सुनवाई की तारीखें पहले भी आगे बढ़ चुकी हैं.सीबीआई की विशेष अदालत ने देवघर कोषागार से धोखाधड़ी के जरिए निकासी से संबंधित मामले (आरसी 64ए) में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को दोषी ठहराते हुए दिसंबर 2017 में साढ़े तीन साल जेल की सजा सुनाई थी. सजा की अवधि का आधा हिस्सा पूरा करने के बाद उन्हें पिछले साल जुलाई में झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है. सीबीआई ने इसी मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में कहा है कि लालू यादव सहित अन्य को कम सजा दी गयी है, जबकि लालू इस मामले के षड्यंत्रकर्ताओं में शामिल हैं. इस मामले में निचली अदालत से जगदीश शर्मा को 7 साल की सजा मिली है, इसलिए लालू प्रसाद यादव को भी इतनी ही सजा मिलनी चाहिए.याचिका में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के अलावा महेश कुमार, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य, फूलचंद सिंह और रविंद्र राणा की भी सजा बढ़ाने की मांग की गयी है. इस पर एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि इनमें से आरके राणा और फूलचंद सिंह की मौत हो चुकी है. इस पर कोर्ट ने याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था.

## कुत्ता घुमाने खाली कराया स्टेडियम, आईएएस अधिकारी दुग्गा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति

नई दिल्ली। दिल्ली में अपना कुत्ता घुमाने के लिए पूरा स्टेडियम खाली कर देने वाली आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा को सरकार ने अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है। सूत्रों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। वह 1994 बैच के AGMUT (अरुणाचल प्रदेश–गोवा–मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर की अधिकारी है। अधिकारी रिंकू दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रधान सचिव के रूप में तैनात किया गया था। रिंकू के पति संजीव खिरवा भी 1994 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में लद्दाख में तैनात हैं। रिंकू दुग्गा को उनके सेवा रिकॉर्ड के मूल्यांकन के बाद अनिवार्य सेवानिवृत्ति किया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि दुग्गा को मौलिक नियम (एफआर) 56 (जे), केंद्रीय सिविल सेवा (सीसीएस) पेंशन नियम, 1972 के नियम 48 के तहत अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया है। बता दें कि सरकार को किसी भी सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त करने का अधिकार है, 'अगर उनकी राय है कि ऐसा करना सार्वजनिक हित में है।' गौरतलब है कि पिछले साल एक अखबार की रिपोर्ट के बाद रिंकू और संजीव खिरवा को दिल्ली से स्थानांतरित कर दिया गया था। दोनों अधिकारियों पर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगा था। दरअसल, मामला यह था कि दिल्ली में पोस्टिंग के दौरान आईएएस कपल संजीव खिरवार और उनकी पत्नी रिंकू दुग्गा ने अपने कुत्ते को घुमाने के लिए एथलीटों से स्टेडियम खाली करा दिया था। ये वह अक्सर किया करते थे, जिससे प्रैक्टिस करने वाले एथलीट्स को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

## असम–मेघालय अंतरराज्यीय सीमा पर फिर हुई झड़प, कोई हताहत नहीं

शिलांग। असम–मेघालय अंतरराज्यीय सीमा के पास एक विवादित गांव में फिर से झड़प हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय लोगों ने एक–दूसरे पर तीर–कमान और गुलेल से हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, मेघालय के वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले और असम के वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले के बीच सीमा पर लापांगप गांव में मंगलवार को हुई इस झड़प में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दोनों राज्यों के पुलिस दलों ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों से बात कर उन्हें समझाया जिसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई। पुलिस ने झड़प वाले स्थान पर ग्रामीणों के जुटने पर रोक लगा दी। ऐसे में शांति तो बनी रही, लेकिन बुधवार को सुबह स्थिति तनावपूर्ण रही। वेस्ट जंयतिया हिल्स जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हम स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए असम के कार्बी आंगलोंग जिले में अपने समकक्षों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार ने अरुणाचल, नगालैंड के कुछ हिस्सों में अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ाई

नई दिल्ली । अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि मंगलवार को आगामी एक अक्टूबर से अगले छह महीने तक के लिए बढ़ा दी गई। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों के कर्मियों को कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक समझे जाने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के कुछ जिलों और थाना क्षेत्रों में अफस्पा कई वर्षों से लागू है एवं समय–समय पर इसकी अवधि बढ़ाई जाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (1958 का 28) की धारा–3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए 24 मार्च, 2023 को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा असम राज्य की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखम पुलिस थाना क्षेत्रों को अशांत क्षेत्र के रूप में घोषित किया था। मंत्रालय के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश में कानून–व्यवस्था की स्थिति की फिर से समीक्षा की गई है। उसने कहा, इसलिए अब अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा असम की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखम पुलिस थाना क्षेत्रों को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की एक अक्टूबर 2023 से अगले छह महीने के लिए, या आदेश जब तक वापस नहीं लिया जाता, तब तक अशांत क्षेत्र घोषित किया जाता है। एक अलग अधिसूचना में गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने 24 मार्च 2023 को एक अधिसूचना के माध्यम से नगालैंड के आठ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को एक अप्रैल 2023 से छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया था। मंत्रालय के अनुसार, नगालैंड में कानून–व्यवस्था की स्थिति की फिर से समीक्षा की गई।

# बिहार में सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में फंसा पेंच, क्या कुछ सीटों की कुर्बानी देंगे नीतीश?



**पटना (एजेंसी)।** साल 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों के गठबंधन में सीटों के बँटवारे पर चर्चा शुरू हो चुकी है. लोकसभा चुनाव 2024 की जैसे जैसे सरगर्मी तेज हो रही है वैसे वैसे सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया गठबंधन में आवाज तेज होने लगी है. विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के बीच तरकश में तीर सजाए जाने लगे हैं.बिहार में विपक्ष को साझेदारी के लिए सीटों का बँटवारा करना होगा, यहां राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों की महागठंबंधन की सरकार पिछले एक साल से सत्ता में है. इंडिया गठबंधन के बनने में सबसे ज्यादा मेहनत नीतीश कुमार ने किया है. जिस राज्य में जितने ज्यादा दल होंगे सीट शेयरिंग में कठिनाई होगी. सीट शेयरिंग को लेकर लालू नीतीश में सहमति नहीं बन पा रही है. बता दें बिहार में लोकसभा की 40 सीचे हैं, जिनमें अभी 16 सीटों का प्रतिनिधित्व अकेले जदयू करता है.बिहार में सीटों के बँटवारे का काम बेहद जटिल साबित हो सकता है. बिहार में कांग्रेस ने पहले ही 10 सीट पर चुनाव लड़ने का राग आलाप चुकी है. बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह ने कहा था कि कांग्रेस की अपेक्षा यही होगी कि जहाँ हमारा मज़बूत जनाधार है, जहाँ से बड़े नेता चुनाव लड़ते रहे हैं, वो सारी सीटें नीतीश और लालू कांग्रेस के लिए छोड़ें. कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है और हमें उचित जगह मिलनी चाहिए.

वहीं सीटों के शेयरिंग को लेकर सीपीआईएमएल का कहना है कि सीटों का बँटवारा बँटवारा साल 2020 के विधानसभा चुनावों के प्रदर्शन के आधार पर होना चाहिए. सीपीआईएमएल ने सीटों के बँटवारे को लेकर अपना प्रस्ताव राजद के पास भेज दिया है. जेडीयू का कहना है कि इंडिया गठबंधन की लड़ाई भाजपा से है.इसलिए सीटों के बंटवारे में कोई परेशानी नहीं होगी और सीटों के बँटवारे में कोई परेशानी नहीं होगी. इंडिया' गठबंधन के नेता सक्षम हैं. सीटों के बँटवारे के मामले में बिहार रोल मॉडल बनेगा.

बता दें साल 2019 के लोकसभा चुनावों में किशनगंज की मात्र एक सीट पर कांग्रेस का झंड़ा लहराया था.जबकि भाजपा ने 17 सीटों पर अपना परचम लहराया था तो वहीं उस समय की साझेदार जदयू ने 16 सीट अपने कब्जे में किया था तो एलजेपी ने 6 सीटों पर कब्जा जमाया था.

राजद, जदयू और वामपंथी दलों के लिए सीटों के बँटवारे को अपने स्तर पर अंतिम रूप देना आसान नहीं दिखता है. कारण सीतामढ़ी, मधेपुरा, गोपालगंज, सिवान, भागलपुर और बांका लोकसभा सीटों का है, जहां साल 2019 में जेडीयू की जीत हुई थी, जबकि राजद दूसरे नंबर पर थी.दूसरी तरफ पटना साहिब और बेगूसराय जैसी लोकसभा सीटें भी हैं, जिसपर भाजपा ने कब्जा किया था. कोसी-सीमांचल की सुपौल लोकसभा सीट पर साल 2019 में जेडीयू ने 56त्न वोट के साथ जीत दर्ज की थी. कांग्रेस की रंजीता रंजन ने क़रीब 30त्न वोट हासिल किए थे. रंजीत रंजन इलाक़े की बड़ी नेताओं में मानी जाती हैं.रंजीता रंजन कांग्रेस की राज्यसभा सांसद हैं और पहले लोकसभा सांसद रह चुकी हैं. ऐसे में साझेदारी के तहत सुपौल सीट पर किस पार्टी को चुनाव लड़ने का मौक़ा मिलेगा. इंडिया गठबंधन की मुंबई में हुई विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक के बाद लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि अपना कुछ नुक़सान करके भी वो इंडिया को जिताएंगे.

नीतीश की कोशिश रंग लाई और इंडिया महागठबंधन बन गया तो हो सकता है नीतीश कुमार कुमार अपने कुछ सीटों की कुर्बानी दे दें . अगर वो अपनी सीटिंग सीट छोड़ते हैं तो इस पर भी राजनीति विरोध होगा इससे इंकार नहीं किया जा सकता.

# खालिस्तानी आतंकियों पर एनआईए ने की तगड़ी छापामार कार्रवाई

### –दिल्ली–यूपी सहित 6 राज्यों में 50 ठिकानों पर चल रही है छानबीन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जांच एजेंसी एनआईए द्वारा खालिस्तानी संगठनों और उनसे जुड़े आतंकियों पर नकेल कसने के लिए तगड़ी कार्रवाई शुरु कर दी है। इसी क्रम में दिल्ली-यूपी सहित 6 राज्यों में 50 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। जांच एजेंसियां विदेश के साथ-साथ देश में भी लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहीं हैं। एनआईए के सूत्रों के मुताबिक राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली के करीब 50 जगहों पर ये छापेमारी चल रही है। जिसमें खालिस्तानी चरमपंथियों से जुड़े गैंगस्टर्स के हवाला ऑपरेटर्स और लॉजिस्टिक कॉर्डिनेटर की धरपकड़ के लिए पंजाब में 30, राजस्थान में 13, हरियाणा में 4, उत्तराखंड में 2 और दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश में एक-एक ठिकाने पर छापेमारी की गई है। एनआईए ने खालिस्तान-आईएसआई और गैंगस्टर नेक्सस पर कई इनपुट्स इक्कठा किए हैं। अब तक जितने भी गैंगस्टर और खालिस्तानी आतंकियों को यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ में पता चला कि इस गैंगस्टर-खालिस्तानी नेक्सस का इस्तेमाल टेरर फंडिग, हथियार सप्लाई के साथ-साथ विदेशी धरती से देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि एनआईए ने अब विदेशी धरती से चल रहे खालिस्तानी और गैंगस्टर के समर्थकों पर बड़ा प्रहार करना शुरू कर दिया है। हाल ही में कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा अपनी संसद में खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत पर आरोप लगाने के बाद से खालिस्तान का मुद्दा गरमाया हुआ है। बता दें कि कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थकों को बेनकाब करने के साथ-साथ उनके नेटवर्क को खंगालने में एजेंसियां जुटी हुई हैं। साथ ही उनके फंडिंग सोर्स पर भी लगाम लगाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए फाइनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट, आईबी सहित कई एजेंसियां एक्टिव हो गई हैं।

अंदेशा जताया जा रहा है कि खालिस्तान गैंगस्टर गठजोड़ भारत के लिए खतरनाक होता जा रहा है। इसमें ड्रग्स और हथियार की तस्करी, वसूली, हत्या जैसे अपराध से आ रहे पैसों का इस्तेमाल भारत विरोधी हरकतों में किया जा रहा है। खालिस्तानियों को फंडिंग दिलाने के मामले में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की सबसे बड़ी भूमिका मानी जा रही है। कई मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि एनआईए की चार्जशीट में इस बात का भी खुलासा हो चुका है कि खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों को हथियारों और ड्रग्स की तस्करी से मिले पैसों से फंडिंग की जा रही है।

## मेनका गांधी के आरोपों पर इस्कॉन का पलटवार, सनातन धर्म पर आक्रमण करना फैशन बन गया



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद मेनका गांधी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने कहा है कि इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) देश में सबसे बड़ा धोखेबाज है और यह अपनी गौशालाओं से गायों को कसाईयों को बेचता है। इंटरनेट पर व्यापक रूप से साझा किए गए वीडियो में, पूर्व केंद्रीय मंत्री और एक पशु अधिकार कार्यकर्ता को यह कहते हुए सुना जाता है, 'इस्कॉन गौशालाएं स्थापित करता है और इसके लिए सरकार से विशाल भूमि के रूप में असीमित लाभ कमाता है।' धार्मिक संगठन पर तीखा हमला बोलते हुए मेनका गांधी ने कहा, मैंने हाल ही में (आंध्र प्रदेश में) उनकी अनंतपुर गौशाला का दौरा किया और वहां एक भी गाय अच्छी हालत में नहीं मिली। मेनका गांधी ने आरोप लगाया, गौशाला में कोई बछड़ा नहीं था, इसका मतलब है कि सभी को बेच दिया गया। मेनका गांधी ने कहा, 'इस्कॉन अपनी सारी गायें कसाइयों को बेच रही है और उनसे ज्यादा कोई ऐसा नहीं करता है। ये वही लोग हैं जो सड़क पर 'हरे राम हरे कृष्णा' का जाप करते हुए घूमते हैं और कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है।'

# देश के संविधान को नहीं मानती भाजपा, जम्मू-कश्मीर से हुई शुरूआत: महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने का भाजपा आरोप लगाया। इसके साथ ही ताजा हमला करते हुए उन्होंने साफ तौर पर कह दिया कि भाजपा देश के संविधान को नहीं मानती और इसे खत्म करने की शुरुआत जम्मू कश्मीर से हुई है। महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने 'करीबी पूंजीपतियों' को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू-कश्मीर के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने का आरोप लगाया है। महबूबा मुफ्ती मीडिया में आई उन खबरों को लेकर प्रतिक्रिया दे रही थीं जिनमें दावा किया गया है कि जम्मू क्षेत्र में पाए गए लिथियम के भंडार की जल्द ही नीलामी की जाएगी।

पीडीपी अध्यक्ष ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''जम्मू-कश्मीर के जल संसाधनों और खनिजों को अपने कब्जे में लेने के बाद, भारत सरकार ने जम्मू के लिथियम भंडार पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं। राज्य द्वारा उत्पादित बिजली दूसरों को (मुफ्त में भी) आपूर्ति की जाती है जबकि हम खुद अंधेरे में रहते हैं। अब इन लिथियम भंडारों का दोहन किया जाएगा और इसे भाजपा के करीबी पूंजीपतियों को उपहार में दिया जाएगा। इससे जम्मू-कश्मीर को क्या मिलगा इसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।'' वहीं, महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पहले यह दुनिया को एक ड्रामा करके दिखाते थे कि हमने यहां पंचायत चुनाव कराया लेकिन अब उन्होंने वह तमाशा करना भी बंद कर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक ओर बीजेपी वाले जब सुप्रीम कोर्ट में कहते हैं कि जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के बाद हालात अच्छे हो गए हैं दूसरी ओर यही सरकार यह भी दावा कर रही है कि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा के हालात ठीक नहीं है और इसलिए हम चुनाव नहीं करा सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जम्मू कश्मीर में जितने भी एक्सपेरिमेंट किए हुए सभी फेल हो चुके हैं। यही कारण है कि वह हताश हैं।

# गिले-शिकवे भुलाकर एक मंच पर दिखे येदियुरप्पा और कुमारस्वामी, निशाने पर कांग्रेस

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने के कुछ दिनों बाद, जनता दल (सेक्युलर) नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के साथ मंच साझा किया और कावेरी जल छोड़े जाने को लेकर भाजपा के धरने में शामिल हुए। कावेरी जल मुद्दे पर बोलते हुए, कुमारस्वामी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में विफल रही है। वे अब राज्य के किसानों के जीवन के साथ खेल रहे हैं। यही कारण है कि जद (एस) और भाजपा दोनों विरोध कर रहे हैं। यह एक बड़ा संयोग ही है कि कुमारस्वामी और बीएस येदियुरप्पा एक मंच पर दिखाई दे रहे हैं। इसका कारण भाजपा के साथ जेडीएस का गठबंधन भी है।

दोनों ही दलों के गठबंधन को देखें तो यह पहली बार 2006 में हुआ था। 2004 के चुनाव में किसी को बहुमत नहीं मिली। जेडीएस और कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाई। 2006 में जेडीएस ने गठबंधन तोड़ लिया था और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली। उस वक्त कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने। लेकिन वादे के मुताबिक भाजपा को डेढ़ साल बाद मुख्यमंत्री पद देने से मुकर गए। उस समय मुख्यमंत्री बनने की बारी येदियुरप्पा थी। इसके बाद कर्नाटक में फिर से चुनाव कराने पड़े। वहीं, 2018 की बात करें तो कहीं ना कहीं भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनाकर जरूर उभरी थी। लेकिन सरकार बनाने से पीछे रह गई। उस वक्त भी येदियुरप्पा मुख्यमंत्री बन गए। लेकिन जेडीएस ने उनका समर्थन नहीं किया और सरकार गिर गई।

जद (एस) ने 2024 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी से मुकाबला करने के लिए 22 सितंबर को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से हाथ मिलाया था। जद (एस) नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद गठबंधन की घोषणा की। हालांकि, इसकी आलोचना भी हो रही है। इसी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करने का निर्णय उनकी पार्टी के सहयोगियों के साथ परामर्श के बाद लिया गया है। देवेगौड़ा ने कहा, ÷बीजेपी के साथ गठबंधन करने से पहले, मैंने हमारे 19 विधायकों और 8 एमएलसी की राय ली, जिन्होंने कहा कि जेडीएस को बीजेपी के साथ समझौता करने पर विचार करना चाहिए।' एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जद (एस) प्रमुख ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं मिले हैं और वह पिछले 10 वर्षों में पहली बार गृह मंत्री अमित शाह से मिले हैं।




## पाक सेना 10 लाख एकड़ जमीन पर करेगी खेती, भोजन की व्यवस्था करने में जुट चुकी है सेना

इस्लामाबाद । पाक सेना ने देश में 10 लाख एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर कब्जा कर खेती करने की तैयारी कर रही है। पाकिस्तानी सेना गरीबी से जूझ रही जनता के लिए भोजन की व्यवस्था करने में जुट चुकी है और इसके लिए सरकारी स्वामित्व वाले भूमि के बड़े हिस्से पर कब्जा करना भी शुरू कर दिया है। हालांकि सेना के इस कदम से पाकिस्तान में एक बार फिर सेना के बढ़ते दबदबे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2024 से नया खाद्य सुरक्षा अभियान की शुरुआत की जाएगी और यह काम नागरिक सैन्य निवेश निकाय के जरिए की जाएगी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि योजना के अनुसार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दिल्ली से लगभग तीन गुना बड़ा क्षेत्र यानी कि करीब 10 लाख एकड़ जमीन को सेना अधिग्रहण करेगी। वहीं इस योजना को सपोर्ट करने वालों का मानना है कि इस कदम के चलते पाकिस्तान में फसल की बेहतर पैदावार होगी और पानी की भी बचत होगी। निक्केई एशिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि फसल बेचने से होने वाले लाभ का लगभग 20 फीसदी हिस्सा कृषि अनुसंधान और विकास के लिए रखा जाएगा। जबकि बाकी का हिस्सा सेना और राज्य सरकार के बीच बराबर बांटा जाएगा। हालांकि सेना के इस कदम को लेकर कई लोगों ने चिंता जताते हुए कहा है कि पाकिस्तान में सेना पहले से ही बहुत शक्तिशाली है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा अभियान के जरिए भारी मुनाफा कमा सकती है और इसके चलते पाकिस्तान के करोड़ों ग्रामीण भूमिहीन गरीबों को भारी नुकसान हो सकता है। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान की आर्थिक हालात को लेकर एक रिपोर्ट जारी किया था, जिसमें बताया था कि वर्तमान समय में करीब 9 करोड़ लोग गरीबी का दंश झेल रहे हैं।

## दिन-रात के मिलन की तस्वीर जारी की स्पेस एजेंसी ने

वॉशिंगटन । यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दिन और रात के मिलन का एक अद्भुत फोटो शेयर किया है। जब दिन और रात का मिलन हो और ठंड का आगमन हो रहा हो, उस वक्त ये कैप्चर किया गया है। फोटो शेयर करते हुए स्पेस एजेंसी ने लिखा, सर्दियां आ रही हैं। दिन और रात आधे-आधे में बंटे हुए नजर आ रहे हैं। स्पेस एजेंसी के मुताबिक, यह तस्वीर उस वक्त की है जब सूरज खगोलीय भूमध्य रेखा को पार कर रहा है और उत्तरी गोलार्ध में शरद ऋतु का आगमन हो रहा है। चमकते सूर्य ने 07:50 बीएसटी से 08:50 सीईएसटी पर खगोलीय भूमध्य रेखा को पार किया। यह ठंड आने का संकेत है। यह तस्वीर 23 सितंबर को सुबह 9 बजे मेटेओसेट सैटेलाइट से रिकॉर्ड की गई। तस्वीर इतनी मनमोहक है कि इसे महज दो दिन में 1:75 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। हजारों लोगों ने कमेंट्स भी किए हैं। जानकारी के अनुसार, तस्वीर से स्पष्ट है कि शरद ऋतु उत्तरी गोलार्ध में शुरू हुई और दक्षिण गोलार्ध में वसंत का आगमन होने लगा। इसी के साथ सूर्य दक्षिण की ओर पलायन कर रहा है। इस वक्त ग्रह के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध को समान रूप से सूर्य की रोशनी मिलती है। लेकिन धीरे-धीरे दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य की चमक बढ़ती जाती है। तस्वीर इतनी साफ है कि लोग अपने-अपने देश को इसमें तलाशते नजर आए। कुछ लोगों ने इसे 'विषुव' बताया। दरसल, 'विषुव' शब्द संस्कृत से लिया गया है और इसका शाब्दिक अर्थ दिन और रात्रि के समान होने से है। हालांकि, किसी क्षेत्र में दिन और रात की लंबाई को प्रभावित करने वाले कई दूसरे कारक भी होते हैं।



## कनाडा में हाउस ऑफ कॉमंस के स्पीकर ने दिया इस्तीफा

ओटावा। कनाडा की संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमंस' के स्पीकर ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के संबोधन में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी की ओर से लड़ने वाले एक व्यक्ति को बुलाने को लेकर मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को सदन को संबोधित किया। जब स्पीकर एंथनी रोटा ने 98 वर्षीय यारोस्लाव हुंका की ओर ध्यान आकृष्ट किया, तब कनाडाई सांसदों ने उनका स्वागत किया। रोटा ने कहा कि हुंका ऐसे युद्ध नायक हैं, जिन्होंने प्रथम यूक्रेनी डिवीजन की ओर से लड़ाई लड़ी थी। बाद में यह पता चला कि इस डिवीजन ने नाजियों के कमान में लड़ाई लड़ी थी। रोटा ने हाउस ऑफ कॉमंस के पार्टी नेताओं से मिलने के बाद मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सभी मुख्य विपक्षी दलों ने रोटा के इस्तीफे की मांग की थी।

## ढ्ढद्वह्लड्डद्ब चद्धड्डद्ब को एटक जेल से अडियाला जेल ले जाया गया, उच्च न्यायालय ने दिया था आदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार को एटक जेल से रावलपिंडी के अडियाला जेल ले जाया गया। एक दिन पहले ही इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने प्रशासन को उन्हें उच्च सुरक्षा वाली जेल में ले जाने का आदेश दिया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अमर फारूक ने सामवार को अधिकारियों को इमरान को अडियाला जेल ले जाने का आदेश दिया था, जहां उन सभी आरोपियों को रखा जाता है, जिन पर इस्लामाबाद एवं रावलपिंडी की अदालतों में मुकदमे की सुनवाई चलती है। दुनिया न्यूज के अनुसार, जब इमरान को एटक से अडियाला जेल ले जाया गया, तब इस्लामाबाद पुलिस की 15 गाड़ियां समेत 18 वाहन काफिले में शामिल थे। इसके अलावा, दो बख्तरबंद वाहन एवं एक एंबुलेंस भी साथ चल रही थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने भी इस बात की पुष्टि की है कि इमरान को रावलपिंडी ले जाया गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रवक्ता जुफिकार बुखारी ने एक क्लिप साझा की, जिसमें एक व्यस्त रोड पर कई वाहन तेजी से दौड़ते नजर आ रहे हैं। बुखारी ने लिखा, ''शायद इमरान अडियाला जेल जा रहे हैं।'' पूर्व प्रधानमंत्री को पांच अगस्त से हिरासत में रखा गया है। उससे पहले तोशाखाना मामले में दोषसिद्धि के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त को उनकी सजा निलंबित कर दी थी, लेकिन वह अन्य मामले में अब भी जेल में हैं।

## अफगान के रास्ते कराची पहुंचे भारतीय पिता-पुत्र, भारत में अत्याचार का लगाया आरोप

लाहौर । अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने वाले एक भारतीय पिता और पुत्र ने दावा किया है कि वे कथित धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए नई दिल्ली में अपना घर छोड़कर भाग आए हैं। मोहम्मद हसनैन (70) और उनके 31 वर्षीय बेटे इशाक अमीर ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत के चमन में पाकिस्तान-अफगान सीमा के रास्ते अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश किया। वे वर्तमान में कराची में ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के आश्रय गृह में हैं। दोनों लगभग 14 दिन पहले कराची पहुंचे थे। हसनैन ने कहा, 'अगर पाकिस्तानी अधिकारी हमें जेल में डालना चाहते हैं, तो हम इसके लिए तैयार हैं। हम बिना कानूनी दस्तावेजों के आए हैं, लेकिन हम शरण लेने की कोशिश करेंगे।' हसनैन और आमिर नई दिल्ली के गौतमपुरी इलाके के रहने वाले हैं, जहां उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें लंबे समय तक प्रताड़ना और धार्मिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा तथा उन्होंने पाकिस्तान भागने का फैसला किया। हसनैन ने कहा, 'हमें कराची पहुंचने में 14 दिन लगे, जहां हम पुलिस स्टेशन गए और आत्मसमर्पण कर दिया।' दोनों पांच सितंबर को नई दिल्ली से दुबई के लिए रवाना हुए, जहां उन्हें अफगानिस्तान के दूतावास से वीजा मिला। उन्होंने कहा, 'हमें वीजा मिला और हम काबुल के लिए रवाना हुए, जहां से हम सड़क मार्ग से कंधार गए और वहां से हम चमन सीमा के जरिए पाकिस्तान में दाखिल हुए।' दोनों एक अफगान एजेंट की मदद से सीमा पार करने में सफल रहे और बाद में उन्होंने टैक्सी ड्राइवर को कराची ले जाने के लिए 60,000 रुपये का भुगतान किया। कराची के पुलिस उप महानिरीक्षक (दक्षिण) असद रज़ा ने कहा कि दोनों पर जासूस होने का संदेह नहीं था, लेकिन उन्हें 'धार्मिक पूर्वाग्रह और उत्पीड़न का शिकार' माना गया था। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# पूर्व भारतीय राजनयिक का दावा, पीएम ट्रूडो के विमान में कोकिन था, वे पूरे समय नशे में थे



**ओटावा (एजेंसी)।** भारत-कनाडा के राजनयिक संबंध हर दिन निचले स्तर पर पहुंच रहे हैं दोनों पक्षों से नए दावे और आरोप सामने आते रहते हैं। हाल ही में एक पूर्व भारतीय राजनयिक दीपक वोहरा ने दावा किया था कि भारत में खोजी कुत्तों को कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के चार्टर विमान में कोकीन का एक बैग मिला था जब वह जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आए थे। इतना ही नहीं, वोहरा ने आरोप लगाया कि उनके पास विश्वसनीय सूत्र हैं जिन्होंने खुलासा किया है कि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कोकीन के नशे में थे और इसी वजह से वह जी20 में भाग लेने वाले विश्व नेताओं के लिए भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रिभोज पार्टी में शामिल नहीं हुए। वोहरा ने एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा कि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कोकीन के नशे में थे और इसलिए वह कम से कम दो दिनों तक अपने कमरे में रहे और जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान उस डिनर पार्टी में शामिल नहीं हुए, जिसमें दुनिया के अन्य नेता शामिल हुए थे।

कनाडाई पीएमओ ने उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि जस्टिन ट्रूडो जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली की यात्रा के दौरान ड्रग्स के प्रभाव में थे या अपने साथ कोकीन लेकर आए थे या नहीं। कनाडा के पीएमओ ने इस आरोप का जवाब दिया है और वोहरा के दावों को फर्जी बताया है। कनाडाई मीडिया ने पीएमओ के बयान का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि ये बिल्कुल गलत है और एक परेशान करने वाला उदाहरण है कि कैसे गलत सूचना मीडिया रिपोर्टिंग में अपना रास्ता बना सकती है।

### दीपक वोहरा ने क्या कहा?


वोहरा ने कहा था कि उन्हें दिल्ली हवाईअड्डे पर देखा और कहा कि ट्रूडो उदास और तनावग्रस्त लग रहे थे। हमें इसका कारण नहीं पता। मैं वास्तविकता नहीं जानता, लेकिन सोशल मीडिया और कुछ 'विश्वसनीय अफवाहें' बताती हैं कि उनका विमान कोकीन से भरा था...वह अकेले हो गए हैं। वह अब यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह एक कनाडाई रेम्बो हैं और उनकी मौजूदगी में कुछ भी गलत नहीं हो सकता। भारत ने कनाडा में वीजा सेवाएं निलंबित करके सही काम किया है।

## भारत के खिलाफ कनाडा के आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए- अमेरिका

न्यूयॉर्क । अमेरिका ने कहा है कि कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में इस साल की शुरुआत में एक अलगाववादी सिख नेता की हत्या में भारत की संलिप्तता को लेकर उसके (कनाडा के) आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमें लगता है कि इस तरह के चिंताजनक आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''कनाडा का कहना है कि वह पूर्ण और निष्पक्ष जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारा मानना है कि भारत सरकार को इसमें सहयोग करना चाहिए।'' मिलर नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद कनाडा और भारत के बीच चल रहे विवाद को लेकर किए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। कनाडा ने भारत पर ब्रिटिश कोलंबिया में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने आरोपों को ''निराधार'' बताया है और कहा है कि कनाडा आतंकवादियों के लिए पनाहगाह बन गया है। मिलर ने कहा, ''हम स्पष्ट रूप से कनाडा की स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। हमने अपने कनाडाई समकक्षों के साथ निकटता से सहयोग किया है और हमने भारत से जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है और हम ऐसा करना जारी रखेंगे।'' अधिकारी ने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार बना हुआ है।



## बैंकों और लोगों को धोखा देकर राष्ट्रपति बने ट्रंप, अमेरिकी कोर्ट ने कहा- कारोबारों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएं



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले की कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी संपत्ति के मूल्य को बढ़ाकर धोखाधड़ी की और राज्य में उनके व्यापार लाइसेंस रद्द कर दिए। पाया गया है कि पूर्व राष्ट्रपति और उनकी कंपनी ने अपनी संपत्तियों का अत्यधिक मूल्यांकन करके तथा सौदे करने और ऋण हासिल करने मेंकागजी कार्रवाई में अपनी कुल आय को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा कर बैंकों, बीमाकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी की। यह फैसला मैनहट्टन सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति आर्थर एंगोरोन की ओर से आया, जो न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स से सहमत थे कि ट्रम्प और उनके पारिवारिक व्यवसाय, ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन ने ऋणदाताओं से बेहतर सौदे पाने के लिए वित्तीय दस्तावेजों में कई गलत बयान दिए। एक उदाहरण यह था कि ट्रम्प ने दावा किया था कि ट्रम्प टॉवर में उनका पेंटहाउस 30,000 वर्ग फुट का था, जबकि वास्तव में यह लगभग 11,000 वर्ग फुट था।

एंगोरोन ने लिखा कि एक रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा, जो दशकों से अपने ही अपार्टमेंट में रह रहा था, इस तरह की विसंगति को केवल धोखाधड़ी माना जा सकता है। न्यायाधीश ने यह भी आदेश दिया कि ट्रम्प संगठन के न्यूयॉर्क व्यापार प्रमाणपत्र और राज्य में पूर्व राष्ट्रपति या उनके परिवार के स्वामित्व वाले किसी भी अन्य व्यवसाय को रद्द कर दिया जाए और रद्द किए गए व्यवसायों के विघटन के प्रबंधन के लिए एक स्वतंत्र तीसरे पक्ष को नियुक्त किया जाए। इसका मतलब यह है कि ट्रम्प न्यूयॉर्क में ट्रम्प टॉवर सहित अपनी कुछ संपत्तियों पर नियंत्रण खो सकते हैं।

ट्रंप ऑर्गेनाइज़ेशन के कार्यकारी अधिकारी और मुकदमे के प्रतिवादी एरिक ट्रम्प ने कहा कि आज मैंने न्यूयॉर्क की कानून व्यवस्था पर से भरोसा खो दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने पहले कभी किसी न्यायाधीश द्वारा एक व्यक्ति के प्रति इतनी नफरत नहीं देखी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर फैसले पर गुस्से में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एंगोरोन को 'विक्षिप्त' और जेम्स को पूरी तरह से पक्षपाती और भ्रष्ट 'अभियोजक' कहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें डेमोक्रेट द्वारा सताया जा रहा था और देश कम्युनिस्ट बन रहा था।

## मैरिज हॉल में लगी आग में 100 की मौत, 150 घायल



### -सुरक्षा मानकों के विरुद्ध बाहरी आवरण पर ज्वलनशील सामग्री का दुरुपयोग

**तेहरान (एजेंसी)।** इराक के उत्तरी क्षेत्र के निनेवे प्रांत में स्थित एक मैरिज हॉल में आग लगने से 100 लोगों की मौत हो गई और 150 घायल हो गए। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि ईसाई बहुल हमदानिया इलाके में हुई इस घटना को टेलीविज़न फुटेज में जले मलबे को दिखाया गया। जहां यह घटना घटित हुई वह राजधानी बगदाद से लगभग 335 किलोमीटर मोसुल शहर बाहर है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ अल-बद्र ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। निनेवेह के प्रांतीय गवर्नर नजीम अल-जुबौरी ने कहा कि उपचार के लिए कुछ घायलों को क्षेत्रीय अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने आगाह किया कि आग से अभी तक हताहतों की कोई अंतिम संख्या नहीं है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। आग लगने के कारण के बारे में तत्काल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर आतिशबाजी के कारण आग की संभावना व्यक्त की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि मैरिज हॉल के बाहरी हिस्से को अत्यधिक ज्वलनशील आवरण से सजाया गया था जो देश में अवैध था। नागरिक सुरक्षा ने कहा कि अत्यधिक ज्वलनशील, कम लागत वाली निर्माण सामग्री के उपयोग के परिणामस्वरूप आग लगने से हॉल के कुछ हिस्से ढह गए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि इराक में अधिकारियों ने हॉल पर क्लैडिंग का उपयोग करने की अनुमति क्यों दी। अमेरिका के नेतृत्व वाले आक्रमण के दो दशक बाद भी भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन स्थानिक बना हुआ है, जिसने सद्दाम हुसैन को उखाड़ फेंका था। विशेषज्ञों का कहना है कि शादी हॉल और अन्य जगहों पर जो आग लगी है, उन्हें सुरक्षा मानकों को अनुरुप डिज़ाइन नहीं किया गया था।

## विवेक रामास्वामी फिर मारेंगे बाजी? दूसरे राउंड की बहस में क्या होंगे नतीजे

वाशिंगटन । रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ऑटो कर्मचारियों की हड़ताल, आसन्न सरकारी शटडाउन, डोनाल्ड ट्रम्प की बढ़ती कानूनी परेशानियों और गर्भपात अधिकारों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के मुद्दे पर बुधवार को एक डिबेट के लिए तैयार हैं। यह कार्यक्रम रात 9 बजे शुरू होने वाला है। सिमी वैली, कैलिफ़ोर्निया में न्यूयॉर्क समय के अनुसार, आव्रजन और सीमा सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। यह उम्मीदवारों को खुद को प्रतिस्पर्धा से अलग करने और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करने का अवसर भी प्रदान करेगा। विशेष रूप से, सबसे आगे चल रहे ट्रम्प ने एक बार फिर भागीदारी छोड़ने का फैसला किया है। ट्रम्प की अनुपस्थिति में सभी की निगाहें व्यवसायी विवेक रामास्वामी, पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजदूत निक्की हेली और पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस जैसी प्रमुख हस्तियों पर होंगी, जिनसे उम्मीद की जाती है कि वे जोशीले प्रदर्शन करेंगे जिससे पहले उनकी दृश्यता और मतदान संख्या में वृद्धि होगी। मिल्वौकी में पिछले महीने की बहस में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसैंटिस और दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट के पास भी मोचन का मौका होगा।




## अमेरिका में एक हिंदू संगठन ने सीआरडी के खिलाफ मुकदमा दायर किया



**वाशिंगटन। (एजेंसी)।** अमेरिका में एक हिंदू संगठन ने कैलिफोर्निया नागरिक अधिकार विभाग (सीआरडी) के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विभाग ने राज्य में रहने वाले हिंदुओं के कई संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। 'हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन' (एचएएफ) और अन्य द्वारा दायर संशोधित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभाग ने यह गलत कहा है कि जाति व्यवस्था और जाति-आधारित भेदभाव हिंदू उपदेशों और प्रथाओं का अभिन्न अंग हैं और ऐसा करके विभाग ने कैलिफोर्निया में हिंदुओं के अधिकारों का उल्लंघन किया है।

इस मुकदमे में एचएएफ के साथ वादी के रूप में कैलिफोर्निया स्थित एचएएफ टीम के कई सदस्य और अंतरधार्मिक नेता दिलीप अमीन भी शामिल हैं। मीडिया को जारी एक बयान के अनुसार, हिंदू धर्म और भारतीयों के बारे में सीआरडी के ''असंवैधानिक और गलत'' बयानों से सीधे नुकसान का दावा करने वाले तीन अन्य वादी (सभी भारतीय मूल के हिंदू) भी मुकदमे में शामिल हैं।

# न मैं फाइव आईज में हूं और न ही मैं एफबीआई में : एस. जयशंकर

### -कनाडा की प्रतिक्रिया पर मीडिया ने विदेश मंत्री से पूछा सवाल तो मिला ये जवाब



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारत पर कनाडा के पीएम द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर जब मीडिया ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर से सवाल किया तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि न मैं फाइव आईज में हूं और न ही मैं एफबीआई में हूं, आपने गलत आदमी से सवाल किया है। बता दें कि भारत और कनाडा के बीच तनाव को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी बात एकदम स्पष्ट कर दी है। उन्होंने यूएन की बैठक में शामिल होने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अगर कनाडा ने आरोप लगाने से पहले या बाद में भी निज्जर की हत्या को लेकर कोई सबूत या संबंधित जानकारी दी होती तो हम इसपर जरूर विचार करते। जयशंकर ने कहा, हमने कनाडा के आरोपों पर स्पष्ट बता दिया है कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है। वहीं पत्रकारों ने जब उनसे फाइव आइज अलायंस की खुफिया रिपोर्ट के बारे में पूछा तो विदेश मंत्री ने कहा, आप गलत आदमी से सवाल कर रहे हैं। ना तो मैं फाइव आइज अलायंस में हूं और ना ही एफबीआई का सदस्य हूं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कनाडा में गैंगस्टरों, चरमपंथियों का आतंक बढ़ गया है। ऐसे में भारतीय राजनयिकों को भी चुनौती मिल रही है। वहीं आए दिन राजनयिक परिसरों में हिंसा होती है। भारत बार-बार कनाडा को इसकी जानकारी देता रहा है। भारत ने आतंकियों की लिस्ट भी कनाडा को सौंपी थी। जयशंकर ने कहा, मैंने कनाडा से कह दिया है कि भारत सरकार की नीति इस तरह की नहीं है। अगर आपके पास कोई पुख्ता सबूत है तो दें, हम इस मामले को देखने के लिए तैयार हैं। जयशंकर ने कहा, इस मामले को समझने के लिए पूरी तस्वीर साफ होनी जरूरी है। हाल के सालों में कनाडा में हिंसा और हत्याएं बढ़ी हैं।


पत्रकारों द्वारा विदेश मंत्री एस.जयशंकर से जब पूछा गया कि अगर कनाडा सबूत देता है तो क्या भारत सहयोग करेगा। इसपर उन्होंने कहा, अगर कोई पुख्ता सबूत देता है तो कनाडा ही क्यों एक सरकार के तौर पर कोई भी इस तरह की बात कहता है तो मामले को देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा ने ऐसा कोई भी एविडेंस दिया होता तो ऐसा नहीं हो सकता था कि भारत उसपर कार्यवाही ना करे। वहीं रिपोर्टर ने जब उनसे फाइव आइज अलायंस की रिपोर्ट के बारे में सवाल पूछा तो जयशंकर ने साफ तौर पर जवाब देने से मना कर दिया।

# कंगाल पाकिस्तान में निवेश नहीं करेगा चीन, सीपीईसी के विस्तार पर रोक

### -बीजिंग के सामने पाकिस्तान ने घुटने टेके

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** कंगाल हो चुके पाकिस्तान को चीन से बड़ा झटका लगा है। दरअसल चीन ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति के बीच चाइना-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर या सीपीईसी के और ज्यादा विस्तार को मंजूरी नहीं दी है। पाकिस्तान चाहता था कि चीन ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सीपीईसी के जरिए निवेश करे लेकिन बीजिंग ने ऐसा नहीं किया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक चीन और पाकिस्तान दोनों ही इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इसकारण सीपीईसी के और ज्यादा विस्तार पर चीन ने रोक लगा दी है।

वहीं पाकिस्तान ने चीन के आगे घुटने टेककर ग्वादर में कोयला आधारित बिजली संयंत्र लगाने की चीन की योजना का विरोध छोड़ दिया है। यही नहीं चीन की विभिन्न मांगों को भी पाकिस्तान ने अब पूरा करने का वादा किया है। सीपीईसी पर संयुक्त समिति की बैठक में चीन और पाकिस्तान के बीच मतभेद साफ दिखाई दिए। इसकी वजह से आम सहमति बनने में एक साल की देरी हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्?तान के ऊर्जा, जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और टूरिज्?म के क्षेत्र में पीओके में सीपीईसी का विस्तार करने पर अपनी मंजूरी नहीं दी है। चीन ने पीओके में सीमापार टूरिज्म के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। चीन ने जलवायु परिवर्तन पर भी पाकिस्तान प्रस्ताव को नकार दिया। चीन की बिजली कंपनियों का काफी पैसा पाकिस्तान पर बकाया है जो कंगाली की वजह से चुका नहीं पा रहा है। चीन के दबाव के बाद अब पाकिस्तान ने ग्वादर में 300 मेगावाट के पॉवर प्लांट पर चीन को बड़ी रियायत दे दी है। पाकिस्तान चाहता था कि इस प्रॉजेक्ट को या तब रदद कर दिया जाए या फिर बिजली घर को थार ले जाया जाए ताकि स्थानीय कोयले का इस्तेमाल किया जा सके। चीन इसके लिए तैयार नहीं हुआ और अब ग्वादर प्लांट को विदेश से कोयला मंगाकर चलाया जाएगा। पाकिस्तान को डर है कि दुनिया में कोयले की कीमतें बढ़ रही हैं जिससे यहां से पैदा होने वाली बिजली भविष्य में मंहगी होगी। इसके बाद पाकिस्तान के विदेशी मुद्राभंडार पर दबाव बनेगा। यही नहीं पाकिस्तान के ग्वादर में पर्यावरण पर भी इस प्लांट का असर पड़ेगा। चीन के तैयार नहीं होने की वजह से पाकिस्तान के पास इस मानने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था। पाकिस्तान चाहता था कि चीन उसे मिनरल्स के उत्खनन, विकास और मार्केटिंग में मदद करे लेकिन ड्रैगन ने इस पर चुप्पी साध ली है।






## निखत ज़रीन जीतीं; शिवा थापा और संजीत बाहर

**हांगझोउ।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने बुधवार को हांगझोउ में एशियाई खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण कोरिया की चोरोंग बाक पर 5-0 से जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में 16वें राउंड के मुकाबले में, निखत अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहीं और पांचों जजों में से प्रत्येक के कार्ड पर मुकाबला जीतकर आगे निकल गईं। आखिरकार उसने अंकों के आधार पर मुकाबला 5-0 से जीत लिया। रेड कॉर्नर से शुरुआत करते हुए, निखत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को किसी भी लय में नहीं आने दिया क्योंकि उसने कॉम्बो के साथ हमला किया और फिर दूर चली गई। निखत की जीत भारतीय मुक्केबाजी समर्थकों के लिए एक राहत के रूप में सामने आई क्योंकि दिन की शुरुआत में, अनुभवी शिवा थापा और संजीत राउंड 16 चरण में हार गए थे।शिवा थापा यहां पुरुषों के 57 किग्रा में राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में किर्गिस्तान के अस्कट कुल्ताएव से 0-5 से हारकर बाहर हो गए। संजीत पुरुषों के 92 किग्रा में अपना राउंड ऑफ 16 मुकाबला विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता उज्बेकिस्तान के लज़ीज़बेक मुल्लोजोनोव से हार गए। शिवा थापा की हार भारत के लिए बड़ा झटका थी क्योंकि एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में सबसे अनुभवी मुक्केबाज थे।

# एशियाई खेल : निशानेबाजी में भारत ने जीते दो स्वर्ण, सिफत ने बनाया नया विश्व रिकार्ड

**हांगझोउ ।**


भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों के चौथे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। निशानेबाजी में ये स्वर्ण सिफत कौर सामरा और मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने जीते। सिफत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में स्वर्ण पर निशाना लगाया। सिफत ने 50 मीटर 3पोजीशन राइफल में ये स्वर्ण जीता। उन्होंने 469.6 का स्कोर किया जो कि पिछले रिकॉर्ड से 2.6 अंक अधिक है। भारत की ही आशी ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक हासिल किया। वहीं पुरुश स्कीट टीम ने भी कांस्य पदक जीता। सिफत ने स्वर्ण के साथ ही नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। एशियाई खेलों में अब भारत के खाते में पांच स्वर्ण पदक हो गये हैं। वहीं पुरुषों की स्कीट टीम स्पर्धा में, अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत सिंह खांगुरा और अनंत जीत सिंह नरूका ने 355 के संयुक्त स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वहीं मनु , ईशा और सांगवान ने चीन को पीछे छोड़कर भारत को स्वर पदक दिलाया। मनु महिलओं की 25 मीटर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन में पहले नंबर पर रहीं थी जबकि ईशा पांचवें और रिद्म सातवें पायदान पर रहीं थी। इससे पहले महिला राइफल टीम ने 50 मीटर राइफल-3 पोजीशन इवेंट में रजत पदक जीता था। आशी चौकसे, मानिनी कौशिक और सिफ्त कौर सामरा की महिला टीम ने एशियन गेम्स 2023 के फाइनल में 1764 के स्कोर के साथ रजत पदक पर निशाना लगाया। चीन ने स्वर्ण जबकि कोरिया ने कांस्य हासिल किया। सिफत ने कुल 594 अंकों के साथ 9.900 के औसत से स्कोर बनाया, ये एशियाई खेलों का क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड स्कोर है। सिफत व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं जबकि आशी छठे स्थान पर रहीं और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इन खेलों में भारत ने अब तक 5 स्वर्ण, 5 रजत और सात कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते हैं। इसमें सबसे अधिक 8 पदक निशानेबाजी में मिले हैं।



# ब्राजील के पूर्व फुटबॉलर रोनाल्डो ने की तीसरी शादी

**इबीसा ।**

ब्राजील की विश्वकप विजेता फुटबॉल टीम के सदस्य रहे रोनाल्डो ने 47साल की उम्र में तीसरी शादी की है। पूर्व फुटबॉलर रोनाल्डो ने 33 साल की मॉडल पार्टनर सेलिना लॉक्स से इबीसा के एक चर्च में शादी की। इस जोड़े ने इसी साल जनवरी में सगाई की थी। सेलिना ने 7 साल पहले पूर्व रियल मैड्रिड और इंटर मिलान के स्ट्राइकर रहे रोनाल्डो के साथ डेटिंग शुरू की थी। इन दोनो ने अपनी शादी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर भी भेजी है। इसमें इस मॉडल ने लिखा, आज हम अपने परिवारों को एक अंतरंग धार्मिक उत्सव के लिए एक साथ लाए और इस तरह कई समारोहों के एक सप्ताह की शुरुआत हुई। इस जोड़े ने अपनी शादी पर क्रीम रंग के कपड़े पहने हुए थे। वहीं मेहमानों में रिश्तेदारों के अलावा रोनाल्डो के पूर्व रियल मैड्रिड टीम के साथी खिलाड़ी जूलियो बैप्टिस्टा भी शामिल थे। रोनाल्डो, जो अब स्पेनिश सेकेंड डिवीजन टीम रियल वलाडोलिड के अध्यक्ष हैं, ने चर्च में प्रवेश करने से पहले प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। इस फुटबॉलर ने इससे पहले ब्राजील की ही मिलेन डोमिंगुएस से पहली जबकि मारिया बीट्रिज एंटनी से दूसरी शादी की थी। इनके एक बेटा और दो दो बेटियां हैं।



## भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 13-0 से हराया

**हांगझोउ ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने शुरुआती मुकाबले में ही सिंगापुर को 13-0 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से संगीता कुमारी ने हैट्रिक लगायी जबकि नवनीत कौर ने दो गोल किये। नवनीत ने 14वें मिनट में एक के बाद एक ये गोल किये। इसके अलावा दीपिका ने 11वां वें, सुशीला चानू ने आठवें उदिता ने छठे और नेहा ने 19 वें मिनट में गोल दागे। दीप ग्रेस इक्का ने 17 वें सलीमा टेटे ने 35 वें और वंदना कटारिया ने 56 वें मिनट में गोल किया। वहीं मोनिका ने 52वें मिनट में एक गोल किया। दूसरी ओर सिंगापुर की टीम एक भी गोल नहीं कर पायी। भारतीय टीम का मुकाबला अब मलेशिया से होगा।




# नेपाल के क्रिकेटर ने सबसे तेज अर्धशतक लगाकर युवराज का रिकार्ड तोड़ा

**हांगझोउ ।**

नेपाल की क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ 300 से अधिक अधिक रन बनाकर सबको हैरान कर दिया। इस मैच में नेपाल के दो क्रिकेटरों कुशाल मल्ला और दीपेंद्र सिंह ऐरी ने नये विश्व रिकार्ड भी बनाये हैं। इनके इस प्रदर्शन के बल पर ही नेपाल की टीम एशियाई खेलों में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बन गयी है। टी20 प्रारुप के इस मैच में नेपाल के इस विशाल स्कोर में बल्लेबाज कुशाल की अहम भूमिका रही। कुशाल ने 34 गेंदों में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगा दिया। इसके अलावा कुशल ने डेविड मिलर और रोहित शर्मा के संयुक्त रूप से पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जिन्होंने 35 गेंद में ही शतक बनाया था। इस मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुशाल ने 12 छक्कों और 8 चौकों से नाबाद 137 रन की पारी खेली जिससे नेपाल ने इस मैच में मंगोलिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 314 रन बनाए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वोच्च टीम स्कोर का पिछला रिकॉर्ड अफगानिस्तान के नाम था जिसने 23 फरवरी 2019 को आयरलैंड के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन बनाए थे। वहीं इस मैच में नेपाल के 5वें नंबर के बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी ने केवल 9 गेंद में ही अर्धशतक लगाकर युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। तोड़ा। युवराज ने 19 सितंबर 2007 को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व टी20 मैच में 58 रन की पारी खेलने के दौरान 12 गेंद में अर्धशतक बनाया था।



## संक्षिप्त समाचार



## गर्मी से परेशान हुए स्मिथ को आये चक्कर

**राजकोट ।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ यहां तीसरे एकदिवसीय मैच में तेज गरमी से परेशान नजर आये। यहां तक की एक समय उन्हें चक्कर आने का अहसास हुआ। जिसके बाद उनके लिए कुर्सी मंगवानी पड़ी। इस मैच में ब्रेक के दौरान स्मिथ को राहत पहुंचाने के लिए पवेलियन से कुर्सी भेजी गयी। इस दौरान एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने उनके सिर पर बर्फ रखी तो जबकि दूसरे ने उन्हें हवा करी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और मिचेल मार्श ने अच्छी पारियां खेली। जिससे टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही।

## अश्विन के लिए अब भी विश्वकप के दरवाजे बंद नहीं हुए

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने हाल के दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में अश्विन को अब भी 5 अक्टूबर से होने वाले एकदिवसीय विश्वकप कप में खेलने का अवसर मिल सकता है हालांकि शुरुआत में घोषित भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एकदिवसीय विश्वकप के लिए 28 सितंबर से पहले टीम में बदलाव की सुविधा सभी टीमों को दी है। इसके बाद भी बदलाव संभव है पर तब इसके लिए आईसीसी से अनुमति लेनी होगी। इससे साफ है कि अश्विन के लिए अभी विश्वकप के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। अश्विन की संभावनाएं इसलिए भी बढ़ गयी हैं क्योंकि स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल अभी तक फिट नहीं हुए हैं। एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ अंतिम सुपर फोर मैच के दौरान उनके शरीर में खिंचाव आ गया था। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। वनडे विश्व कप 2023 के लिए 15 सदस्यीय टीम में अक्षर पटेल शामिल हैं। अगर वह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो अश्विन को अवसर मिलना तय है। यह संभव है कि 28 सितंबर तक भारतीय बोर्ड ब अक्षर की फिटनेस या बदलाव को लेकर जानकारी दे दे। वहीं अगर ऐसा नहीं हुआ तो भी बदलाव की संभावनाएं बनी रहेंगी।




# पूर्व तेज गेंदबाज आसिफ ने पाक टीम पर सवाल उठाये



**लाहौर ।**


पाकिस्तान के एक पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ ने विश्वकप में उतर रही अपने देश की टीम की आलोचना की है। आसिफ ने कहा कि विश्वकप टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं है। आसिफ ने कप्तान बाबर आजम के खराब फार्म पर भी सवाल उठाये हैं। इसके अलावा उन्होंने टीम में शामिल सलमान आगा के प्रदर्शन को भी खराब बताते हुए कहा कि उन्हें शामिल करना फायदेमंद नहीं रहेगा। उन्होंने बाबर की बल्लेबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा, मैं आज भी टी20 क्रिकेट में आजम को मेडेन ओवर कर सकता हूं, साथ ही कहा कि अगर आप उन्हें अच्छी गेंद करेंगे तो वह गेंद को मार नहीं सकते। आसिफ ने साथ ही कहा, अभी हमारे पास आजम को कप्तान बनाये रखने के अलावा कोई विकल्प भी नहीं है।

उन्होंने कहा, मैंने आज़म को ट्रायल में केवल दो गेंदों का सामना करने के बाद चुना था, आप उनके पिता से पूछ सकते हैं कि मैंने बाबर को ट्रायल में चयनित किया था। मैं उन्हें उच्च रेटिंग देता हूं, वह देश के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं पर वह पावरप्ले में रन नहीं बना पाते और रिज़वान पर दबाव बनाते हैं।

उन्होंने पाक के गेंदबाजी आक्रमण को भी उम्मीद के अनुरुप नहीं माना है। उन्होंने कहा कि हसन अली, शादाब खान, मोहम्मद वसीम और सलमान आगा औसत स्तर के गेंदबाजी हैं। केवल शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ही बेहतर गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम में शाहीन और हारिस के अलावा सभी औसत गेंदबाज हैं, कोई भी विशेष नहीं है। मैं आगा सलमान को खिलाड़ी नहीं मानता, वह समय की बर्बादी करता है। वह जितने रन बनाता है, मैं भी उतने रन बना सकता हूं। वह तभी रन बनाता है जब पाकिस्तान एक टीम के रूप में पहले ही काफी रन बना चुका होता है।

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, मलिंगा बने गेंदबाजी कोच


**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। . पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरुआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमशः मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे।



## स्वदेश पहुंचने पर मंधाना का भव्य स्वागत

**मुम्बई ।** एशियाई खेलों में स्वर्ण विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। मंधाना ने खिताबी मुकाबले में शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उस मैच में मंधाना ने सबसे अधिक 46 रन बनाये थे। इससे भारतीय टीम एशियाई खेलों में पहली बार में ही स्वर्ण जीतने में सफल रहीं। स्वागत के समय मंधाना भावुक हो गयीं। उन्होंने कहा, 'जब राष्ट्रगान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराया तो मेरी आंखों में आंसू आ गए, यह बहुत खास अनुभव था। उन्होंने कहा, हमने देखा है जब नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था तब देश में खुशी की लहर छा गयी थी, वहीं अब देश को पदक दिलाकर हमें बहुत खुशी हैं।' वहीं कुछ वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई है, जिसमें एयरपोर्ट पहुंचने पर परिजन और प्रशंसक मंधाना का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए दिखाई दिए। मंधाना वर्तमान समय की बेहतरीन महिला बल्लेबाजों में से एक मानी जाती हैं। वह एकदिवसीय और टी-20 दोनों की महिला बल्लेबाजी रैंकिंग में मौजूद रहने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। 2019 में मंधाना भारत की दूसरी सबसे तेज 2,000 एकदिवसीय रन बनाने वाली क्रिकेटर बनी थीं। मंधाना ने महिला टी-20 में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक भी लगाया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने केवल 24 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। इसके अलावा वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 3000 हजार रन बनाने वाली क्रिकेटर भी हैं।


# हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल घुड़सवारी में ड्रेसाज व्यक्तिगत फाइनल में



**हांगझोउ।**

टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक की जीत में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत के हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल यहां टोंग्लू इक्वेस्ट्रियन सेंटर में 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को ड्रेसाज व्यक्तिगत इंटरमीडिएट स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए । केमक्सप्रो एमराल्ड पर सवारी कर रहे हृदय 73.883 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहे । 25 वर्षीय खिलाड़ी इस दौर में तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद पोडियम फिनिश के लिए अगले दौर में प्रवेश करेगा। वहीं अनुश 71.7 के साथ चौथे स्थान पर हैं। बुधवार के ड्रेसाज इवेंट के बाद दिव्याकृति सिंह 67.676 प्रतिशत के साथ क्रमशः 11वें स्थान पर रहीं। इस बीच, सुदीप्ति हजेला बाहर हो गईं। चार सदस्यीय भारतीय टीम ने चार दशकों के अंतराल के बाद ड्रेसाज प्रिक्स सेंट-जॉर्जेस में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में इतिहास रच दिया, जब सुदीप्ति, दिव्याकृति, हृदय और अनुश की चौकड़ी ने मंगलवार को टीम प्रतियोगिता जीती। सुदीप्ति (चिंस्की पर), दिव्यकृति (एड्रेनालिन फ़िरफोड), हृदय (केमक्सप्रो एमराल्ड) और अनुष (एट्रो पर) की भारतीय टीम ने 209.206 प्रतिशत अंक हासिल किए और मेजबान चीन से आगे रही, जिसने 204.882 अंक हासिल किए। यह एशियाई खेलों में टीम ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का दूसरा पदक था, जब जीतेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, गुलाम मोहम्मद खान और रघुबीर सिंह की टीम ने नई दिल्ली में 1982 के संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

## रोशिबिना फाइनल में पहुंचीं, ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय वुशू खिलाड़ी




**हांगझोउ।** भारत की रोशिबिना देवी नाओरेम ने एशियाई खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और बुधवार को जियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में वुशु प्रतियोगिता में महिलाओं के 60 किलोग्राम के फाइनल में पहुंच गईं। इसके साथ, वह जकार्ता में 2018 संस्करण में जीते गए कांस्य पदक को उसी श्रेणी में अपग्रेड करने के लिए निश्चित है, जिससे कम से कम रजत पदक सुनिश्चित हो जाएगा। रोशिबिना ने महिलाओं की 60 किग्रा स्पर्धा में वियतनाम की थी थू थू गुयेन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबला 2-2 मिनट में 2-0 से समाप्त कर दिया। रोशिबिना ने भी इतिहास रचा क्योंकि वह एशियाई खेलों में वुशु फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय बनीं। इससे पहले वांगखेम संध्यारानी देवी 2010 में ग्वांग्झू एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंची थीं। इससे पहले, क्वार्टर फाइनल में रोशिबिना ने अंकों के अंतर से कजाकिस्तान की ऐमन कार्शिगा को हराया था। वह 2019 दक्षिण एशियाई खेलों में इसी श्रेणी में स्वर्ण पदक विजेता थीं। गुरुवार को फाइनल में रोशिबिना का मुकाबला चीन की जू जियाओवेई से होगा। जू ने सेमीफाइनल में ईरान की शहरबानो सेमिरोमी के खिलाफ 2-0 से शानदार जीत हासिल की।




# आलिया भट्ट की अगली फिल्म जिगरा भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित

आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म जिगरा के साथ सिनेमाघरों में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मंगलवार को धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आलिया की आगामी फिल्म के शीर्षक की घोषणा साझा की। वासन बाला द्वारा निर्देशित, यह फिल्म फिल्म निर्माता और गुरु करण जौहर के साथ अभिनेता के आठवें सहयोग को चिह्नित करेगी। शीर्षक के साथ, निर्माताओं द्वारा फिल्म के एक मोशन पोस्टर का भी अनावरण किया गया, जो फिल्म की कहानी की ओर इशारा करता है। आलिया करण के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ फिल्म का निर्माण भी करेंगी। जिगरा सितंबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## करण जौहर ने 'अपने जिगरा की वापसी' आलिया भट्ट की घोषणा की

करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जिगरा का मोशन पोस्टर एक भावुक कैप्शन के साथ साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'मेरी जिगरा आलियाभट्ट की वापसी एक बार फिर वासनबाला द्वारा निर्देशित इस असाधारण कहानी पर। अटूट प्रेम और अटूट साहस की कहानी!'

मोशन पोस्टर से संकेत मिलता है कि जिगरा की कहानी एक बहन के अपने भाई के प्रति प्यार की कहानी है और कैसे वह अपने भाई-बहन की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वीडियो में बैकपैक के साथ शर्ट और पतलून में आलिया की एक कलाकृति दिखाई गई है। अभिनेता को नीयन रोशनी और होर्डिंग्स से घिरे सड़कों पर खड़े देखा जा सकता है। हालांकि पोस्टर में आलिया का चेहरा नहीं दिखाया गया है, लेकिन बैकग्राउंड में उनका वॉयसओवर सुना जा सकता है।

## जिगरा के बारे में

मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट अभिनीत, यह फिल्म वासन बाला के साथ पहली बार ऑनस्क्रीन सहयोग का प्रतीक है। इस फिल्म में आलिया पहली बार करण जौहर के साथ किसी प्रोडक्शन में काम करेंगी। उसी पर प्रतिक्रिया देते हुए, आलिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'धर्मा प्रोडक्शन में डेब्यू करने से लेकर अब उनके साथ एक फिल्म का निर्माण करने तक, कई मायनों में, ऐसा लगता है जैसे मैंने जहां से शुरुआत की थी, वहां से पूरा चक्कर लगा रही हूं।' जिगरा 27 सितंबर, 2024 को नाटकीय रिलीज के लिए निर्धारित है।

इस बीच, आलिया कैटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के साथ जी ले जरा में भी नजर आएंगी। अभिनेता कथित तौर पर वाईआरएफ की पहली महिला प्रधान जासूसी फिल्म में शरवरी वाघ के साथ अभिनय करेंगे।



# बतौर प्रोड्यूसर नई शुरुआत करने जा रहीं तापसी पन्नू

तापसी पन्नू पिछले काफी समय से फिल्मों से ज्यादा अपने मीडिया के साथ करने वाले व्यवहार को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें कई बार पैपराजी के संग बुरा व्यवहार करते देखा गया। कुछ समय से पैप्स ने उन्हें बायकॉट भी किया हुआ है। अब तापसी जल्द की एक्टिंग के अलावा फिल्म बनाने में भी हाथ आजमाने वाली है। तापसी पन्नू आगामी फिल्म 'धक धक' के साथ अपना प्रोडक्शन डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म में रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा, संजना सांघी और फातिमा सना शेख हैं। निर्माताओं ने एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की।

## तापसी पन्नू ने 'धक धक' की रिलीज डेट का किया ऐलान

'धक धक' की प्रमुख अभिनेत्रियों ने अपनी फिल्म की रिलीज की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपनी बाइक के साथ पोज देते हुए वे बेहद खूंखार लग रहे थे। फिल्म की कहानी चार आम महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली से खारदुंग ला तक बाइक यात्रा पर भावनाओं, रोमांच और खोज की एक असाधारण यात्रा के लिए एक साथ आती हैं। यह पता चलता है कि कैसे इस यात्रा ने उनकी नियति को हमेशा के लिए बदल दिया।

दीया मिर्जा ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार हमारा इंतजार खत्म हुआ!!! मैं आपको यह बताना भी शुरू नहीं कर सकती कि इस कहानी का हिस्सा होना कितना परिवर्तनकारी रहा है। बहुत आभारी और बहुत गौरवान्वित। आपके इसे देखने का इंतज़ार नहीं कर सकती।'

## 'धक धक' के बारे में सब कुछ

भावनाओं, रोमांच और खोज की एक असाधारण यात्रा के लिए 4 सामान्य महिलाएं एक साथ आती हैं। 'धक धक' 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बीएलएम पिक्चर्स के सहयोग से वायाकॉम18 स्टूडियोज और आउटसाइडर फिल्म्स द्वारा निर्मित, धक धक का निर्देशन तरुण डुडेजा द्वारा किया गया है और पारिजात जोशी और तरुण डुडेजा द्वारा सह-लिखित है। यह फिल्म 13 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'फुकरे 3' के सेट पर अपने पति अली फजल को याद कर रही हैं ऋचा चड्ढा

'फुकरे' फ्रेंचाइजी का हिस्सा रही अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने 'फुकरे 3' के सेट पर अपने अभिनेता-पति अली फजल को लेकर कुछ बातें साझा की। अली को कॉमेडी फिल्म में जफर के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है, लेकिन शेड्यूलिंग विवादों के कारण वह फुकरे 3' का हिस्सा नहीं बन सके। फिल्म 'फुकरे' के दौरान ऋचा और अली की प्रेम कहानी परवान चढ़ी थी। ऋचा उस समय को याद करती है जब 'फुकरे' ने उन्हें एक साथ लाने में भूमिका निभाई थी। ऋचा ने कहा, 'फुकरे' के सेट पर अली से मिलना आकस्मिक था।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'हमारी प्रेम कहानी दोस्तों के रूप में शुरू हुई, और यह फिल्म हमारी एक साथ यात्रा के रूप में हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखती है।' जैसे ही ऋचा अपने प्रतिष्ठित किरदार, भोली पंजाबन को दोहराने के लिए 'फुकरे 3' के सेट पर लौटीं, उन्हेंक अली के बिना एक खालीपन महसूस हुआ। ऋचा ने कहा, 'अली के बिना 'फुकरे 3' पर काम करना एक अनोखा अनुभव रहा है। हमने सेट पर कई अविश्वसनीय क्षण साझा किए हैं, और उनकी उपस्थिति ने हमेशा फिल्म निर्माण प्रक्रिया में खुशी की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है।' अभिनेत्री ने कहा, 'दर्शकों ने उन्हें फिल्म में पसंद किया, अब भी दर्शक अपना असंतोष व्यक्त करते हैं कि वह नई फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और मुझे यकीन है कि फ्रेंचाइजी के दर्शक उन्हें याद करेंगे।' यह फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

# इलियाना के नवजात को लेकर कद्रदानों में बढ़ा उत्साह

बर्फी अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज के प्रसवोत्तर पश्चात शिशु को लेकर कद्रदानों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। 1 अगस्त को जन्में इस संतान से पूर्व गर्भवती इलियाना सुर्खियों में थीं। हालांकि, बच्चे के पिता लेकर कभी पर खुलकर बात नहीं की गई । बहरहाल, अभिनेत्री ने कोआ फीनिक्स डोलन से पुत्र का नामकरण किया है। अपने वन मंथ ओल्ड बेबी की शेयर की गई फोटो में इलियाना ने उसके नन्हे पैर दिखाए हैं, जो मोजे से कवर किए गए हैं। ब्लैक एंड व्हाइट इस तस्वीर में एक्ट्रेस ने इमोजी डालकर भावनाएं व्यक्त की हैं। जब इलियाना ने अपने प्रेग्नेंसी की जानकारी शेयर की थी, तब इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि बच्चे का होने वाला पिता ऑस्ट्रेलियन फोटोग्राफर एनड्रीयू नीबोन है। बाद में पता लगा कि दोनों का वर्ष 2019 में ब्रेकअप हो गया था। सूत्रों के अनुसार, इलियाना ने माइकल डोलन नाम के व्यक्ति से मई में शादी की है। हालांकि,इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नही हुई है। अभिनेत्री ने बिना नाम बताए कोआ के पिता के साथ एक ब्लर फोटो शेयर की थी। इलियाना डिक्रूज को आखिरी बार सब गजब म्यूजिक वीडियो में देखा गया था। उन्होंने रैपर बादशाह के साथ गाने पर परफॉर्म किया था। फिल्म लाइन में उन्हें अभिषेक बच्चन के साथ बिग बुल में देखा गया था, जो कि साल 2021 में रिलीज हुई थी।



# भाग्यश्री को किया जा रहा जबरदस्त ट्रोल

राजश्री प्रोडक्शन की सूरज बड़जात्या के निर्देशन की पहली फिल्म मैंने प्यार किया की नायिका भाग्यश्री को सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रोल किया जा रहा है। कारण उनका नाइट सूट पहनकर डांस करना है। गौरतलब है कि 56 वर्षीय भाग्यश्री अभी उदयपुर में हिमालय के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक डांस वीडियो शेयर किया है। इसमें वह अन्य साथी डांसर्स के साथ झूमती नजर आ रही हैं। वह डांस तो अच्छा कर रही हैं, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स उनकी ड्रेस पर सवाल उठा उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने नाइट सूट पहना है। यूजर्स ने उन्हें सलाह दी कि डांस करते समय लहंगा चोली पहनना चाहिए था। उनका मानना है कि भाग्यश्री को राजस्थान का मान-सम्मान रखना चाहिए था। इससे पहले भाग्यश्री जब उदयपुर पहुंची थीं तो कयास लगाए जा रहे थे कि वह परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की शादी में शामिल होने के लिए वहां आई हैं। तब उन्होंने मीडिया को साफ किया है कि वह तो पति के साथ वेकेशन के लिए आई हैं।

बता दें कि भाग्यश्री का बेटा अभिमन्यु दासानी भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुका है। उनके एक बेटी अवंतिका दासानी भी हैं। बता दें कि राजश्री फिल्म मैंने प्यार किया की नायिका भाग्यश्री और सलमान खान को रातों रात फिल्म उद्योग को चमकता सितारा बना दिया था। इस फिल्म की सफलता के बाद भाग्यश्री को फिल्मों के कई प्रस्ताव आए लेकिन उन्होंने उन सभी प्रस्तावों को ठुकरा दिया। उनका कहना था कि वे सिर्फ हिमालय दासानी के साथ ही परदे पर काम करेंगी। हालांकि एक-दो निर्माताओं ने उनकी बात मानी पर फिल्में असफल रही। इसके बाद भाग्यश्री ने हिमालय के साथ शादी करके फिल्मों से दूरी बना ली।



# रिलीज से पहले ही फिल्म फुकरे 3 की एडवांस बुकिंग शुरू

दर्शकों का उत्साह किसी फिल्म को लेकर तब देखने को ?मिलता है, जब फिल्म रिलीज ही नहीं हुई हो और उसकी एडवांस बु?किंग शुरु हो जाए। ऐसा ही कुछ फिल्म फुकरे 3 को लेकर भी हो रहा है। इसके शो की एडवांस बुकिंग शुरु हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार आगामी ब्लॉकबस्टर फुकरे 3 के प्रशंसक आज से फिल्म को देखने के लिए अपनी सीटें बुक कर सकते हैं। फिल्म की रिलीज में बस चार दिन बचे हैं, और दर्शकों का उत्साह एक अलग लेवल पर पहुंच गया है। फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की है, जिससे प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। उन्होंने लिखा है कि ये पारिवारिक फिल्म की एडवांस बुकिंग अब शुरु हो गई है, अभी अपने टिकट बुक करें। गौरतलब है कि फुकरे सीरीज़ का बहुप्रतीक्षित तीसरा इन्सटॉलमेंट कॉमेडी, रोमांच और ड्रामा की एक रोलरकोस्टर कहानी है।

यह पूरी तरह से मनोरंजन का वादा करती है, जिसमें निराशा के लिए कोई जगह नहीं है। जैसे की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, फिल्म लवर्स अपने टिकट बुक करने के लिए रेस में शामिल हो चुके हैं, वह चांस नहीं लेना चाहते हैं कि वे फुकरे 3 के रोमांच को देखने से चूकें। एक्सेल एंटरटेनमेंट, जिसकी सह-स्थापना रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने की थी, ने समय-समय पर जेडएनएमडी, दिल चाहता है और कई अन्य जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया है।





# ताहिर का दमदार अभिनय, मौनी रॉय ने लगाई आग

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने परफॉर्मंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और अब अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने एक स्पेशल कैबरे डांस सीक्वेंस की तैयारी की है। मौनी ने एक्ट्रा रिहर्सल के लिए टाइम निकालने और अपनी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उसी के बारे में बात करते हुए, मौनी ने कहा, फ़मिलन लुथरिया सर वास्तव में बहुत सटीक हैं और वह अच्छे से जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। मुझे याद है कि मैं हमेशा उनसे पूछती थी कि हम किस गाने पर कैबरे कर रहे हैं। और उन्होंने हमेशा कहा कि यह एक ऑरिजनल गाना होगा और शानदार होगा।'